e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 34
मंगलवार
04.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जीवन हमेशा अपने सबसे अच्छे रूप में आने से पहले किसी संकट का इंतजार करता है!

## बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में हुआ जोरदार हंगामा

# सदन की कार्यवाही चलने दें : ओम बिरला

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में नारेबाजी करने वाले विपक्षी दलों के सांसदों से कहा कि यदि जनता ने उन्हें नारे लगाने के लिए भेजा है जो यही काम करें या फिर कार्यवाही चलने दें।दरअसल, बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बजट सत्र के तीसरे दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वे महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में नारेबाजी करने वाले विपक्षी दलों के सांसदों से कहा कि यदि जनता ने उन्हें नारे लगाने के लिए भेजा है जो यही काम करें या फिर कार्यवाही चलने दें।दरअसल, बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा,इस विषय का उल्लेख राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में किया था। आप लोग अभिभाषण पर चर्चा के दौरान यह विषय रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है, जिसमें सरकार की जवाबदेही तय की जा सकती है। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्य जब आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे तो बिरला ने कहा,आपको जनता ने मेज तोड़ने के लिए नहीं भेजा है। प्रश्न पूछने के लिए भेजा है। अगर इसीलिए भेजा है तो जोर-जोर से मारिए।उन्होंने कहा, अगर आपको देश की जनता ने नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही काम करिए। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए।

### राहुल ने ईसीआई से मांगा वोटर लिस्ट का डेटा



राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नतीजों का जिक्र करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक जीता, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर नए वोटर लिस्ट में जोड़े गए. लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 70 लाख नए वोटर जोड़े गए. महाराष्ट्र में जितने पांच साल में ऐड हुए, उससे ज्यादा आखिरी पांच महीने में जोड़े गए. शिर्डी की एक बिल्डिंग में सात हजार नए वोटर ऐड हुए है. मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं. सिर्फ ये कह रहा हूं कि कुछ ना कुछ दिक्कत है. हमने चुनाव आयोग से लोकसभा की वोटर लिस्ट, नाम और पता देने की मांग की. नए वोटर अधिकतर उन विधानसभा सीटों पर जोड़े गए थे, जहां बीजेपी का सफाया हो गया था. ये डेटा हमारे पास है. चुनाव आयुक्त का चयन प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश की कमेटी को करना था. मुख्य न्यायाधीश को क्यों हटाया गया.

### मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बताने का आरोप

विपक्षी दलों के सदस्यों ने 'प्रधानमंत्री जवाब दो' और 'शेम शेम' के नारे लगाए। बता दें कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का आरोप है कि सरकार ने इस घटना में मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बताया। इससे पहले संसद के निचले और ऊपरी दोनों सदन में ही जमकर हंगामा हुआ। इस बजह से बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही बाधित हुई। विपक्षी सांसद महाकुंभ भगदड़ की घटना समेत कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे थे। राज्यसभा में दूसरे दिन की कार्यवाही भी शुरू हुई तो विपक्षी दलों के सभी सांसद राज्यसभा से बाहर चले गए। बजट सत्र का पहला भाग 13 फरवरी तक जारी रहेगा और दोनों सदन 4 अप्रैल को सत्र के समापन के साथ अवकाश के बाद 10 मार्च को फिर से मिलेंगे।



# महिलाओं को सशक्त बना रही सरकार : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के विगत कार्यकाल में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत गांव-गांव और पंचायत-पंचायत में लगे शिविरों में लाखों की संख्या में लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन दिए और उसका त्वरित निष्पादन भी हुआ।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से खिजुरिया स्थित आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि यह अबुआ सरकार है। आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में एकबार पुनः मजबूत सरकार का गठन हुआ है। आपकी समस्याओं का निराकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के विगत कार्यकाल में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत गांव-गांव और पंचायत-पंचायत में लगे शिविरों में लाखों की संख्या में लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन दिए और उसका त्वरित निष्पादन भी हुआ। अधिकारियों ने आपके घर के दरवाजे पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुना और उसका समाधान किया। वर्तमान समय में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जो भी वादे किए, उन सभी वादों को पूरा करते हुए, राज्य को सकारात्मक दिशा की ओर ले जाने का काम कार्य हो रहा है।

## क्विक न्यूज

### मां शारदे के गीतों से गुंजायमान रहा शहर

**अररिया :** जिले में विभिन्न स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूमधाम से की जा रही है।स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के अलावा विभिन्न पूजा समितियों की ओर से पंडाल का निर्माण कर मां शारदे की प्रतिमा स्थापित की गई है।सरस्वती पूजा को लेकर पूरा शहर मां शारदे के गीतों से गुंजायमान है।स्कूली बच्चों में पूजा को लेकर विशेष चहल पहल देखी जा रही है।सुबह से ही बच्चों का समूह मां प्रतिमा की पूजा अर्चना की लिए नए परिधानों को धारण कर पूजा अर्चना में जुटे हैं। इस बार सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति है।डीजे बजाने को लेकर प्रशासनिक सख्ती के कारण पूजा पंडालों में डीजे नहीं बजाया जा रहा है।वहीं लंबे असें के बाद सरस्वती पूजा के लिए प्रशासन की ओर से लाइसेंस को अनिवार्य किया गया है।

### प्रियंका गांधी ने कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताने की अपील की

**नई दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को एक्स हैंडल पर वीडियो साझा कर तिमारपुर और बदरपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार लोकेंद्र सिंह और अर्जुन भड़ाना को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ये उम्मीदवार नौजवान हैं, इनका हाथ मजबूत करके अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। इसके अलावा, प्रियंका गांधी ने आज जंगपुरा में कांग्रेस उम्मीदवार फरहद सूरी के समर्थन में घर-घर जाकर प्रचार किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से ऊब चुकी है और अब वह सिर्फ विकास की राजनीति को अपना समर्थन दे रही है। प्रचार के दौरान प्रियंका ने स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए काम करने वाले उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की। उन्होंने आआपा और भाजपा के बड़े विज्ञापनों को लेकर लोगों को सावधान किया। इसका वीडियो भी प्रियंका गांधी ने एक्स पर साझा किया।

### राष्ट्र-गीत और राष्ट्र-गान का हुआ सामूहिक गायन

**भोपाल :** फरवरी माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को राजधानी भोपाल स्थित मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदेमातरम गायन में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, राज्य मंत्री लखन सिंह पटेल, मुख्य सचिव, अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी, अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में हर माह के पहले कार्यदिवस के मौके पर मंत्रालय समेत सभी जिला मुख्यालय स्थित सरकारी दफ्तरों में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन होता है।

### मिल्कीपुर उपचुनाव होने जा रहा जनता बनाम प्रशासन अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव प्रचार के अंतिम दिन मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के पक्ष में प्रचार करने उतरें। इस दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव नहीं है, चुनौती है। यह उपचुनाव जनता बनाम प्रशासन होने जा रहा है।सोमवार को अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने कहा, महाकुम्भ में हम लोगों ने सौ करोड़ लोगों के आने का इंतजाम किया है। करोड़ों की बात करते रहे और अब मौत के सही आकड़े नहीं बता पा रहे हैं। लोकसभा चुनाव का परिणाम याद कर भाजपा वालों को नींद नहीं आती है।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 13° |

# केजरीवाल ने कोई वादा पूरा नहीं किया : अमित शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आम आदमी पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री का कहा अमित शाह ने कि 10 वर्षों तक केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को भ्रष्टाचार, कूड़ा-कचरा, जहरीला पानी, तुष्टिकरण और धोखा ही दिया है। शाह ने कहा, कनेक्टिविटी के नाम पर ऐसी सड़कें दीं कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, ये पता ही नहीं चलता। पाइप के माध्यम से ये प्रदूषित पानी भेजने का काम कर रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर 65,000 फर्जी टेस्ट कराने का घोटाला इन्होंने किया। बारिश में विजवासन तो छोड़िए, बल्कि आधी दिल्ली तालाब बन जाती है। केजरीवाल ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया, इसलिए आज आप के 50त्र से ज्यादा विधायक इन्हें छोड़ चुके हैं। केजरीवाल जी, आपके यहां ये भगदड़ क्यों मची है? गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,आज मैं नई दिल्ली वालों की ओर से आपको बताने आया हूं कि वहां केजरीवाल स्वयं चुनाव हार रहे हैं। दिल्ली की जनता इस झूठे व्यक्ति को जान गई है। अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान केजरीवाल कहा था कि हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम गाड़ी नहीं लेंगे, लेकिन गाड़ी ली, इन्होंने कहा था कि सिक्योरिटी नहीं लेंगे, लेकिन सिक्योरिटी ली, इन्होंने कहा था कि बंगला नहीं लेंगे, लेकिन इन्होंने अपने लिए 52 करोड़ रुपये का 50 हजार गज का शीश महल बना लिया।

# सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गईं कुछ असंसदीय, अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से सर्वोच्च पद की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से भारत की राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय शब्दों के प्रयोग के माध्यम से संसदीय विशेषाधिकार, नैतिकता और औचित्य के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया है। इसके साथ ही भाजपा सांसदों ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गई कुछ असंसदीय, अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं। सोनिया गांधी की राष्ट्रपति के खिलाफ टिप्पणी पर गंभीरता से विचार करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जरूरत है। भाजपा सांसदों पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा,इस देश के आदिवासी सांसदों ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष अपना ज्ञापन सौंपा है। लोकसभा में पप्पू यादव ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को प्रेम पत्र कहा। हमारे आदिवासी सांसदों ने इस पर बहुत कड़ी आपत्ति जताई और अध्यक्ष को शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बाद में राज्यसभा के सभापति को एक पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के लिए बेचारी महिला और थकी हुई जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। राज्यसभा के सभापति ने धैर्यपूर्वक सुना और अपनी टिप्पणी दी। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया।

# दिल्ली चुनाव में तैनात रहेंगे 30 हजार पुलिसकर्मी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शहर में अर्धसैनिक बलों की 150 से अधिक कंपनियां और 30,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्पेशल सीपी (अपराध) और चुनाव सेल के प्रभारी देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय राजधानी में 5 फरवरी के चुनावों की तैयारियों की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने कहा,दिल्ली पुलिस कर्मी स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चुनाव पूर्व व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है।उन्होंने आगे बताया कि नियमित नकदी जब्ती के साथ-साथ ड्रग्स और शराब की रिकॉर्ड जब्ती हुई है। लगभग 3,000 मतदान केंद्रों की पहचान संवेदनशील के रूप में की गई है और इनमें से कुछ स्थानों पर ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। स्पेशल सीपी ने कहा,संवेदनशील बूथों के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी और शांति, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को भी तैनात किया जाएगा। जनवरी में, दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ एक अंतर-राज्य समन्वय बैठक की थी। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने कहा,कानून और व्यवस्था बनाए रखने के अलावा, हम अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहल भी लागू कर रहे हैं।




## ई-श्रम पोर्टल पर 2024 में हुआ 1.23 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ई-श्रम पोर्टल पर 2024 में 1.23 करोड़ से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया गया जबकि औसतन प्रतिदिन 33,700 ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों ने पंजीकरण कराया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।राज्य मंत्री करंदलाजे ने लोकसभा में बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक 1.23 करोड़ से ज्यादा श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जबकि प्रतिदिन औसतन 33,700 श्रमिकों ने श्रम पोर्टल पर अपना नामांकन कराया है। उन्होंने सदन को बताया कि इस वर्ष 28 जनवरी तक सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए 30.58 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है।राज्य मंत्री ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल की पहुंच बढ़ाने के लिए श्रम और रोजगार मंत्रालय ने भाषिणी प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए 7 जनवरी, 2025 को ई-श्रम पोर्टल को बहुभाषी बनाने की शुरुआत की।

असर्फी कैंसर संस्थान
हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब धनबाद में
Comprehensive Cancer care Hospital
Scope Of Services
● Medical Oncology ● PET SCAN
● Surgical Oncology ● Mammography
● Radiation Oncology ● Onco. & Histo. Pathology
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# विधायक के हस्तक्षेप से रेलवे क्रॉसिंग बंद करने के निर्णय से पीछे हटा रेल प्रशासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा व पब्लिक के विरोध को देखते हुए रेल प्रशासन को नगर उंटारी-भवनाथपुर मेन रोड पर स्थित रेलवे गेट नंबर 36को बंद करने संबंधी अपने निर्णय से पीछे हटना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को रेलवे के आईडब्लू सत्यनारायण यादव जेसीबी मशीन व तकनीकी टीम के साथ गेट नंबर 36 स्पेशल टी को बंद करने नगर ऊंटारी पहुंचे थे। गेट बंद किये जाने और आधा अधूरा तालाबनुमा एलएचएस चालू करने की भनक मिलते ही गेट पर पब्लिक जुट गई। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता जमा हो गये और गेट को बंद किए जाने का विरोध करने लगे। वहीं से लोगों ने स्थानीय विधायक को गेट बंद होने और तालाबनुमा एलएचएस में आवागमन के दौरान पब्लिक को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया और उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। लगभग 12 बजे दिन में विधायक अनंत प्रताप देव भी गेट पर पहुंचे और उन्होंने आईडब्लू से एलएचएस में जलजमाव के कारण आवागमन खासकर पैदल यात्रियों को होने वाली परेशानियों के विषय में पूछा। आईडब्लू से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर श्री देव ने फोन पर डीआरएम धनबाद से बात किया। उन्होंने डीआरएम से कहा कि अंडरपास में दो से तीन फीट पानी लगा हुआ है। ऐसे में उसमें लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। चार चक्का एवं बाईक वाले तो आवागमन कर लेंगे लेकिन पैदल चलने वाले लोगों को काफी कठिनाई होगी। ऐसी स्थिति में रेलवे फाटक को बंद करना अव्यवहारिक है। उन्होंने डीआरएम से एलएचएस का निर्माण कार्य पूर्ण होने और आवागमन सुलभ होने की फुलप्रूफ व्यवस्था होने के बाद ही गेट को बंद करने को कहा। डीआरएम ने विधायक को सकारात्मक जवाब दिया और गेट को चालू रखने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया।उधर डीआरएम के निर्देश के आलोक में एईएन रेणुकूट ने आईडब्लू को गेट बंद नहीं करने का निर्देश दिया। जिसके बाद आईडब्लू ने गेट को बंद किए जाने सबंधी काम को बंद करा दिया।बताते चले कि नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के पश्चिम में स्थित रेलवे गेट नंबर 36 स्पेशल टी के निकट एलएचएस का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। अभी कई काम होने बाकी हैं, उक्त एलएचएएस का उदघाटन भी नहीं हुआ है। इसे रेलवे के उच्च अधिकारी भी मानते हैं। फिर भी रेलवे के तकनीकी अधिकारी गेट को बंद कर आधा अधूरा एलएचएस को चालू करने की जल्दबाजी में हैं।गेट को बंद कर अर्द्धनिर्मित एलएचएस को चालू किए जाने की कसरत कवायद से लोगों में रेलवे के प्रति रोष व्याप्त है। टेक्निकल एक्सपर्ट के मुताबिक एलएचएस के निर्माण में कई खामियां भी हैं। जिसकी जांच होने पर जिम्मेदार अधिकारी नप सकते हैं। बताया जा रहा है कि खामियां उजागर न हो इसलिए तकनीकी अधिकारी बिना उदघाटन हुये आनन फानन में अर्द्धनिर्मित एलएचएस को चालू करने की फिराक में हैं। रेल विभाग के अधिकारी भी मानते हैं कि एलएचएस निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। अभी कई काम बाकी है। ड्रेनेज का काम कंप्लीट नहीं होने के कारण एलएचएस में अभी भी पानी जमा जा रहा है। ड्रेनेज फैसिलिटी के लिए संप (कूप) और एलएचएस के उपर में कवरिंग के लिए शेड का निर्माण कार्य किया जाना बाकी है। एलएचएस निर्माण लंबे समय से चल रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण करने की समयावधि फरवरी 25 तक निर्धारित है। जो काम शेष है वह 25 दिन में संभव नहीं है, इसलिए इसलिए आनन फानन में इसे चालू करने की योजना है। चालू होने के बाद कछुए की चाल से काम जारी रखने की मंशा है।जब कि विधायक अनंत प्रताप देव ने गेट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्हें सूचना मिली कि रेलवे फाटक को बंद करने का काम शुरू किया जा रहा है लोगों को आवागमन में बहुत परेशानी हो रही है।

## पंचायत समिति व ओपी प्रभारी ने किया पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत देवरी कला पंचायत में देवरी मेन रोड से बिगन राम के घर तक 15वें वित्त आयोग द्वारा बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह व देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य श्री सिंह ने कहा कि देवरी मेन रोड से विगन राम के घर तक मार्ग की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी तथा ग्रामीणों की काफी दिनों से मांग थी की मार्ग का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण हो जाने से यह के आम जनता को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने संवेदक से गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जा रहा है। इस अवसर पर सीताराम मेहता, संतोष मेहता, अक्षय सिंह, मनीष सिंह, राजू ठाकुर समेत दर्जनों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## जीप सदस्य ने ग्लोबल पब्लिक स्कूल का फीता काटकर किया उद्घाटन

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय से महज 12 किमी की दूरी पर बसंत ऋतु के आगमन सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर सरईडीह यज्ञशाला के समीप ग्लोबल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन जीप सदस्य सुदामा पासवान, पूर्व जीप सदस्य प्रत्याशी उपकार रवि, बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद के अलावा पत्रकार विश्वप्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उक्त मौके पर पूर्व जीप सदस्य उपकार रवि ने कहा कि अति सुदूरवर्ती इलाके में शिक्षण संस्थान की व्यवस्था मुहैया कराना एक पुनीत कार्य है और बच्चों की बेहतर शिक्षा मिल सकता है। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मौजूद जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पीयेगा वही दहाड़ेगा। उक्त मौक़े पर ग्लोबल पब्लिक स्कूल के संचालक नितीश कुमार, प्रिंसिपल सुधीर कुमार यादव-कृष्णा पासवान व सभी शिक्षकों से आग्रह किया है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की जरूरत है। मौके पर शंकर पासवान, ओम प्रकाश चौरसिया, दीपक कुमार, कमता कुमार के अलावा काफी संख्या छात्र-छात्राओं मौजूद थे।

## जन जागृति मंच का अध्यक्ष बनें अजय

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत विशुनपुर गाँव के टोला इमलियाटांड में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने के लिए जन जागृति मंच का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष समाज सेवी अजय कुमार, सचिव वीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष शशिकांत कुमार को बनाया गया। इसके अलावा जन जागृत मंच के संरक्षक रामनन्दन राम शिक्षक, रामधार राम, गिरिजा राम, रामाश्रय राम, डोमन राम, सुदामा राम, मनदीप राम को बनाया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से संत शिरोमणि रविदास मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ उक्त कार्यक्रम के मौक़े पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित करने का निर्णय प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में अरुण कुमार, राहुल कुमार, धीरेन्द्र कुमार, राजेंद्र कुमार, पंकज कुमार, सरोज कुमार, चन्दन कुमार के अलावा धर्मेंद्र कुमार, दीपन कुमार, प्रिन्स कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## जपला में संस्कार प्ले एण्ड पब्लिक स्कूल खुला

# बुनियादी व नर्सरी शिक्षा पौधा के समान होते हैं इसे बेहतर सींचना ही शिक्षा का उद्देश्य हैं : डॉ. विनय कुमार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर जपला छतरपुर मुख्य सड़क ऊपरी कला मोड़ पर संस्कार प्ले एण्ड पब्लिक स्कूल खोला गया जिसका उद्घाटन न्यू वनांचल अस्पताल के डॉक्टर विनय कुमार, डॉ पूनम कुमारी, यूएमएस ऊपरी के प्रधानाध्यापक उमेश चन्द्र कुमार, नागेंद्र सिंह, जनेश्वर प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन किया, मौके पर डॉ विनय कुमार स्कूल में शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सरी स्कूल एक संरचित वातावरण प्रदान करता है जहाँ बच्चे साथियों और वयस्कों के साथ बातचीत करना सीखते हैं। वे साझा करने, सहयोग और सहानुभूति जैसे आवश्यक सामाजिक कौशल विकसित करते हैं। वे बिल्कुल उन पौधों की तरह होते है जिन्हें बागवानी के तैयार की जाती हैं शिक्षा का यही उद्देश्य भी हैं वही डॉ पूनम कुमारी ने कही नर्सरी स्कूल की शिक्षा बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ये शुरुआती वर्ष बच्चे के समग्र विकास के लिए आधार प्रदान करते हैं। यह संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक क्षमताएँ सिखाता है। नर्सरी स्कूल एक प्रेमपूर्ण वातावरण प्रदान करते हैं जहाँ बच्चे खेल, खोज और बातचीत के माध्यम से सीख सकते हैं।मौके पर स्कूल के निदेशक विकास कुमार ने बताया यह स्कूल अन्य स्कूलों के अपेक्षा सरल व साधारण व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दृष्टिकोण से खोला गया हैं जिसमे हिन्दी अंग्रेजी, संस्कार,चरित्रनिर्माण बच्चों के खेल खेल में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वरा बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था की गई, जो सीबीएसई के पैटर्न पर पढ़ाया जाएगा। मौके पर स्कूल के प्राचार्य सोनू कुमार, अजित कुमार, विकास कुमार रवि, गीता कुमारी, सुम्मा प्रवीण, आफरीन खातून पिंटू मौर्या, रानी परवीन, दीना कुमार आदि सैकड़ो के संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

# रेहला में आकर्षण का केंद्र रहा संत पॉल का डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक पूजा पंडाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला स्थित संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक पूजा पंडाल व मां सरस्वती की प्रतिमा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहा.पूजा पंडाल व प्रतिमा को देखने के लिये स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर से भी लोग आये हुये थे. स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले ने बताया कि पूजा पंडाल व प्रतिमा के निर्माण हेतु बाहर से कारीगर बुलाया गया था. पंडाल व प्रतिमा निर्माण में 15 दिन से भी ज्यादा का समय लगा है. उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन सरस्वती पूजा को हर वर्ष और भव्यताम बनाने का प्रयास करता है. इसके लिए एक माह पूर्व से से तैयारी शुरू कर दी जाती है. उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम छः बजे से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है.प्रतिमा विसर्जन बुधवार को किया जायेगा. पूजा के सफल संचालन में प्राचार्य मोनिका एक्का, नूतन कुजूर संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा रोमिता, फिलिसिया तिर्की, मनीष गुप्ता, संजय कुजूर, अल्बीना एक्का, इबरार अंसारी, प्रतिमा कुमारी, भूषण मिंज, गौतम कुमार, पूनम खलखो, नितेश मिश्रा, आबिद अंसारी, नेहा तिर्की, प्रियांजली शुक्ला एवं विद्यालय के बच्चों का अहम योगदान रहा।

# भंडार में हुआ मां सरस्वती की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पलामू जिले के बिश्रामपुर प्रखंड स्थित Nh39 किनारे संचालित होने वाली आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने सरस्वती पूजा के अवसर पर, विद्या की देवी कहे जाने वाली मां सरस्वती की प्रतिमा को नमन करते हुए पूजा अर्चना की। बताते चलें यह विद्यालय विगत तीस वर्ष पहले स्कूल चेयरमैन धनंजय पांडे के द्वारा विद्यालय की स्थापना की गई थी, विद्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उचित शिक्षा मिलना तब से आज तक यह विद्यालय अपनी पहचान बना रखी है। श्री पांडे ने बताया समय-समय पर स्कूली बच्चों के लिए शिक्षा देते हुए हर तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन विद्यालय परिवार की ओर से कराई जाती है।

# मानवता का परिचय, पुलिस ने खोई हुई बच्ची को परिजनों से मिलवाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के कचहरी परिशर में रविवार को अपने माता पिता से बिछड़ी एक छोटी बच्ची शहर थाना की पुलिस को मिली।खोई हुई बच्ची को शहर थाना में लाकर बिल्कुल सुरक्षित रखा गया।बच्ची रोए ना इसके लिए पुलिस कर्मियों ने बच्ची को खाने पीने की वस्तु दी। इसके बाद शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के निर्देश पर एसआई स्वाति गुप्ता ने बच्ची के परिजनों का पता लगाने में जुट गई। काफी खोजबीन के बाद एसआई स्वाति गुप्ता के नेतृत्व में गुमशुदा बच्ची के माता-पिता का पता लगाया गया।जिसके बाद रविवार की शाम स्वाति गुप्ता ने गुमशुदा बच्ची को सकुशल परिजनों को सौंप दिया है।बच्ची के मिल जाने के बाद से माता-पिता व परिजन काफी खुश है। बच्ची के माता-पिता ने पलामू पुलिस को धन्यवाद दिया है।

# समता स्कूल में सरस्वती पूजा धूम धाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में मां सरस्वती जी का पूजन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूजा अर्चना के समय विद्यालय के सभी बच्चों ने हर्सोल्लास के साथ भाग लिया। वही सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों के उत्साह को बढ़ाया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर बच्चों को घर भेजा गया। इसके पश्चात संध्या समय में महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, राहुल गुप्ता, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, मुकेश कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका, विमला कुंवर, एवं सैकड़ो छात्र-छात्राओं भी उपस्थित थे।

## अफीम की खेती को नौड़ीहा बाजार पुलिस ने किया नष्ट



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र में लगातार पोस्ता की खेती बड़े पैमाने पर उगाई जा रही है । पोस्ता की खेती करनें वाले पुलिस को चकमा दे रहें है और नौड़ीहा बाजार पुलिस ने लगातार छापमारी अभियान कर रहें है। गुप्त सूचना के नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के खैरादोहर बारखाड,गुवादाग में लगभग 7 एकड़ वन विभाग के जमीन पर बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती उगाई जानें की खबर थी। तत्काल थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में टीम गठित कर नेतृत्व में ट्रेक्टर से खेती की नष्ट किया कर आगे की करवाई किया जा रहा है। छापमारी दल ने सरईडीह पिकेट प्रभारी अजय राय समेत सस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# खेल में हार जीत लगी रहती है : भरदुल सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** खेल में हार जीत लगी रहती है पर हार हमें एक नई सीख देती है । हार जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है। यह बातें शिक्षक सह समाज सेवी भरदुल कुमार सिंह ने कही। वे रविवार को पोलपोल कला पंचायत के दुबा में आयोजित मेदिनीराय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।फाइनल मुकाबला पोलपोल व दूबा टीम के बीच खेला गया। उन्होंने अपने हाथों दोनों टीम को कप प्रदान किया। व खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि हार से हताश होने की जरूरत नही है।क्योंकि हार ही जीत का राह दिखाती है।इस मौके पर अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि खेल से तन व मन दोनों स्वस्थ रहता है। खेल से हमारे मानसिक, शारिरिक, व बौद्धिक विकास होता हैं।उन्होंने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ी भी अच्छे कर सकते हैं ।पर संसाधन के अभाव उनके समक्ष एक चुनौती हैं। हमे ग्रामीण खिलाड़ी को भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है।इस मौके पर बारी पंचायत के पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह ने कहा कि खेल में अनुशासन का होना जरूरी हैं।उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए।खेल में हार जीत लगा रहता है।उन्होंने कहा कि यहाँ के खिलाड़ी काफी मेहनती हैं।दोनो टीम के खिलाड़ी काफी मेहनत किये हैं।उन्होंने कहा कि क्रिकेट के प्रति लोगो का दीवानगी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में अनुशासन देखने को मिला।साथ ही अंपायर की भूमिका भी सराहनीय रहा।इस मौके पर पोलपोल व दूबा टीम के बीच 10,10 ओवर का फाइनल मैच खेला गया। दूबा के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया।दूबा के टीम ने 10 ओवर में 94 रन बनाए।व पोलपोल के टीम को जीतने के लिए 95 रन का लक्ष्य रखा। पोलपोल के टीम ने पाँच ओवर चार गेंद में 95 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।पोलपोल टीम के कप्तान शुभम सिंह ने 65 रन बनाए अनिकेत ने 17 रन अभिषेक दो रन व सोनू ने छह रन बनाए।मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज शुभम सिंह को दिया गया। इस मौके पर राम राज सिंह ,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जिलेभर में धूमधाम से श्रद्धालुओं ने की विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना परिषर में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पूरी श्रद्धा के साथ की गई।बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर लोगो में जबरदस्त उत्साह देखा गया।शहर थाना शिव मंदिर के पुजारी रमेश पाठक ने कहा कि इस बसंत ऋतु को आध्यात्म के साथ-साथ सेहत के दृष्टि से भी काफी अच्छा माना जाता है. इस ऋतु के आगमन के साथ ही इंसानों के साथ-साथ पशु पक्षी में एक नयी चेतना का संचार होता है. बागों में कोयल की गूंज सुनाई देने लगती है।उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां सरस्वती का जन्म इसी दिन हुआ था। इसलिए इस दिन हम लोग इसे सरस्वती पूजा के रूप में भी मनाते हैं।मौके पर मौके पर निधि कुमारी, नीतीश कुमार, पंकज यादव, अमरजीत कुमार,अजय साव,रवि कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।वही पलामू जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। इसे लेकर बच्चो व युवाओं में खुशी व हर्ष का माहौल दिखा। शहर के शैक्षणिक संस्थानों व मोहल्लों के बच्चों ने मां विद्यादायिनी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। पूजा के बाद पुरोहितों ने मां के विभिन्न रूपों के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। बताया कि हिन्दू धर्म की प्रमुख देवियों में से एक मां सरस्वती हैं। ब्रह्मा की मानसपुत्री मां सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री देवी मानी गई हैं। उन्हें कई नामों से जाना जाता है। इसमें वीणा व पाणि, मां शारदे, बागेश्वरी आदि के नाम से जानी जाती हैं। माघ शुक्ल पंचमी को इनकी पूजा होती है। इस दिन विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में वसंत पंचमी को सरस्वती का जन्म दिन समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। शिक्षा की गरिमा व बौद्धिक विकास की जरूरत जन-जन को समझाने के लिए सरस्वती पूजा की परंपरा है। पूजा के बाद मां की आरती उतारी गई।इस अवसर पर माता के दर्शन व प्रसाद ग्रहण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरस्वती पूजा धूमधाम से की गयी।मंगलवार और बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जित की जाएगा।वही मां शारदे कहां तू वीणा बजा रही हो से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।पंडित छोटन तिवारी ने बताया की सरस्वती पूजा के दिन छोटे बच्चों को खल्ली छूने की परंपरा से उसके पढ़ाई-लिखाई की शुरुआत कराने का विधान भी काफी संख्या में अभिभावकों की ओर से अपने बच्चों के लिए किया जाता है।उन्होंने बताया कि वसंत पंचमी तिथि को अबूझ मूहर्त माना जाता है। मतलब इस दिन बिना किसी मुहूर्त के मुंडन संस्कार, गृह प्रवेश, भवन निर्माण का नींव डालना, जमीन व वाहन आदि की खरीदारी की जा सकती है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# माँ सरस्वती की पूजा मनाया गया धूम धाम से

**संक्षिप्त खबरें**

## आर्मी पब्लिक स्कूल में सफाई कर्मी के विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल में एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सफाई कर्मचारी रामेश्वर साहू को सम्मानित किया गया। रामेश्वर साहू ने पूरे 30 वर्षों तक स्कूल की सेवा की और अपनी मेहनत व समर्पण से सभी का दिल जीत लिया।समारोह में स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा, रामेश्वर जी हमारे स्कूल का एक अहम हिस्सा रहे हैं। उनकी मेहनत और ईमानदारी को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रिंसिपल अभय कुमार सिंह तथा शिक्षकों ने उन्हें उपहार और शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें सम्मान पत्र, शॉल ? और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। रामेश्वर साहू ने इस मौके पर भावुक होकर कहा, यह स्कूल मेरा दूसरा घर रहा है। यहाँ के सभी लोग मेरे परिवार जैसे हैं, और मैं इन पलों को हमेशा याद रखूँगा। समारोह के अंत में उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी गई।

## एसएसपी ने लंबित केस को निष्पादन करने का दिया निर्देश

**रांची** : पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह- वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा के द्वारा नामकुम थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें थाना प्रभारी तथा पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया = लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया।लंबित वारंट एवं कुर्की का निष्पादन अविलंब करेंगे।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सरस्वती मां हैं शिक्षा की देवी सरस्वती मां को साहित्य, संगीत और कला की देवी के रूप में पूजा जाता है। उनके भीतर विचार, भावना और संवेदना का अद्भुत समन्वय विद्यमान है। वीणा संगीत का प्रतीक है, पुस्तक विचार का और हंस कला की अभिव्यक्ति का। जनसामान्य के अनुसार, सरस्वती को शिक्षा की देवी माना जाता है। इस मौके पर रांची शहर के हर गली मुहल्ले में माँ सरस्वती की पूजाधूम धाम के साथ मनाई गई । खासकर स्कूल, कालेज, शिक्षा संस्थानों में और संगीत व नृत्य संस्थानों में भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। रांची शहर के प्रतिष्ठित नृत्य संस्थान पाजेब में भी पूजा की गई। सुंदर सा माँ की प्रतिमा स्थापित किया गया और नृत्य , संगीत आदि से जुड़े कलाकारों ने पूजा की प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर पाजेब संस्थान के संस्थापक सह निदेशक दीपक सिन्हा ने बताया कि यहाँ हर साल माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाता है। वहीं बगल में बड़ा तालाब है वहाँ श्रद्धा पूर्वक विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर संस्थान के सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं विशेष रूप से शामिल होते हैं।



## मूर्ति विसर्जन की पूरी जिम्मेवारी पूजा समिति के लोगों पर है : सिटी एसपी


रांची। मां सरस्वती की पूजा पूरे शहर में धूमधाम के साथ मनाई गई । वहीं चार और पांच फरवरी को विसर्जन करने की तैयारी की गई है। इस संबंध में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पूरे शहर में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम के साथ मनाई जा रही है । शांतिपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है । सभी पूजा समितियां, शांति समिति के साथ बैठक की गई है । सभी को सख्त निर्देश दिया गया है कि 10ः00 बजे के बाद किसी भी तरह का साउंड नहीं बजेगा, अगर कोई बाजा बजाता है तो उस कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि हाई कोर्ट का सख्त आदेश है 10ः00 बजे रात के बाद साउंड नहीं बजाना है। इसके अलावा विसर्जन के दिन जो भी पंडाल में मूर्ति स्थापित की गई है, उस पूजा समिति को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह अपने साथ समय पर विसर्जन के लिए निकलेंगे। सड़क को जाम नहीं करेंगे, एक साइड लाइन बनाकर वह अपने निर्धारित मार्ग से विसर्जन स्थल तक जाएंगे । साथ ही विसर्जन के दौरान जो भीड़ होती है उसे भीड़ में कोई उपद्रव नहीं करेगा और ना ही नशा का सेवन कोई करके भीड़ में शामिल होगा । अगर कोई नशा में पाया गया तो उसे पर तो सख्त कार्रवाई होगी, साथ ही पूजा समिति के सदस्यों पर भी पदाधिकारी पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। विसर्जन का पूरा जिम्मा पूजा समिति के सदस्यों को दिया गया है । पुलिस प्रशासन सहयोग करेगी , पुलिस प्रशासन स्पष्ट कह दिया कि शांतिपूर्ण तरीके से पर्व त्यौहार मनाए और शांतिपूर्वक तरीके से इसे संपन्न करायें।

## बसंत पंचमी का प्रसिद्ध एवं सर्वमान्य पर्व पर भगवान का महाभिषेक हुआ

रांची : दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में 03 फरवरी सोमवार को वाणी पूजन - वसंतोत्सव के उपलक्ष्य पर सुश्राव्य वेदध्वनियों से सब प्रकार के अनुग्रह - निग्रह करनेवाले सनातन परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का विश्वरूपदर्शन, सुप्रभातम् , वेंकटेश प्रपत्ति और मंगलाशासनम् के बाद पांचरात्र आगम विधि से दीप, तुलसी दल और फूलों से समाकीर्ण दिव्य सुगंधित युक्त तथा धूप से सौरभ तिरूवाराधना की गयी। फिर कृपातरंग- मन्दहास्ययुक्त मुखवाले भगवान् का दूध, दही, हल्दीचूर्ण ,सुगंधित चंदन, शहद, गंगाजल आदि औषधिये पदार्थो से क्रमवद्ध तरिके से महाभिषेक हुआ। इसके उपरान्त भगवान के चारों व्यूह , श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी, चक्रराज सुदर्शन ,भगवान के वाहन गरुड़जी, और भगवान के द्वारपाल जय और विजय सभी विग्रहों को दिव्य रेशमी वस्त्रों से आवृत करके सुंदर आभूषणों के समुदाय से अलंकार हुआ। फिर सुवासित पुष्पराशियों से भव्य श्रृंगार निवेदन करके 27 नक्षत्रसमूह की वाती , कुंभवाती और कर्पूर से वारी- वारी महाआरती की गयी।

फिर भगवान को केसरिया पोंगल , फुल्हेरा चावल , फल और मेवे का बाल भोग लगा । तदन्तर स्तोत्रमाला से स्तवन हुआ। फिर सकल विद्याओं के दाता भगवान हयग्रीव की स्तुति और सरस्वती ध्यानम् , सरस्वती मंत्र एवं सरस्वती कवच का पाठ हुआ । आज के महाभिषेक के यजमान श्री राजेश सुल्तानिया पत्नी रेखा सुल्तानिया रांची निवासी हुये । अर्चक श्री गोपेश आचार्य और नारायण दास जी ने मिलकर दिनभर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया ।

## तिरुपति अपार्टमेंट में सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



रांची : कांके रोड स्थित तिरुपति अपार्टमेंट में मां सरस्वती पूजा का उत्सव बड़े ही उमंग एवं आस्था के साथ मनाया गया। सुबह तिरुपति अपार्टमेंट मे मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई। तथा अपार्टमेंट के महिलाओं-पुरुषों एवं बच्चों द्वारा शिक्षा, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना पूरे विधि- विधान से की गई। पूजा के दौरान विशेष रूप से विद्यार्जन, कला और संगीत से संबंधित वस्तुएं जैसे किताबें, वाद्य यंत्र पूजा स्थल में रखा गया। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

## द रांची प्रेस क्लब में माँ सरस्वती की पूजा धूम धाम से मनाया गया



रांची। सरस्वती मां हैं शिक्षा की देवी सरस्वती मां को साहित्य, संगीत और कला की देवी के रूप में पूजा जाता है। उनके भीतर विचार, भावना और संवेदना का अद्भुत समन्वय विद्यमान है। वीणा संगीत का प्रतीक है, पुस्तक विचार का और हंस कला की अभिव्यक्ति का। जनसामान्य के अनुसार, सरस्वती को शिक्षा की देवी माना जाता है। इस मौके पर रांची शहर का द रांची प्रेस क्लब में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरि,कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, सदस्य आलोक सिन्हा, सौरभ, मोनू, चंदन , पूर्व कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू एवं भारत भूषण टुनटुन, सुशील ,सत्यजीत ,अंजनी, अरविंद साहित कई पत्रकार साथी एवं द रांची प्रेस क्लब के स्टाफ शिशुपाल सहित कई लोग शामिल थे।

## बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बिरसा मुंडा फन पार्क में नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



रांची : सोमवार को बिरसा मुंडा फन पार्क रांची एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती पूजा के एवं बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में बसंत पंचमी उत्सव सह एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 07 वर्ष से 15 वर्ष के आयु के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने एक से एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के महासचिव श्री आदित्य मल्होत्रा जी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर बिरसा मुंडा जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल शिक्षा के निदेशक सूरज प्रसाद ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा ने किया। इस नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक नीतू कुमारी, सोनी पोद्दार एवं पारी मुखर्जी थीं आज के नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम - आयात आजमी द्वितीय -तनु कुमारी और तृतीय जैबा रही। इस अवसर पर रांची के उभरते गायक अयान खान ने अपनी मधुर गायकी से दर्शकों को खूब झुमाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, निरंजन राम, राधे भट्ट, दीपक कुशवाहा, इम्तियाज जी सहयोग रहा।यह जानकारी अमन ने दी।

# विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को जागरूक रहने की दिया सलाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कैंसर जैसी बीमारी और इसकी गंभीरता के बारे में लोगों को जागरूक करने के मकसद से हर साल चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 में विश्व कैंसर दिवस की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। पारस हॉस्पिटल एचईसी के अन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि हमें कैंसर से डरना नहीं बल्कि लड़ना है। भारत में सबसे अधिक ब्रेस्ट कैंसर, फेफड़े का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर और पेट का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। हमारे गलत लाइफस्टाइल, खानपान, स्मोकिंग, ड्रिंकिंग, प्रदूषण, पेस्टिसाइड केमिकल से संक्रमित भोजन का सेवन कैंसर के प्रमुख कारण है। बेशक कैंसर एक खतरनाक बीमारी है लेकिन जीवन शैली में बदलाव और कैंसर बढ़ाने वाले रिस्क फैक्टर को दूर कर इसके 30 से 50 प्रतिशत खतरे से बचा जा सकता है। जल्दी जांच, सही इलाज और देखभाल कैंसर से बचाव का रास्ता है। डॉ गुंजेश ने कहा कि कैंसर के इलाज में सर्जरी अहम है, जिसके जरिए शरीर से ट्यूमर हटाया जाता है। कीमोथेरेपी मेडिसिन के जरिए शरीर से कैंसर कोशिकाओं को खत्म किया जाता है और उनके ग्रोथ से बचाव किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी के जरिए मरीज की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाई जाती है, जिससे मरीज मजबूती से कैंसर का मुकाबला कर सके। टार्गेट थेरेपी सीधे कैंसर सेल को टार्गेट करती है और उन्हें खत्म करती है। एक्सरे या गामा रेज का इस्तेमाल भी कैंसर को खत्म करने के लिए किया जाता है।

डॉ गुंजेश ने कहा कि कैंसर में सर्जरी का निर्णय चिकित्सक कैंसर के तीसरे स्टेज तक ही लेते हैं। स्टेज चार में कैंसर का कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेट थेरेपी के जरिए उपचार किया जाता है। स्टेज चार में पहुंचने पर कैंसर से मुक्ति नहीं मिलती, पर फिर भी न्यूनतम कष्ट और जिंदगी के अधिकतम पल के लिए इनका इलाज किया जाता है।

# नागरिक सुविधा से जुडी समस्याओं पर समीक्षात्मक बैठक

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर निगम/परिषद् और नगर पंचायत से संबंधित समस्याओं पर आज चैंबर भवन में एक बैठक हुई। नगर विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित भवन नियमितीकरण योजना को प्रभावी करने में होनेवाले विलंब पर सदस्यों ने चिंता जताई और सरकार से इसपर त्वरित कार्रवाई की मांग की। बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद के समाधान में विलंब पर भी चिंता जताई गई और कहा गया कि निरंतर प्रयासों के बावजूद विभागीय उदासीनता से





दुकानदार मानसिक रूप से परेशान हैं। रांची नगर निगम किरायेदार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बाजार टांड में आवंटित दुकानों में अतिरिक्त संरचना निर्माण के कारण किराया, ब्याज और उसपर फाइन की दर जुडते-जुडते काफी अधिक हो गई है जिस कारण यह मामला जटिल हो चुका है।

दुकानदारों की समस्या को वास्तविक बताते हुए चैंबर के आरएमसी उप समिति के चेयरमेन अमित शर्मा ने जल्द ही इस मामले में नगर प्रशासक से मिलकर कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। शहर के कई क्षेत्रों में ट्रॉफिक लाईट की कमी, डिवाईडर पर पेंट तथा रिफ्लैक्टर नहीं होने के कारण नियमित रूप से हो रही सडक दुर्घटना पर भी उन्होंने चिंता जताई।

# झारखंड में पिछले 10 वर्षों में रेलवे का बजट 16 गुना बढ़ा : रेल मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में झारखंड में रेलवे का बजट 16 गुना बढ़ा है, जो 457 करोड़ रुपये से 7302 करोड़ रुपये हो गया है। वैष्णव सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए झारखंड में रेलवे के विकास पर जानकारी दे रहे थे। रेल मंत्री ने झारखंड में रेलवे के 100प्रतिशत इलेक्ट्रिफाइड होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे राज्य में रेल यातायात में सुधार होगा। डीआरएम जसमीत एस बिंद्रा ने बताया कि राज्य में नये ट्रैक बिछाने के लिए 34 प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इन परियोजनाओं पर 56,694 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

## नियमित रूप से डीजीपी बनाये गये अनुराग गुप्ता

**रांची :** झारखंड के प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता को नियमित डीजीपी बना दिया गया है। झारखंड सरकार ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। 1990 बेच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता का यह कार्यकाल दो साल का होगा। यह कार्यकाल 26 जुलाई 2024 से माना जायेगा। बता दे कि अप्रैल 2025 में वे अपने पद से सेवानिवृत्त हो जायेंगे, लेकिन इसके बाद वे सीधे डीजीपी में नियमित हो जायेंगे।

# शब-ए-बारात 13 फरवरी को

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि 29 रजब 1446 हिजरी को मौसम साफ होने के बावजूद झारखंड, बिहार, बंगाल, उडीशा, छत्तीसगढ व देश के अधिकांश भागों में आदी में शाबान-उल-मुअज्जम का चांद नजर नहीं आया। हालांकि राजस्थान, गुजरात और आंध्र प्रदेश में आम तौर पर चांद नजर आने की सुचना मिली जिस के बाद तसदीक शुरू हुवी और यह स्पष्ट है कि शरीयत का फैसला यह है कि काजियाने शरीयत के पास दो न्यायसंगत व्यक्तियों की गवाही पर ही निर्णय लेना चाहिए। विश्वसनीय एदार ए शरिया प्रमाण के बिना केवल टेलीफोन और मीडिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर कार्य नहीं करता और ये जायज़ भी नहीं है,एदार ए शरिया एक जिम्मेदार एदारा है जो शरियत द्वारा निर्देशित होती है उसी आधार पर निर्णय लिया जाता है और एदारा मुस्लिम समुदाय को सत्य व शरई मार्गदर्शन कराता है, शरीयत की आवश्यकताओं के अनुसार ऐसा इसलिए है क्योंकि जिन लोगों ने व्यक्तिगत रूप से चाँद देखा है, उनमें से सबसे प्रतिष्ठित बाशर रहें। हों ने केंद्रीय एदार ए शरीया पटना के काजीयों और मुफ्तियों की उपस्थिति में 29 को चाँद देखे जाने की गवाही दी गई है जिसे काजीयों ने स्वीकार किया और उन्होंने 29 को चांद नजर आने देखे तसदीक व घोषणा की। मौलाना कुतुबुद्दीन रिवी की अध्यक् में हुई बैठक में यह विधिवत घोषणा और निर्णय लिया गया कि आगामी 13 फरवरी 2025 गुरूवार को शाबान अल-मुअज्जम महीने की 14 तारीख होगी और 14 तारीख को दिन गुजार कर आने वाली रात के शबे बारात है।

बैढक में मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मुफ्ती एजाज हुसैन मिस्बाही, मुफ्ती जमील अहमद मिस्बाही, कारी अय्युब, मौलाना डॉक्टर ताजुद्दीन रजवी, मौलाना कलीमुद्दीन मिस्बाही, मौलाना नेजामुद्दीन मिस्बाही, मुफ्ती आकिब जावेद मिस्बाही, मौलाना शमशाद मिस्बाही, मौलाना नूर आलम फैजी, कारी तालिब रजा वारसी,कारी जावेद हुसैन, कारी शौकत बरकाती, मौलाना फारूक मिस्बाही, मौलाना मसूद फरीदी, हाफिज ए मोबीन नाजिश, मौलाना नसीमुद्दीन ताज रांचवी, मौलाना आबिद हुसैन फैजी,मौलाना हुसैन हबीबी आदी शामिल थे।

# नशीली दवाओं के साथ एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि चन्दन कुमार सिन्हा (भा0पु0से0), पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के द्वारा नशीली पदार्थो के खरीद-बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के आलोक में पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर तिरिल मोड कोकर, राँची अवस्थित तान्या मेडिकल हॉल (तान्या फार्मा) में छापामारी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने अपना नाम पत्ता शैलेश कुमार, उम्र-47 वर्ष, ग्राम एच0बी0 रोड कोकर भाभा नगर रोड नं-06, थाना सदर, जिला राँची बताये। पकडाये व्यक्ति के मेडिकल दुकान से तलाशी के क्रम में प्रतिबंधित नशीली दवाई को बरामद किया गया। साथ ही पकड़ाये व्यक्ति शैलेश कुमार के निशानदेही पर उनके भाभा नगर स्थित घर से भी छिपाकर



रखे गये नशीली दवाओं को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। साथ ही शैलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। आगे बताया कि इसे रिमांड में लेकर पूछताछ की जायेगी।

**छापामारी टीम से शामिल पुलिस पदाधिकारी:** सजीव बेसरा, पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची, कुलदीप कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, सदर, राँची, दीपक राणा, पु0अ0नि0 सदर थाना, राँची, निर्भय कुमार, पु0अ0नि0 सदर थाना, राँची, विकास कुमार, पु0अ0नि0 सदर थाना, राँची, अशोक नाथ सिंह स0अ0नि0 सदर थाना, राँची, सत्येन्द्र सिंह स0अ0नि0 सदर थाना, राँची, आरक्षी / 63 संतोष कुमार,आरक्षी/3349 प्रभाशु कुमार, आरबी/3617 अनिता कुमारी,आरक्षी/3651 सुनिल बाखला शामिल थे।

# थानेदार से उलझने वाले पर पुलिस करेगी कार्रवाई : राजकुमार मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत के साथ बीते एक फरवरी की रात 7 बजे के करीब चर्च रोड दालपट्टी निवासी कृष्णा कुमार गुप्ता ने थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत के चेंबर में घुसकर न सिर्फ हंगामा किया बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए चैंबर में रखे उनकी वर्दी की टोपी व फाइल फेंक दी और कॉलर पकड़ लिया। इस संबंध में कृष्णा गुप्ता के विरुद्ध चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि कृष्ण कुमार गुप्ता अपनी बेटी व पत्नी के साथ थाने में आए। उस समय थाना प्रभारी अपने चैंबर में बैठकर कार्य कर रहे थे। अंदर घुसने के साथ कृष्णा गुप्ता ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि तुम मेरे साथ मारपीट करने वाले को तुमने कैसे छोड़ दिया, तुम पैसा लेकर छोड़ा होगा। हंगामा शुरू कर दिया। कृष्णा गुप्ता को पुलिस ने हंगामा के बाद हिरासत में ले लिया। जब हिरासत में लिया उसी समय उनकी पत्नी और बेटी थाना से निकल गई। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि कृष्णा कुमार दुकान पर खरीदारी करने गया यहा दुकान दार राहुल कुमार और कृष्णा कुमार आपस में उलझ गया। दोनों को पुलिस थाने लेकर आई। कृष्णा को एफआईआर करने को कहा गया तो वे पहले इलाज कराने अस्पताल चला गया जबतक दुसरा पक्ष राहुल शुक्ला ने एफआईआर दर्ज करा दिया। जब कृष्णा वापिस थाना आया तो देखा कि दुकानदार राहुल चला गया तो थानेदार से उसकी पत्नी उलझ गई। दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज किया गया है, थानेदार भी लिखकर दिये हैं। पुलिस कार्रवाई करेगी।

## टेटेबंदा रामपुर में सरस्वती पूजा पर मेला का आयोजन



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रामपुर टेटेबंदा में सरस्वती पूजा को लेकर मेले का आयोजन किया गया। मेले में विराट मुर्गा लड़ाई आयोजन के साथ में बुग्गी बुग्गी डांस का आयोजन किया गया।इस मेले में आसपास के ग्रामीण इसका भरपूर मनोरंजन किया। इससे पहले सुबह में मां शारदे का विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। एवं सभी के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। इसके बाद गांव में मेले का आयोजन किया गया। मेले में नागपुरी कलाकार पुनम कच्छप, इग्नेश कुमार के जबर्दस्त नृत्य संगीत ने मेले का शमा बांध दिया। इसमें जितेन्द्र विश्वकर्मा,सतीश, रंजीत,अजय, उमेश अन्य कलाकार जो गूंज से थे, जोरदार प्रस्तुति दी।इसे सफल बनाने में कमिटि के महावीर साहु,मिठु साहु,रतन लाल भोक्ता,पूरन चंद भोक्ता,राज कुमार मुंडा, दिनेश,सुरेश, संदीप भोक्ता,पुच्चु आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सरस्वती पूजा की धूम से क्षेत्र भक्तिमय



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र के मुरी रेलवे कलोनी,बड़ा मुरी,छोटा मुरी, छोटा मुरी सत्यम क्लब, हिंडाल्को, माइकल स्कूल, आरटीसी स्कूल सिंगपुर, आदर्श स्कूल मुरी,समेत सरकारी गैर-सरकारी स्कूलों में विद्या की देवी मां सरस्वती, मां शारदे की पूजा विधि विधान से पुरोहित के द्वारा किया गया एवं हवन आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सरस्वती पूजा को लेकर क्षेत्र में काफी चहल-पहल रहा।सुबह से ही बच्चे लोग नहा धोकर अपने घरों में एवं पंडालों में भक्तिमय के साथ पूजा अर्चना किया एवं पुष्पांजलि दी। छोटी-छोटी बच्चियां साड़ी पहन कर मां सरस्वती के दर्शन को लेकर घुमने निकले।हर गली चौक चौराहे एवं स्कूलों में विद्या की देवी मां सरस्वती की बड़ी धूमधाम से पूजा अर्चना किया गया। संध्या में कई पंडालों में बच्चों के लिए तरह तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।वहीं सिंगपुर लोहरा टोला पूजा भव्य पंडाल का रूप देकर भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना किया गया। पुरा क्षेत्र मां सरस्वती के भक्ति में भक्तिमय रहा।

## बुंडू में धूमधाम से सरस्वती पूजा मनाई गई



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):**रांची जिला अंतर्गत बुंडू में पूरे धूमधाम के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। बुंडू नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी एवं गैर शिक्षण संस्था में मां सरस्वती प्रतिमा स्थापित की गई। नगर क्षेत्र में सियर कोचिंग वाई-फाई इंस्टीट्यूट्स, करियर लॉन्चर, आइडियल क्लासेस, यूलर, द परफेक्ट ट्यूटोरियल कोचिंग संस्थान, दोस्ताना एवं जगह-जगह पर पंडाल बनाकर आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर उसकी पूजा अर्चना विधिवत पंडितों द्वारा की गई। बच्चों में विशेष उत्सव देखी गई।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा अबुआ बजट व निकाय चुनाव पर परिचर्चा



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से गेस्ट हाउस रामपुर, टाटा रोड ,नामकुम एवं केंद्रीय लाह अनुसंधान रांची में अबुआ बजट-2025 एवं नगर निकाय चुनाव पर विशेष परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । परिचर्चा में प्रदेश प्रभारी माननीय गुलाम अहमद मीर साहब और सह-प्रभारी श्री प्रसाद सिरीवेला , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश , विधायक दल के नेता श्री प्रदीप यादव , विधायक उप-नेता श्री राजेश कच्छप , माननीय विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं सभी जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, बोर्ड निगम आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य, प्रदेश अग्रणी संगठन के चेयरमैन /अध्यक्ष उपस्थित हुए.

## बसंत पंचमी के अवसर पर मां के साथ फूलों की होली खेली गई



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे दुर्गा मंदिर के प्रांगण में बसंत पंचमी के शुभ अवसर गणमान्य लोगों द्वारा बहुत ही धूमधाम से मां के साथ फूलों की होली खेली गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से पुनीत गोयल,राजन साहु,यदुवीर सिंह,मनोज कुमार ठाकुर,राजेश मिश्रा, पुजारी विमलेश मिश्रा,राम बालक सिंह, मधुसूदन पांडे, जयराम शर्मा,बैजनाथ साहू, मुखिया कृष्णा पाहन,अरविंद सिंह, अशोक तिवारी, पूजा देवी,इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस अवसर पर मिठाइयां बांटी गई।

## लोहड़ी टिंमपुर में किसान के खलिहान में लगी आग लाखों का नुकसान



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):**रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के लोहड़ी टिम्पुर में संजय पुरान के खलिहान मे आगलगी से लाखों रुपये का धान की फसल जलकर खाक हो गयी। घटना सोमवार सुबह नौ बजे की है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुँचकर आग पर काबू पाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजय पुरान धान की फसलों को काटकर अपने खलिहान मे चाकी बना कर रखा था। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे एक चाकी में आग लग गयी। साथ ही देखते ही देखते खलिहान पर रखे करीब आठ चाकियों में आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। वहीं ग्रामणों ने काफी प्रयास कर आग बुझाने की कोशिश की। मगर ग्रामीण आग पर काबु नहीं पायें। जबतक दमकल की गाड़ी पहुंचा आग विकराल रूप ले लिया था। दमकल कर्मी काफी प्रयास से आग बुझाने पाया।

## झारखंड दिवस के सफल संचालन पर दिया धन्यवाद

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 46 वां झारखंड दिवस के सफल आयोजन के बाद जिला कमिटी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दुमकावासी और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। सोमवार को झामुमो के खिजुरिया स्थित कार्यालय में जिला कमिटी की ओर से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। पार्टी के जिला प्रवक्ता अब्दुस सलाम ने सबसे पहले कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दुमकावासियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। झारखंड मुक्ति मोर्चा गरीब गुरबों की हक की लड़ाई और जल जंगल जमीन की लड़ाई जारी रखेगी। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव कुमार बास्की और नगर अध्यक्ष रवि यादव उपस्थित थे।

# झारखंड हॉकी टीम की शानदार जीत, उपायुक्त ने दी जीत की बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** जिले के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, पेलोल के छात्र एवं आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान पर उपायुक्त ने किया हौसला अफजाई, उज्ज्वल भविष्य का किया कामना। झारखंड की टीम ने 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2024-25 (अंडर-19 बालक एवं बालिका) हॉकी फाइनल में ओडिशा को हराकर शानदार जीत हासिल की है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि झारखंड के खिलाड़ियों की मेहनत, टीम वर्क और अनुशासन का परिणाम है।



खूँटी स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, पेलोल के छात्र एवं आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु खिलाड़ी अंकीत बरवार (कक्षा 9वीं) एवं ग्लैडसन भेंगरा (कक्षा 10वीं) ने झारखंड टीम की इस विजय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल झारखंड बल्कि पूरे राज्य के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने झारखंड टीम को बधाई देते हुए कहा कि, ÷यह जीत हमारे युवा खिलाड़ियों के समर्पण और राज्य में खेल विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है। झारखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है।उपायुक्त ने अंकीत बरवार एवं ग्लैडसन भेंगरा को विशेष रूप से बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि खूँटी जिला में प्रतिभा की कोई कमी नही है, यह सफलता जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी।

# खलारी कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी मां सरस्वती की पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा खलारी कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी. सोमबार को लोग श्रद्धा भाव से मां सरस्वती की नमन कर पूजा किए. अनेक विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि दी. बसंतोत्सव में बच्चे, महिलाएं और पुरुष आदि कयी लोग पंडालों में घूम-घूमकर माता का दर्शन किए. पंडालों में मिल रहे प्रसाद लोग सेवन किया. शाम को पुनः आरती की गयी. बच्चों, किशोरों में पूजा को लेकर काफी उत्साह था. गुलजारबाग साईनगर में मां सरस्वती की बड़ी मूर्ति की प्रतिमा स्थापित और भव्य पंडाल बनाया गया था. इसके अलावा क्षेत्र के लगभग निजी स्कूलों में मूर्ती स्थापित कर पूजा की गयी . खलारी कोयलांचल के करकट्टा, रोहिणी, धमधमिया, बाजारटांड़, गुलजारबाग, पहाड़ी मंदिर, चदराधौड़ा, मोहननगर, केडीएच, चुरी सहित कई जगहों पर माता सरस्वती की प्रतिमा रखकर पूजा की गयी.बसंतोत्सव में अनेक महिलाएं पीला वस्त्र पहन रखी थी.देर रात तक पूजा पंडालों में लोगों का आना-जाना लगा रहा.इधर खलारी प्रशाशन भी पूजा को लेकर सभी क्षेत्रों में गश्त करते देखा गया.



## पिपरवार कोयलॉचंल में उत्साह के साथ मनायी गई विद्या की देवी मॉ सरस्वती की पूजा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र सहित आस पास के क्षेत्रो में विद्या की देवी मॉ सरस्वती पूजा उत्साह के साथ मनाया गया।क्षेत्र के सभी स्कूलो सहित ग्रामीण क्षेत्र एंव आवासीय कालोनी मे धुमधाम के साथ मॉ सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई।बचरा अशोक विहार और वनबीआर कालोनी मे उत्साह के साथ पूजा का आयोजन किया गया।पूजा को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है।सोमवार की सुबह विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट्ट खोला गया,जिसके बाद मॉ सरस्वती के दर्शन के लिए भक्तो की काफी भीड़ देखी गई।पूजा समिति के द्वारा सभी श्रध्दालु के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।पूजा पंडाल मे की गई विधुत सज्जा रात्री मे आकर्षक का केन्द्र बना रहा।इधर क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलो में भी पूजा की धुम देखी जा रही है।ऑफिसर्स क्लब बचरा मे महिला मंडल द्वारा सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया,जिसमे पूजा के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया।पुरे इलाके मे दिन भर चहल पहल देखी गई।पुरा इलाका मां सरस्वती की भक्ति मे लीन रहा।इधर सुरक्षा को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा पुख्ता इंतेजाम किया गया है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे है।वही क्षेत्र के सभी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। **पांच हजार लोगो ने किया खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण :** पिपरवार के अशोक विहार कालोनी मे हिल व्यू क्लब के द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा में खिचड़ी महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दोरान करीब पांच हजार से अधिक लोगो ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया।कार्यक्रम में सभी धर्म के लोग शामिल होकर आपसी एकता को बढ़ावा दिया।कार्यक्रम मे सभी लोग सबसे पहले पूजा पंडाल जाकर मां सरस्वती के दर्शन कर उनकी पूजा की और क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की,जिसके बाद बैठकर सभी लोग एक साथ सामुहिक रूप से खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया।बताया गया कि सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष हिल व्यू क्लब के द्वारा अशोक विहार कॉलोनी में खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। जिसमें पूरे इलाके के लोग शामिल होते हैं।

## कोयला मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव बीपी पति ने किया पिपरवार का दौरा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**कोयला मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव बीपी पति ने सोमवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर बचरा संगम विहार मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।इसके बाद उन्होंने संगम विहार क्लब में स्थानीय सीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक कर कई बातों पर चर्चा की।बैठक के दौरान महाप्रबंधक संजीव कुमार ने शाल और श्रीफल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।बैठक मे उन्होने कोयला उत्पादन, डिस्पैच सहित विकास कार्यो से संबंधित बातों पर विचार विमर्श किया।इस दौरान स्थानीय अधिकारियों ने भूमि संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।साथ ही सीसीएल प्रबंधन के द्वारा पिपरवार क्षेत्र में कोयला उत्पादन के साथ किया जा रहे विकास कार्यो से अवगत कराया।जीएम संजीव कुमार ने क्षेत्र के बारे में उन्हें जानकारी दी।इस मौके पर संयुक्त सचिव बीपी पति के साथ उनकी पत्नी परिमिता पति,सीसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल पीएंडपी हरीश दुहान,पिपरवार जीएम संजीव कुमार,अशोका पीओ जेके सिंह,एसओपी नागेश कुमार गोपाल,अरुण कुमार महतो सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## विधि लिपिक संघ का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 7 को

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधि लिपिक संघ की बैठक संरक्षक रविचंद्र यादव की उपस्थिति में सोमवार को कोर्ट परिसर स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बंदोबस्त कार्यालय दुमका में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं और अनियमितता पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु दिनांक 7 फरवरी को दिन के 11 बजे से समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं अनशन का कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक मंडली के अध्यक्ष संरक्षक रविंद्र चंद्र यादव की अध्यक्षता में होगा। इस कार्य को सफल करने हेतु सम्मानित अध्यक्ष शिवेंद्र प्रसाद सिंह, अध्यक्ष जयचांद मंडल, सदस्य गणेश मिश्रा, नंद भैया, मोहम्मद अनीस, मृदुल कुमार, जैकी शर्मा, प्रभु दयाल हेंब्रम, रंजीत प्रसाद साह एवं देवराज सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं तैयारी संघ के महासचिव कंचन यादव मृदुल कुमार व हाबु कुमार महतो करेंगे। निर्णय लिया गया कि 7 फरवरी को विधि लिपिक संघ के सभी सदस्य दिन के 11 बजे से तीन बजे तक काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग करेंगे तथा उपरोक्त समय अवधि तक वे सभी न्यायिक कार्य से अपने आप को अलग रखेंगे तथा किसी भी न्यायालय में किसी भी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं करेंगे।

## भारती ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन मे श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की गई

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माण्डर कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीच्यूशन में दिन सोमवार को पूरे भक्ति-भाव और श्रद्धा के साथ सोमवार को माँ शारदे की पूजा अर्चना की गई। इस पूजा सामरोह में बीएड, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम के छात्र-छात्रा के साथ-साथ प्राचार्य, व्याख्यातागण, एवं शिक्षकेतर कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कोपरेटिव में स्वरोजगार हेतु समीति गठन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची इंद्रा पैलेस डुरंडा में मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंड लापुंग बेड़ो ईंटकी चान्हो और मांडर के पार्टी कार्यकर्ता को माननीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की के निर्देशानुसार सहकारिता विभाग कोपरेटिव में स्वरोजगार हेतु समीति गठन को लेकर बीसीओ मनोज कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण उपरांत विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने कहा कि सहकारिता विभाग में समीति गठन करने के बाद आत्मनिर्भर बनने और दुसरो को भी निर्भर बना कर आपार रोजगार करने का साधन है और मांडर विधानसभा क्षेत्र इसके अनुकूल है।

## धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा सह बसंत पंचमी का त्यौहार

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती पूजा सह वसंत पंचमी का त्यौहार इटकी व आसपास के गांवों में सोमवार को मनाया गया। मौके पर क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के अलावा विभिन्न स्थानों पर विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। आम की मंजरी व गुलाल ग्रहण कर वसंत ऋतु का स्वागत भी किया गया। शाम में कई पूजा पंडालो में फाग गायन का भी आयोजन हुआ। न्यू शिशु विद्या मंदिर, महतो टोली, बनिया टोली सहित क्षेत्र के अन्य पूजा पंडालों में आकर्षक ढंग से प्रतिमा स्थापित की गयी है. प्रतिमाओं का विसर्जन 4 और 5 फरवरी को किया जायेगा।

# मां सरस्वती का स्वागत और पूजा में दुल्हन सा सज गया ठाकुर गांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** ठाकुर गांव में सोमवार के पूरे प्रखंड में धूमधाम से बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा मनाया गया। पूजा समितियों तथा शैक्षणिक संस्थानो में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। खासकर स्कूली बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जगह जगह जैसे न्यू स्टार क्लब, बस स्टैंड शारदा संघ निराला चौक,बिना संघ विष्णु चौक, बाजार टांड़ ब्लू स्टार क्लब, हो या ठाकुरबड़ी, या बड़का टोला सरस्वती पूजा पंडाल हर जगह लोगों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की। बसंत पंचमी को हिदू पंचांग के अनुसार सबसे शुभ दिन माना गया है। पंचांग के अनुसार चार ऋतु में सबसे श्रेष्ठ रितु बसंत ऋतु को माना गया है । इस मौके पर कई शैक्षणिक संस्थानों में अलग-अलग तरह से इस समारोह का आयोजन किया गया। सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूल, और कई शैक्षणिक संस्थानों में बच्चो के द्वारा कई कार्यक्रम पेश किए गए ।तथा मां सरस्वती का वंदन कर एक दूसरे को गुलाल आदि लगाकर समारोह को धूम धाम से मनाया गया । प्रखंड भर में विद्या की देवी माता सरस्वती की आराधना की धूम धाम से मनाया जा रहा है, साथ ही मां सरस्वती का स्वागत में पूरा ठाकुर गांव गाजा बजा और लाइट से स्वर्ग जैसा सज गया, मां सरस्वती का पूजा पंडाल दूर दूर से देखने आते हैं और मां को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते हैं, इस पूजा पंडाल को सफल बनाने के लिए ठाकुर गांव के पूजा समिति के लोगों द्वारा लाखों के लगत से पंडाल का निर्माण किया जाता है। पूजा पंडाल को देखने आते हैं इसलिए रोड में और पंडाल में बहुत भीड़ भाड़ हो जाती है, जिसके लिए पूजा समिति के लोगों भीड़ को शांति पूर्ण तरीके से काम करते हैं, साथ ही ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने हर भीड़ भाड़ वाले जगह पर पुलिस के बल तैनात करवाया है, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो, साथ ही साथ खुद ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने पूजा को शांति पूर्ण सफल बनाने के लिए पंडालों के दौरा करते नजर आ रहे हैं।, साथ ही कांके विधायक सुरेश बैठा ने भी पंडालों का निरीक्षण किए और मां सरस्वती से कांके वासियों के लिए शांति के लिए प्रार्थना किया। उनके साथ कांके विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, मनोज गुप्ता, हेमन्त गुप्ता,बिपुल तिवारी,बबलू ठाकुर, नीरज केशरी, पवन जायसवाल, और पूजा पंडाल समिति के लोग उपस्थित थे।



## 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):**श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर,मुख्य अतिथि श्री राजू उरांव केनरा बैंक शाखा प्रबंधक सिल्ली के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 35 प्रशिक्षणार्थीयों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह कहा की आप सभी लोग मन से और संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे क्यों कि महिलाएं भी टेलरिंग के क्षेत्र में आए और ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाए, क्योंकि सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद आप अपना खुद का स्वरोजगार करे, यहां व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह कहा कि आज के दौर में महिलाएं टेलर बहुत कम देखने को मिलता है अगर आप अच्छे से प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करे । रुडसेट संस्थान में ही केनरा बैंक के द्वारा सभी लोग को वक्र्ष्ण्ठङ्क खाता खोलना है साथ में आप को सुरक्षा बीमा भी करना है। प्रशिक्षण के बाद आप बेहतर तरीका से कार्य करे, और आप एक सफल उद्यमी बने। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार वरिष्ठ संकाय,जगदीश चंद्र महतो, डीएसटी शोभा देवी, दशरथ कुमार महतो, महेश रुहिदास,सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## रांची टाटा रोड़ में वैगनआर ने खड़ी ट्रक को ठोकर मारी, दो व्यक्ति की मौत

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):**रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत रांची -टाटा मार्ग पर रड़गांव के समीप एक खड़ी टेलर को पीछे से एक वैगनआर ने जोरदार टक्कर मार देने से दो की मौत हो गया जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे की है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर गोलमुरी निवासी ऋतुराज कुमार 25वर्ष, जान्हवी कुमारी 23 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गया। जबकि रोहिणी सिंह 29 वर्ष घायल हो गयी। जिसका इलाज तमाड़ अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। उक्त तीनों लोग रांची के एक शादी समारोह में शामिल होकर जमशेदपुर अपने घर लौट रहे थे। कि रड़गांव के निकट खड़े एक ट्रेलर से वैगनआर कार जा टकराया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैगनआर कार का अगला हिस्सा के परखच्चे उड़ गया। ओर कार चला रहा ऋतुराज की मौत हो गया। वही कार के पीछे बैठा उसका दोस्त जानवी कुमारी उतरकर जैसे ही ऋतुराज शव को दिखा उसे भी हार्ट अटैक हो गया। और वह मर गयी। इधर कार में बैठा ऋतुराज की बहन रोहणी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस दोनो शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के चापाटोली में सड़क दुर्घटना में बुढ़मू थाना क्षेत्र के चांया निवासी सोनू नायक (22) की मौत हो गई और चांया निवासी विक्की नायक और ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बरौदी निवासी प्रितम ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार सोनू और विक्की मोटरसाइकिल से ठाकुरगांव से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान चापाटोली के पास एक बोलेरो ने धक्का मार दिया जिससे सोनू की मोटरसाइकिल प्रितम के मोटरसाइकिल से टकरा गई जिसमें सोनू की मौत घटनास्थल पर ही हो गई और विक्की और प्रितम गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पाकर ठाकुरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेज दिया. शव और मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया. समाचार लिखे जाने तक दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी.

## हैप्पी आवर्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा, बच्चों में उमंग

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधा की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना उपराजधानी दुमका के सोनवा डंगाल लीची बगान स्थित हैप्पी आवर्स स्कूल में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में एक भव्य मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मौके पर बच्चों के बीच प्रसाद वितरण के साथ भोजन की का भी प्रबंध किया गया था। खास बात यह रही कि विद्यालय में सभी धर्मो के शिक्षक शिक्षिकाओं के बच्चों ने एक साथ बैठकर मां सरस्वती की अराधना की। मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर उसे अपने हाथों से बने फूलों से सजाया भी गया था जो कि देखते ही बन रहा था। गौरतलब है कि विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साज सज्जा में बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक विजय सिंह, प्रिंसिपल नीलू क्षेत्री के साथ शिक्षिका निकिता, संगीता सिन्हा, आरती कुमारी, सुनीता, एनीमा, शबाना, स्वाति, सुशीला, राशि, मनीषा, आस्था, शालू और आकाश दीप का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने पूजा पंडाल जाकर की मां सरस्वती की पूजा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार ने सोमवार को पिपरवार क्षेत्र मे आयोजित सरस्वती पूजा मे शामिल हुए।जानकारी के अनुसार जीएम संजीव कुमार बचरा बंसत विहार कॉलोनी मे हिल व्यु क्लब के द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा पंडाल जाकर मां सरस्वती के दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना किया और क्षेत्र की सुख,शांति और खुशहाली की कामना की।इस दौरान पूजा समिति के सदस्यो ने जीएम संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियो का स्वागत किया।जिसके बाद जीएम संजीव कुमार सहित सभी विभागीय अधिकारी खिचड़ी महाप्रसाद कार्यक्रम मे शामिल होकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया सरस्वती पूजा



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा में सभी विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं मां सरस्वती की वंदना किए तथा आरती गान गाया। तत्पश्चात् विद्यार्थियों तथा अतिथियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने सरस्वती पूजा के महत्व को बताते हुए कहा कि सरस्वती पूजा हमारे समाज में शिक्षा के महत्व को साबित करने और विद्या के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देती है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करता है और उसकी मिसाल होता है। सरस्वती पूजा भारतीय संस्कृति में ज्ञान, शिक्षा और कला के प्रतीक के रूप में महत्वपूर्ण है। मौके पर शिक्षक आनंद प्रसाद महतो, सुमंत कुमार, विपिन प्रसाद , जयशंकर महतो, उमेश मंडल, भुनेश्वर कुम्हार एवं शिक्षिका ललिता महतो, अर्पणा कुमारी, गायत्री सुदर्शी, प्रियंका कुमारी सहित विद्यालय के बच्चे, बच्चियां तथा अभिभावक गण मौजुद रहें।

## कुंदी मदरसा में पांच बच्चों को दस्तारें फजीलत से नवाजा गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुंदी में स्थापित मदरसा जामिया अजीजिया कुंदी के तत्वावधान में तालीमी मोजाहिरा सह तकमिल ए हिफ़्ज़ उपाधि जलसा का आयोजन किया गया। मदरसा के मोहतमिम कारी जुबैर असरफ की अध्यक्षता में आआयोजित कार्यक्रम में कुरान मजीद पूरी तरह से (हिफ़्ज़) कंठस्त करने वाले मदरसा के पांच तालिबे इल्म को उपाधि प्रदान की गई। उपाधि पाने वाले अब्दुल समी मुरकुनी चन्हों, मो हंजला केदल इरबा, अब्दुल वाहिद चनगनी बेड़ो, मो वारिश व मो शाहिद कुंदी शामिल हैं। जलसा में मुख्य अतिथि मजलिसे उलेमा झारखंड के जनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती तल्हा नदवी ने जलसे को खिताब करते दिनी शिक्षा के साथ साथ दुनियावी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा इंसानियत की एक पहचान और जिंदगी का एक अहम रुक्न है। साथ ही कहा कि मदरसा इडलमिक शिक्षा के साथ साथ दुनियावी शिक्षा का केंद्र विंदु, इसका संचालन आम लोगों के इमदाद से होता है। लोगों को मदरसे में इमदाद करने की अपील की।

## ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में किया विकसित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुँचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में एस1 एक्स (2 किलोवाट-घंटा) का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा स्कूटर एस1 प्रो प्लस 5.3 (किलोवाट-घंटा) 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा।जेन 3 पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा चर्चा में फ्लैगशिप एस1 प्रो+ 5.3 किलोवाट-घंटा (4680 भारत सैल के साथ) और 4 किलोवाट-घंटा हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 1,69,999 रुपये और 1,54,999 रुपये हैं। एस1 प्रो 4 किलोवाट-घंटा और 3 किलोवाट-घंटा बैटरी विकल्पों में क्रमशः 1,34,999 और 1,14,999 रुपये में उपलब्ध है। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा, 'हमारे पहले जनरेशन के स्कूटर्स के साथ हमने ग्राहकों को एक एस्पायरेशनल इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश किया था, जिसने देश में एक इलेक्ट्रिक स्कूटरों की एक मुहिम छेड़ दी। दूसरी जनरेशन के स्कूटरों को हमने ज्यादा स्मार्ट बनाया और अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया, जिसके साथ हर भारतीय को अलग-अलग मूल्य वर्ग में स्कूटर मिल सके। आज हम जेन 3 पेश कर रहे हैं।



## सरस्वती पूजा में लोग मगन, इधर नीम पेड़ से दुध निकलने से भक्ति में डूबी रूगड़ी गांव

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में जहां सरस्वती पूजा को लेकर लोग भक्ति भाव में मग्न है। हर स्कूल कालेजों, क्लबों में भव्य पंडाल का निर्माण कर सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं ईचागढ़ प्रखंड के चिमटिया पंचायत के रूगड़ी गांव में सोमवार को अचानक एक नीम पेड़ से दुध जैसा तरल प्रदार्थ ( जायलम) निकलने का खबर आग की तरह फैलते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। अगल बगल के ग्रामीणों ने इसे दैवीय चमत्कार समझकर नीम पेड़ को बांस लगाकर घेर दिया और देखते ही देखते पूजा स्थल में तब्दील हो गया। लोग श्रद्धा के साथ फूल, अक्षत , नारियल लेकर पुजा अर्चना के लिए कतार लगाकर खड़े रहे। दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहा और पूजा अर्चना करते रहे। हालांकि नीम पेड़ से दुध निकलना रूगड़ी गांव ही एकमात्र नहीं है बल्कि पहले भी कई बार इस तरह का घटना देखने को मिला है। हालांकि जानकार बताते हैं कि नीम पेड़ में जाइलम फटने से सफेद तरल पदार्थ निकलता है। जाइलम पोष्टिक तत्वों को जड़ों से तने तक पहुंचाने का काम करता है और कभी जाइलम फट जाता है तो दुध की तरह तरल पदार्थ निकलता है।



## खासमहल आनंद निवास के पास अपराधियों का जमावड़ा से लोग दहशत में, एसएसपी से गुहार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के स्तंभ स्वंतत्रता सेनानी पं नोखे लाल मिश्र के परसुडीह थाना क्षेत्र के संत जेवियर्स स्कूल रोड आनंद निवास खासमहल के मेन रोड के बगल में आवास के नजदीक शहर के अपराधियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे आस पास के लोग अपराधियों के हरकत से काफी परेशान हैं। शाम ढलते ही अपराधकर्मी दुकान से शराब लेकर सड़क के किनारे आवास के सामने खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। जिससे शाम ढलते ही उस सड़क से होकर गुजरना महिला, पुरुष का दुश्वार हो जाता है।खासमहल स्थिति आनंद निवास के अंदर रहने वाली महिलाएं दहशत में रहती हैं आस पास के लोगों के द्वारा अपराधियों के इस हरकत का विरोध करने पर गाली गलौज और रिवाल्वर दिखाकर धमकाया जाता है। इन अपराधियों की हरकतों की जानकारी आभा मिश्रा एवं आनंद मोहन मिश्रा ने दो दो बार वरीय आरक्षी अधीक्षक एवं परसुडीह थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है लेकिन जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा उन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। महिलाएं एवं पुरुष पुलिस प्रशासन के निष्क्रियता के कारण दहशत में हैं।

## सिख नौजवान सभा के चेयरमैन बने सरदार शरणजीत सिंह, हरिंदर पाल सिंह प्रधान

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुद्वारा प्रांगण में सिख नौजवान सभा का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से सरदार शरणजीत सिंह को चेयरमैन, हरिंदर पाल सिंह को प्रधान, प्रभजोत सिंह को उप प्रधान, देवेंद्र सिंह को सचिव, प्रभदीप सिंह को कोषाध्यक्ष तथा राजेंदर सिंह को अंकेक्षक चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी कमेटी में हरदीप सिंह, साहेब राज सिंह, सिमरप्रीत सिंह, पुनीत पाल सिंह, नवजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, हरदेव सिंह, गुरप्रीत सिंह, करण सिंह, जसप्रीत सिंह, नवनीत सिंह, शरणदीप सिंह, गौरव सिंह चन्नी और हरमन सिंह डडवाल को सदस्य के रूप में रखा गया है। चुनाव के दौरान एसजीपीसी के सीनियर प्रधान चंचल सिंह, गम्हरिया गुरुद्वारा के प्रधान इंद्रजीत सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित थे।



## सोना देवी विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटसिला में बसंत पंचमी के मौके पर सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय परिसर में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पंडित प्रशांत पांडे के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हंसावाहिनी की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के अलावा काफी संख्या में विद्यार्थियों ने पूजा अर्चना की और महा आरती में भाग लिया। इस मौके पर हवन भी आयोजित किया गया। सरस्वती पूजा को देखते हुए विश्वविद्यालय को प्राकृतिक तरीके से अत्यंत आकर्षक रूप से सजाया गया था।



# जमशेदपुर एफसी का एफसी गोवा पर शानदार जीत, फर्नेस में 3-1 से दी शिकस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने एफसी गोवा पर 3-1 की शानदार जीत के साथ इंडियन सुपर लीग में अपने शानदार घरेलू प्रदर्शन को जारी रखा. इस जीत के साथ, मेन ऑफ स्टील ने इस सीजन में नौ मैचों में अपनी आठवीं घरेलू जीत दर्ज की, जिससे क्लब के इतिहास में दूसरी बार एफसी गोवा पर लीग डबल पूरा हुआ. वही इस जीत के साथ जमशेदपुर एफसी टेबल में 34 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।फर्नेस में जावी सिवेरियो के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, जिन्होंने दो गोल किए, जबकि लेज़र सिरकोविक ने शानदार लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक करके माहौल को और बेहतर बना दिया. खालिद जमील की टीम ने आक्रामक खेल, रक्षात्मक दृढ़ता और अथक ऊर्जा का प्रदर्शन करते हुए मेहमान टीम को मात दी, जो आयुष जेना के शानदार गोल के बावजूद गति बनाए रखने में संघर्ष करती रही.जमशेदपुर एफसी का ध्यान अब बेंगलुरु पर है, जहां वे अगले रविवार, 9 फरवरी को शाम 7.30 बजे कांतीरवा में उनसे खेलने के लिए यात्रा करेंगे.जमशेदपुर एफसी का अगला घरेलू मैच 13 फरवरी को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ होगा।



## पटमदा के शिक्षण संस्थानों में हुई मां सरस्वती की आराधना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** माघ महीने के शुक्ल पक्ष एवं वसंत पंचमी के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को सुबह से दोपहर तक पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के सभी शिक्षण संस्थानों, क्लबों एवं घरों में भी विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। यहां मुख्य रूप से पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला, पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला, एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा, आदिवासी हाई स्कूल बांगुड़दा, दिघी-भूला अपग्रेड प्लस टू हाई स्कूल, आदिवासी हाई स्कूल बोड़ाम, प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय रसिकनगर, जोड़सा, सर्वोदय उच्च विद्यालय माधवपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लायलम, जेईएफ पब्लिक स्कूल पटमदा, बीएम पब्लिक स्कूल पटमदा, साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी, वीणापाणि विद्या मंदिर काटिन, मंडल एकेडमी बोड़ाम आदि जगहों पर भव्य तरीके से माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थीं। स्थानीय विधायक मगंल कालिंदी व जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने समर्थकों के साथ पटमदा के दोनों कॉलेजों व बांगुड़दा हाइस्कूल पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया।

## प्रखंड प्रमुख ने किया भव्य पंडाल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर घोष पाड़ा सार्वजनिक सरस्वती पूजा पंडाल का सोमवार को प्रखंड प्रमुख गुरू पद मार्डी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। प्रमुख श्री मार्डी ने कहा कि ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में टीकर गांव सरस्वती पंडाल के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि घोष पाड़ा, प्रामाणिक टोला, साहू पाड़ा, वैवर्त टोला सहित कई भव्य पंडालों का निर्माण किया जाता है। यहां हर वर्ष दो दिनों तक मेला जैसा नजारा देखने को मिलता है। वहीं ईचागढ़ के एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद, टीकर, एलडीएम पब्लिक स्कूल मिलन चौक सहित कई जगहों पर भव्य सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर नकुल घोष, राजु प्रामाणिक रूपेश घोष,तापस, प्रदीप, विकास घोष, बादल बनर्जी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा पर प्लस टू हाई स्कूल बांगुड़दा में विधायक ने दिया प्रयोगशाला का तोहफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी ने पटमदा के प्लस टू हाई स्कूल बांगुड़दा के विद्यार्थियों को सरस्वती पूजा के मौके पर विज्ञान प्रयोगशाला का तोहफा दिया। पिछले साल गर्मी के मौसम में स्कूल का निरीक्षण के दौरान शिक्षकों ने उनसे प्रयोगशाला भवन के निर्माण की मांग रखी थी और उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस काम को जल्द ही स्वीकृति दिलाने का काम करेंगे। सोमवार को सरस्वती पूजा के मौके पर स्कूल पहुंचकर उन्होंने करीब 38 लाख की योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास भी कर दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि के रूप में कृपसिंधु महतो, शांतिराम कुंभकार, निर्मल महतो, प्राचार्य सुजीत कुमार सेठ, विवेकानंद दरिपा एवं प्राणकृष्ण कुंभकार आदि मौजूद थे।

## महाकुंभ में लापता महिला संध्या दास मोदक वापस पहुंची घर, परिजनों में खुशी की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रयागराज कुंभ में स्नान करने के बाद बीते 29 जनवरी से लापता कांड्रा मध्य बस्ती निवासी 60 वर्षीय महिला संध्या दास मोदक सोमवार को वापस अपने घर पहुंची। उनके घर पहुंचते ही परिजनों के चेहरे खिल उठे। उनके सकुशल वापस लौटने से परिजनों में खुशी का माहौल है। विदित है कि महाकुंभ में भगदड़ मचने के बाद साथ गए अपने पति श्यामपद दास से वह बिछुड़ गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चलने के बाद श्यामपद दास द्वारा अपने पुत्र चंदन दास को फोन पर इसकी सूचना दी थी। उसके बाद परिजन काफी परेशान थे। उसके बाद पुत्र चंदन दास अपने मित्र विजय महतो, प्रदीप कुमार गुड्डू, जयहरि प्रमाणिक, अभिषेक दास मोदक आदि के साथ बीते 30 जनवरी को अपनी मां को खोजने प्रयागराज रवाना हुए। उसके बाद सभी धनबाद पहुंचे और उनको लेकर वापस घर आए।

## ईचागढ़ में थम नहीं रहा चोरी की घटना, एक ही रात 4 घरों में चोरी, प्रशासन पर उठ रहे सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। लगातार चोरी का घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है। पुलिस प्रशासन पर भी लोगों का गुस्सा है।रविवार की देर रात को आदारडीह गांव के गणेश चन्द्र महतो व सुफल चन्द्र महतो का घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रूपए के गहने व नगद चोरी कर लिया गया। चोगा गांव के मनोज सिंह मुण्डा के घर का ताला तोड़कर बकरी बेचा हुआ नगद 10 हजार रुपए चोरी कर लिया गया। वहीं बाराडीह गांव के परी देवी का घर से सोने का बाली व चांदी का गहना व नगद एक हजार सहित करीब 50 हजार का समान चोरी कर लिया गया। एक ही रात को अलग-अलग गांवों में चार घरों में चोरी कर लिया गया। घटना कि सुचना मिलते ही सोमवार को ईचागढ पुलिस घटनास्थलों का जायजा लेने गांव पहुंचे। मालूम हो कि एक सप्ताह पूर्व कुंदरीलोंग गांव में ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया था। वहीं नारो, नदीसाई एवं जीलींग आदार में कई घरों में ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया था। क्षेत्र में इन दिनों चोर काफी सक्रिय हैं। चोरी का बड़ते घटना को लेकर मिलन चौक व्यवसायिक सुरक्षा समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती करने का मांग किया है एवं फेरी वाले व चौक चौराहों पर डेरा जमाने वाले गुलगुलिया को क्षेत्र से भगाने का मांग किया है।



## पिस्टल दिखाकर रुपए लेने के मामले में एसडीपीओ व डीएसपी ने की जांच, थाना में केस दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के मुढ़ाठाकरा निवासी रसानंद पातर ने थाने में दो युवकों द्वारा पिस्टल की नोक पर धमकी देकर रुपए लेने की शिकायत की है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 27 जनवरी शाम आठ बजे दो युवकों ने उसे घर के बाहर बुलाया। पिस्टल दिखाकर घर में रखे पैसे देने को कहा। हवाई फायरिंग भी उन्होंने किया। दोनों के भय से उसने घर में उसकी मां के पास रखें 600 खुदरा रुपए अपराधियों को दे दिया। एक दुसरे दुकानदार के साथ भी उसी दिन ऐसी ही घटना घटी। सोमवार को गुड़ाबांदा पुलिस इस मामले की जानकारी लेने मुढ़ाठाकरा पंहुची। घाटसिला एसडीपीओ अजीत कुजुर और मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत ने घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल किया। 7.62 एम एम बोर का खोखा बरामद किया गया। इस मामले में गुड़ाबांदा थाना केस संख्या 3/24 दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो ने बताया कि जांच किया जा रहा है। घटना में शामिल अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई है।



## जुगसलाई बैकुंठ धाम मंदिर में धूमधाम से मना श्याम प्रभु का बसंत पंचमी महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जुगसलाई महतो पाड़ा रोड स्थित श्री बैकुंठ धाम मंदिर में खाटू वाले श्याम बाबा का भजन-कीर्त्तन किया गया। रविवार की संध्या श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। यजमान मनोज शर्मा ने सपत्नी विधिवत पूजा अर्चना करायी। इसके बाद सभी भक्तों ने मिलकर बाबा की ज्योत ली। बाबा का बागा सभी भक्तों के बीच वितरित किया गया। पूरे मंदिर प्रांगण को पीले फूलों और विद्युत की रोशनी से सजाया गया था। शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक महावीर खंडेलवाल और मनीष गढ़वाल ने भजनों की अमृत गंगा बहाई गई, जिसमें श्याम भक्त गोता लगाते हुए बाबा का गुणगान करते रहे। मौके पर भजन गायकों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं..., चल खाटू के धाम पता नहीं क्या तुझे मिल जाए.. आदि भजनों की प्रस्तुति दी। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश अग्रवाल, भंवर लाल पारिख, ललित गढ़वाल, संजय रिंगसिया, सुशील अग्रवाल, महेश खंडेलवाल, भवर लाल शर्मा, नवीन अग्रवाल, देवाशीस अग्रवाल, आकाश मित्तल, निशांत धूत, राजेश गोयल आदि का योगदान रहा।



## मनरेगा को लेकर युवा ने निकाली जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सरकार के निर्देशानुसार, राज्य भर में मनरेगा दिवस सह मनरेगा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पोटका प्रखंड के तीन पंचायतों तेंतला, नारदा और टांगराईन पंचायतों में सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा )संस्था के सहयोग से मनरेगा सप्ताह के कार्यक्रम में आज विभिन्न गांवों में प्रभात फेरी सह रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए और लोगों को मनरेगा के विषयों में जागरूक किए। इस कार्यक्रम को सफल संचालन करने में रोजगार सेवक, मुखिया, पंचायत सचिव और युवा संस्था के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।मालूम हो कि सामाजिक संस्था युवा पोटका प्रखंड के तीन पंचायतों नारदा, टांगराईन और तेंतला में ग्राम सभा सशक्तिकरण कार्यक्रम का संचालन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से चला रही है।ग्राम पंचायत टांगराईन के अंतर्गत ग्राम- सिदिरसाई ओर धरुवालूपुंग में , नारदा पंचायत के पहाड़पुर गांव में, तथा तेंतला पंचायत के सामाजिक संस्था युवा के द्वारा मनरेगा योजना से संबधित जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों के द्वारा रैली किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में जयप्रकाश साहू ,खेलाराम महाली, चंद्रकला मुंडा अरुप मंडल, युधिष्ठिर गोप,रतन,शिवराम सोरेन, सिकंदर सोय, कापरा मांझी, आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# संयुक्त मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो झारखंड प्रदेश इकाई की वार्षिक बैठक आयोजित

### - अजय कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. शवा अहमद प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** संयुक्त मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो झारखंड प्रदेश इकाई की वार्षिक बैठक सह लिट्टी पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें पुरानी प्रदेश कमेटी भंग कर दी गई एवं नई टीम की घोषणा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में यूबीएचआरसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह, राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ. डीपी शुक्ला, नीरज सिंह, अरविंद तिवारी, अनीश शवलोक, अब्दुल रहमान, शशांक कुणाल उपस्थित रहे।झारखंड प्रदेश की नई टीम में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर अजय कुमार सिंह को जबकि प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ. शवा अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष माहीधर श्याम, वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष एन वी चटर्जी, प्रदेश संयोजक मनीष शर्मा, योगेश लाल, सुशील कुमार, हीरक घोष, प्रदेश सचिव अमृत लाल, कौशल सिंह, गौरी शंकर अमर जबकि जिला एवं मंडल स्तर पर शिबू महापात्रा, शाहनवाज अली, विवेक महतो, अनुराग कुणाल, एमडी जीशान, संतोष गोस्वामी, हरे कृष्णा सिंह, रोशन सिंह सहित अन्य का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर कई नए गणमान्य लोगों ने सदस्यता ली।राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह एवं टीम ने नई कमिटी को शुभकामना एवं बधाई दी, साथ ही प्रदेश स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष एवं टीम को दिया। प्रदेश अध्यक्ष एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि झारखंड प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में संगठन की वार्षिक उपलब्धियों की समीक्षा की गई और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।



### सिवेरियो ने जमशेदपुर एफसी के फैंस की जमकर की तारीफ, कहा

# भारत में मैंने अब तक का सबसे बेहतरीन माहौल देखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार की रात को फर्नेस का खेल अपने रोमांच पर था, जब जमशेदपुर एफसी ने एफसी गोवा को 3-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की तालिका में दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया. जेवियर सिवेरियो उस रात के हीरो रहे, जिन्होंने शानदार घरेलू दर्शकों के सामने दो गोल दागे.स्पेनिश फॉरवर्ड ने फैंस की तारीफ करते हुए कहा कि यह भारत में अब तक का सबसे बेहतरीन माहौल है. उन्होंने कहा, %मेरे लिए, इस तरह के माहौल में खेलना अद्भुत है. यह भारत में अब तक का मेरा सबसे बेहतरीन माहौल रहा है. फैंस हमेशा बड़ी संख्या में आते हैं और वे जो शोर और ऊर्जा पैदा करते हैं, उससे दूसरी टीमों के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं. मुझे लगता है कि इस साल हम उनके कारण बड़ा फायदा उठा रहे हैं. सिवेरियो ने टीम के प्लान पर बात करते हुए कहा, खेल की शुरुआत से ही उन पर दबाव बनाने की कोशिश करें और घर पर मौजूद प्रशंसकों के लाभ के साथ खेलें. मुझे लगता है कि उन्होंने भी उतना ही आनंद लिया जितना हमने मैदान पर लिया. सिवेरियो ने यह भी कहा कि जमशेदपुर एफसी का प्रदर्शन इस सीजन में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक था।



विचार प्रवाह

संपादकीय

## पेयजल प्रदूषित और सवालिया

**यमुना** नदी के जहरीले पानी पर दिल्ली चुनाव में वाकई जंग छिड़ी है। इसमें आम आदमी पार्टी (आप), भाजपा ही शामिल नहीं हैं, बल्कि चुनाव आयोग का युद्ध अलग किस्म का है। उसके निशाने पर 'आप' और केजरीवाल हैं। आयोग ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से पांच और सवाल पूछे थे। केजरीवाल ने यहां तक आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिलाने की साजिश रची थी। यदि दिल्ली सरकार के इंजीनियरों ने विषाक्त पानी को यथासमय न रोका होता, तो दिल्ली में 'नरसंहार' भी हो सकता था। यह बेहद गंभीर और नाजुक आरोप है, लिहाजा चुनाव आयोग तह तक जाना चाहता है कि जहर कौन-सा था? कब और कैसे यमुना के पानी में मिलाया गया? दिल्ली जल बोर्ड के किन इंजीनियरों ने कहां पानी रोका, नतीजतन दिल्ली 'नरसंहार' से बच गई? यमुना के जहरीले पानी पर यह सियासत 5 फरवरी को थम जाएगी, क्योंकि उस दिन दिल्लीवाले नई विधानसभा के लिए मतदान करेंगे, लेकिन इससे भी अधिक संवेदनशील और मानवीय सवाल देश भर में साफ पेयजल को लेकर है। एनएसएसओ के 79वें राउंड का डाटा है कि देश के करीब 95 फीसदी घरों की पहुंच पेयजल तक जरूर है। नल के जरिए जल, संरक्षित कुओं, नलकूपों और बोतलबंद पानी के तौर पर घरों को पीने का पानी उपलब्ध है, लेकिन कोई भी विभाग, एजेंसी या वितरण-संस्था यह शर्तिया दावा नहीं कर सकती कि उपलब्ध पेयजल बिल्कुल साफ, विषाणु-रहित और पीने योग्य पानी है। बेशक 'नल से जल' अभियान के बाद पानी के रंगों में सुधार आया है, लेकिन अभी बहुत कुछ सवालिया और प्रदूषित है। ग्रामीण भारत के करीब 40 फीसदी घरों में पेयजल का मुख्य स्रोत नल का पानी ही है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा करीब 70 फीसदी है। इस पेयजल की स्वच्छता, पीने की योग्यता पर सवाल क्यों उठते रहे हैं? हमारा करीब 70 फीसदी पानी 'प्रदूषित' क्यों है? यह सवाल नीति आयोग के 'संयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक' की जून, 2018 में प्रकाशित रपट में सामने आया है। रपट में यह भी उल्लेख किया गया है कि पानी की गुणवत्ता के संदर्भ में भारत दुनिया के 122 देशों में 120वें स्थान पर है। यह सवालिया के साथ-साथ शर्मनाक स्थिति है। अनुमान है कि 4 करोड़ अपशिष्ट पानी हररोज हमारी नदियों और अन्य जल-स्रोतों में मिलता है। उसमें से एक छोटा-सा हिस्सा ही शोधित किया जाता है। जब शोधन किए गए पानी को पाइपों के जरिए प्रवाहित किया जाता है, तो उस पानी की गुणवत्ता भी दूषित हो जाती है, क्योंकि पानी को पुराने नेटवर्क के जरिए ही प्रवाहित किया जाता है। उस नेटवर्क के समानांतर सीवेज लाइनें होती हैं, लिहाजा पानी के प्रदूषित होने की संभावनाएं सौ फीसदी होती हैं। निष्कर्ष है कि जो पानी नलों के जरिए दिन में कुछ समय के लिए ही छोड़ा जाता है, वह पीने लायक नहीं रह पाता। क्षेत्र और आवासीय कालोनी के मुताबिक भी पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। 2019 में मुंबई के नल वाले जल को 100 फीसदी सुरक्षित घोषित किया गया था, लेकिन मॉनसून मौसम से पहले ही शहर में जल संबंधी बीमारियां बढने लगीं। हमारे राजनेता और सत्ताएं बिल्कुल परवाह नहीं करतीं। चुनाव कभी भी पानी के मुद्दे पर तय नहीं हुए। शुक्र है कि इस बार दिल्ली चुनाव में यमुना का पानी अचानक सबसे उग्र चुनावी मुद्दा बन गया है। यमुना के पानी को शोधित करने के लिए संयंत्र कार्यरत हैं, लेकिन पानी में अमोनिया अथवा अन्य रसायन की उपस्थिति मात्रा से अधिक होगी, तो संयंत्र भी पानी को पीने लायक नहीं बना सकते। बेशक देश की राजधानी में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सरीखे वीवीआईपी के अलावा न्यायाधीश, सांसद, राजनयिक भी रहते हैं।


आयोग ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से पांच और सवाल पूछे थे। केजरीवाल ने यहां तक आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिलाने की साजिश रची थी। यदि दिल्ली सरकार के इंजीनियरों ने विषाक्त पानी को यथासमय न रोका होता, तो दिल्ली में 'नरसंहार' भी हो सकता था। यह बेहद गंभीर और नाजुक आरोप है, लिहाजा चुनाव आयोग तह तक जाना चाहता है कि जहर कौन-सा था? कब और कैसे यमुना के पानी में मिलाया गया? दिल्ली जल बोर्ड के किन इंजीनियरों ने कहां पानी रोका, नतीजतन दिल्ली 'नरसंहार' से बच गई? यमुना के जहरीले पानी पर यह सियासत 5 फरवरी को थम जाएगी, क्योंकि उस दिन दिल्लीवाले नई विधानसभा के लिए मतदान करेंगे, लेकिन इससे भी अधिक संवेदनशील और मानवीय सवाल देश भर में साफ पेयजल को लेकर है। एनएसएसओ के 79वें राउंड का डाटा है कि देश के करीब 95 फीसदी घरों की पहुंच पेयजल तक जरूर है। नल के जरिए जल, संरक्षित कुओं, नलकूपों और बोतलबंद पानी के तौर पर घरों को पीने का पानी उपलब्ध है, लेकिन कोई भी विभाग, एजेंसी या वितरण-संस्था यह शर्तिया दावा नहीं कर सकती कि उपलब्ध पेयजल बिल्कुल साफ, विषाणु-रहित और पीने योग्य पानी है।


### आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

## आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

प्रह्लाद सबनानी


स्वतंत्र भारत का पहिला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में बजट के साथ पेश किया गया था। 1960 के दशक में आर्थिक सर्वेक्षण को बजट से अलग कर दिया गया एवं इसे बजट के एक दिन पूर्व संसद में पेश किया जाने लगा। आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की जाती है एवं अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं को देश के सामने लाने का प्रयास किया जाता है।


**भारत** सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा लोक सभा में देश का आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया। स्वतंत्र भारत का पहिला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में बजट के साथ पेश किया गया था। 1960 के दशक में आर्थिक सर्वेक्षण को बजट से अलग कर दिया गया एवं इसे बजट के एक दिन पूर्व संसद में पेश किया जाने लगा। आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की जाती है एवं अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं को देश के सामने लाने का प्रयास किया जाता है। इसे देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की ओर से तैयार किया जाता है।

लोक सभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कुछ देशों में चल रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत के आर्थिक विकास पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है, परंतु, चूंकि भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच में रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हाल ही के समय में ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई दी है और कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बढ़ने की सम्भावना है क्योंकि देश में अच्छे मानसून के चलते रबी की फसल के बहुत अच्छे स्तर पर रहने की सम्भावना है और इससे खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर भी कम होगी, जिससे नागरिकों के हाथ में अन्य उत्पादों को खरीदने के लिए धन की उपलब्धता बढ़ेगी। आज केवल खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर कुछ अधिक मात्रा में बनी हुई हुई है अन्यथा कोर महंगाई की दर तो पूर्व में ही नियंत्रण में आ चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अर्द्धवार्षिकी में समग्र महंगाई की दर भी नियंत्रण में आ जाएगी। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। भारत आज अपने कच्चे तेल की कुल मांग का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें कम होंगी तो भारत में महंगाई भी कम होगी।

विनिर्माण के क्षेत्र में जरूर कुछ चुनौतियां बनी हुई है एवं कई प्रयास करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी बढ़ नहीं पा रही है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के



करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की क्षमता है। अतः विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भूमि, श्रम एवं पूंजी की लागत को कम करने की आवश्यकता है। इसके लिए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को गति देने की आवश्यकता है ताकि इन इकाईयों की उत्पादकता में सुधार हो सके एवं इनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत कम हो सके। विनिर्माण क्षेत्र में कार्य कर रही इकाईयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए जाने की आज महती आवश्यकता है।

सेवा क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है एवं इस क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अतुलनीय बनी हुई है। भारत में वर्तमान में महाकुम्भ मेला चालू है। आज प्रतिदिन एक करोड़ के आसपास श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। रेल्वे द्वारा प्रतिदिन लगभग 3,000 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए कुछ आंकड़ों के अनुसार, महाकुम्भ मेले से उत्तरप्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यवसाय एवं 25,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय उत्तरप्रदेश सरकार को होने की सम्भावना है। रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। यह समस्त कार्य न केवल धार्मिक पर्यटन, होटल व्यवसाय, छोटे छोटे उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री में अतुलनीय वृद्धि दर्ज करने में सहायक हो रहे हैं बल्कि इससे देश के सेवा क्षेत्र में भी विकास दर तेज हो रही है।

किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी अधिक होगी उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अधिक रहेगी क्योंकि विभिन्न उत्पादों को खरीदने के लिए अर्थव्यवस्था में मांग तो इसी वर्ग के माध्यम से उत्पन्न होती है। अतः देश में प्रयास किए जाने चाहिए कि मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ में अधिक राशि उपलब्ध रहे। भारत में हालांकि समावेशी विकास हुआ है क्योंकि गरीबों की संख्या में तेजी से एवं भारी मात्रा में कमी दर्ज हुई है। परंतु, गरीबी रेखा से हाल ही में ऊपर आकर मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी शामिल हुए परिवार कहीं फिर से गरीबी रेखा के नीचे नहीं चले जायें, इस सम्बंध में भरसक प्रयास किए जाने चाहिए।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों में हो रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात में उतनी वृद्धि दर्ज नहीं हो पा रही है जितनी आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखने के लिए होनी चाहिए। इससे विदेशी व्यापार घाटा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत पर भी लगातार दबाव बना हुआ है। हालांकि विदेशी निवेश में आ रही कमी को अस्थायी समस्या बताया गया है और विभिन्न देशों में स्थितियों के सुधरने एवं अमेरिका में आर्थिक नीतियों के स्थिर होने के साथ ही, भारत में विदेशी निवेश पुनः बढ़ने लगेगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। वृद्धि दर में गिरावट के मुख्य कारणों में शामिल हैं देश में लोक सभा एवं कुछ राज्यों में विधान सभा चुनाव होने के चलते आचार संहिता लागू की गई थी, इससे केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों को अपने पूंजीगत खर्चों को रोकना पड़ा था। नवम्बर 2024 तक केंद्र सरकार द्वारा केवल 5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चे किये जा सके हैं, जबकि औसतन 90,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च प्रति माह होने चाहिए थे। क्योंकि, पूंजीगत खर्चों के लिए पूरे वर्ष भर का बजट 11.11 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित हुआ था। अब सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल 9 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च ही हो सकते हैं। विभिन्न कम्पनियों द्वारा अदा किए जाने वाले कर में भी कमी दिखाई दी है और कुछ कम्पनियों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। जिन जिन कम्पनियों की लाभप्रदता बहुत अच्छे स्तर पर बनी हुई है, इन कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि केंद्र सरकार के साथ साथ वे भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि देश में नई विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हो और विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति बढ़े, रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित हों और महंगाई पर नियंत्रण बना रहे। विशेष रूप से देश में आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत करने में निजी कम्पनियों द्वारा अपनी भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए।

दृष्टि कोण

## वोट बैंक और तुगलकी पंचायती फैसले

**देश** को अंग्रेजों से आजाद हुए 77 साल हो गए, लेकिन कानून का राज अभी तक पूरी तरह कायम नहीं हो सका। राजनीतिक दलों के वोट बैंक के कारण जातिगत पंचायतें अभी भी कानून से इतर तुगलकी फरमान दे रही हैं। इन फरमानों के आगे शासन-प्रशासन बौने साबित हो रहे हैं। राजस्थान के करौली जिले में मीणा महासभा की महापंचायत ने लडक़ी पक्ष द्वारा विवाह से इंकार किए जाने पर ऐसा ही एक फरमान जारी कर दिया और प्रशासन मूक-बधिर बने खड़ा रहा। महापंचायत द्वारा गठित कमेटी ने रौंसी गांव के लडक़ी पक्ष के लोगों पर 11 लाख रुपए, रिश्ता तय करने में मध्यस्थ रहे दो जनों पर एक-एक लाख रुपए का दंड लगाया गया। साथ ही रौंसी गांव में लडक़े पक्ष पर लगाए 11 लाख के दंड को महापंचायत ने खारिज कर दिया। साथ ही फैसला देने वाले रौंसी क्षेत्र के 5 लोगों को 1100-1100 रुपए से दंडित कर 5 साल के लिए समाज की जाजम से बाहर करने की बात कही। जिन जनप्रतिनिधियों का काम कानून का शासन स्थापित कराना होता है, वही कानून की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे आदिम फैसलों के समर्थन में खड़े नजर आए। इस महापंचायत में टोडाभीम विधायक घनश्याम महर भी पहुंचे। आश्चर्य की बात यह है कि शांति व्यवस्था व महापंचायत पर नजर बनाए रखने के नाम पर 50-60 पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, किंतु कोई कार्रवाई नहीं कर सके। महापंचायत के मनमाने निर्णय पर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस ने कोई एतराज नहीं जताया। मानवाधिकार आयोग को भी अधिकारों के हनन करने वाले ऐसे निर्णय नजर नहीं आते। राजस्थान ही नहीं, देश के दूसरे हिस्सों में भी जातिगत पंचायतें ऐसे फैसले सुनाती रही हैं।

खाप पंचायतें अपने परंपरावादी फैसलों के लिए मशहूर रही हैं। मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में खाप महापंचायत ने साल 2014 में फरमान जारी कर लड़कियों के जींस पहनने, उनके फोन और इंटरनेट यूज करने पर बैन लगाया गया था। कुछ लड़कियों के घर से भागने के बाद समाधान के रूप में यह ऐलान किया गया था। ऐसा केवल यूपी में ही नहीं हरियाणा जैसे राज्यों में भी बैन लगाया गया था। साल 2015 में बागपत में एक खाप पंचायत ने दो बहनों के साथ रेप करने और उन्हें निर्वस्त्र करके गांव में घुमाने का आदेश जारी किया था। उन्हें उनके भाई के अपराध की सजा दी गई। उनका भाई एक ऊंची जाति की महिला के साथ भाग गया था। जुलाई 2010 में हरियाणा की सर्व खाप जाट पंचायत ने फरमान जारी किया कि लड़कियों की शादी के लिए उनके बालिग होने का इंतजार नहीं करना है। उनकी शादी अब 15 साल में ही कर देनी है। रेप की घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए यह आदेश जारी किया गया था। ऑनर किलिंग, समगोत्रिय विवाह और प्रेम विवाह को लेकर खाप पंचायतें बेतुका बयान जारी करती रही हैं।

खाप पंचायतों को न तो सुप्रीम कोर्ट की फटकार का ख्याल है और न ही आलोचनाओं का, तभी तो उनके बेतुके फैसले तालिबानी और तुगलकी फरमान की तरह लोगों के सिर पर पहाड़ बन कर टूटते हैं। झज्जर की खाप पंचायत का मानना था कि आर्य समाजी ढंग से होने वाली शादियों पर तत्काल से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। खाप ने यह बेतुका फरमान लव मैरिज को रोकने के लिए सुनाया था। खाप पंचायत प्रेम विवाह के खिलाफ है। खाप ने आर्य समाज में होने वाली शादियों को दुकानदारी करार दिया था। खाप और जातिगत पंचायतों के इस तरह के बेबुनियाद तर्क बदस्तूर जारी हैं। एक खाप ने कहा था कि बलात्कार और यौन शोषण जैसी घटनाओं को रोकने के लिए लड़कियों का बाल विवाह कर देना चाहिए, ताकि वो जवान होने से पहले ही किसी की पत्नी बन जाएं और पुरुष उनकी ओर आकर्षित न हो। महाराष्ट्र के बीड में एक महिला और उसके परिवार के सामाजिक बहिष्कार का आदेश देने पर जाति पंचायत के 9 सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

कुछ अलग

## भांग की खेती और सिद्धांत...

**लो** जी नई कंट्रोवर्सी खड़ी हो गई है। सरकार ने भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यानी सैद्धांतिक तौर पर निर्णय लिया है कि भांग की खेती की जाएगी। यह सरकार का बहुत बड़ा निर्णय है और इसके लिए सरकार को सौ बार सैल्यूट। लेकिन सोशल मीडिया का जमाना है और सरकार की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद सोशल मीडिया पर 'भांग पर बहस' भी शुरू हो गई है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार पब्लिक की मूलभूत समस्याओं से ध्यान हटाना चाहती है और अपना ध्यान भांग पर फोकस करना चाहती है। विपक्ष सरकार से सवाल पूछ रहा है कि 'भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी के पीछे असली मंशा क्या है? क्या सरकार अपने करीबी लोगों को भांग की खेती के ठेके देना चाहती है? क्या कॉर्पोरेट घरानों के लोग अब गरीब आदमी की जमीन पर कब्जा करके भांग उगाना शुरू कर देंगे? गरीब किसान कहां जाएगा?' मौका पाते ही टीवी चैनल भी इस बहस में कूद गए हैं। हर चैनल इसे 'ब्रेकिंग न्यूज' बना रहा है। एक एंकर चिल्लाते हुए कह रहा है, 'क्या यह देश भांग की खेती से सुपर पावर बनेगा? यह सरकार की दूरदर्शिता है या भांग का नशा?' बहस में शामिल एक नेता कटाक्ष करते हुए कह रहा है, 'ऐसे निर्णय लेने वाले कई बार भांग खाकर भी सदन में आते देखे गए हैं और सदन की गरिमा खंडित हुई है, लेकिन अब सरकार के इस सैद्धांतिक निर्णय से एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि कम से कम अब देश भांग के झूठे सपनों पर नहीं, असली भांग पर चलेगा।' उधर सरकार भी चुप नहीं बैठी है। भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी देने के बाद सरकार के हौसले सातवें आसमान पर हैं। सरकार के प्रवक्ता ने भी प्रेस रिलीज जारी कर दी है, जिसमें लिखा गया था कि 'भांग की खेती से न केवल कृषि क्षेत्र में क्रांति आएगी, बल्कि यह ग्रामीण रोजगार के लिए वरदान साबित होगी। साथ ही, भांग से औषधि उद्योग में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।'

प्रवक्ता का स्पष्टीकरण मीडिया के लिए रिलीज हो गया है, लेकिन कभी हार न मानने वाले न्यूज चैनलों ने एक और दिलचस्प एंगल खोज निकाला है। उन्होंने उन किसानों का इंटरव्यू ले लिया है जो पहले से ही चुपचाप भांग की खेती करते आए हैं। एक किसान बता रहा है, 'साहब, अब सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है तो पुलिस वाले अब हमारी भांग की फसल उखाडऩे नहीं आएंगे। पहले हम चोरी-छिपे उगाते थे, अब गर्व से उगाएंगे।' दूसरी तरफ, कॉरपोरेट जगत में हलचल मच गई है। कारपोरेट जगत भांग में संभावनाएं तलाशने लगा है। एक प्रमुख उद्योगपति का तो मौके का चौका मारते हुए बयान भी आ गया है, 'हम भांग आधारित पेय और स्नैक्स लॉन्च करेंगे। हमारा लक्ष्य भारत को भांग उत्पादों का वैश्विक केंद्र बनाना है। दुनिया हमारा क्या खाकर मुकाबला करेगी?' इस सबके बीच, बाबा लोग भी चुप नहीं बैठे हैं। एक बाबा ने ऐलान कर दिया है कि वह 'आध्यात्मिक भांग रिट्रीट' शुरू करने वाले हैं। उनका दावा था कि भांग का सेवन करते ही भक्त ध्यान में तुरंत लीन हो जाएंगे। इस सारी कंट्रोवर्सी के बीच सरकार ने जनसंपर्क अभियान छेड़ दिया है और नेताजी के समर्थक गांव-गांव जाकर पब्लिक को समझा रहे हैं कि जब भांग की खेती होगी तो आम आदमी को भी भांग मयस्सर होगी। इससे आम आदमी अपनी समस्याओं से छुटकारा पाने लगेगा। उसे महंगाई परेशान नहीं करेगी। बेरोजगारी परेशान नहीं करेगी। बीवी के ताने परेशान नहीं करेंगे। उसकी खुशियों का सूचकांक बहुत तेजी से ऊपर की ओर जाता रहेगा। उसे चारों तरफ खुशहाली नजर आएगी। इस खुशहाली में फिर भांग की खेती की तस्वीर भी दिखेगी।

देश दुनीया से

## प्रदेश के संदर्भ में ओबीसी आरक्षण

**भारत** में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण एक महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रावधान है, जिसका उद्देश्य समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को समान अवसर प्रदान करना है। यह प्रावधान न केवल सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र और संविधान के मूल सिद्धांतों का पालन भी करता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में ओबीसी आरक्षण से संबंधित विवाद और समस्याएं इसे एक संवेदनशील और जटिल विषय बना चुकी हैं, खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां इस प्रावधान का सही तरीके से पालन नहीं हो पाया है। ओबीसी आरक्षण का उद्देश्य केवल जाति या धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करना है। यह सुनिश्चित करना कि सभी नागरिकों को समान अवसर मिलें, ताकि वे शिक्षा, रोजगार और विकास के क्षेत्र में समान रूप से भागीदार बन सकें, भारतीय संविधान का एक मुख्य उद्देश्य है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में इस उद्देश्य को लागू करने में कई बाधाएं सामने आई हैं, जो ओबीसी वर्ग के उत्थान के रास्ते में रुकावट डालती हैं। हिमाचल प्रदेश में ओबीसी आरक्षण का कार्यान्वयन अपेक्षाकृत कमजोर रहा है।

राज्य में 48 ओबीसी जातियां एवं चार क्षेत्र जिओग्राफिकल बैकवर्डनेस के कारण जिसमें ज्यादातर अपर कास्ट समुदाय के लोग ओबीसी में शमिल हैं। लेकिन इन जातियों को आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकारी नौकरियों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, लेकिन वास्तविकता में यह आंकड़ा केवल 12-18 प्रतिशत के बीच है। शैक्षिक क्षेत्र में भी ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है, जो उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए एक बड़ी बाधा बन गई है। वर्ष 2006 में, केंद्र सरकार ने 93वें संविधान संशोधन को लागू किया था, जिसके तहत सभी सरकारी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया था। हालांकि, लगभग दो दशकों के बाद भी, हिमाचल प्रदेश में सरकारों ने इस संशोधन को लागू नहीं किया। यह राज्य सरकारों की नीति निर्धारण में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दर्शाता है। उदाहरण के तौर पर, 2019 में राज्य सरकार ने 103वें संविधान संशोधन को तत्काल लागू किया, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 फीसदी आरक्षण प्रदान किया गया, लेकिन ओबीसी आरक्षण पर कोई प्रगति नहीं हुई। यदि उस समय 93वें संविधान संशोधन को भी लागू किया जाता, तो यह एक ऐतिहासिक कदम होता और समाज में न्याय की दिशा में भाजपा सरकार का महत्वपूर्ण प्रयास साबित होता। मैंने इस मुद्दे को न केवल विधानसभा में, बल्कि व्यक्तिगत रूप से तत्कालीन मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठाया। बावजूद इसके, पार्टी और मुख्यमंत्री की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। आज भी, हिमाचल प्रदेश के शैक्षिक संस्थानों में ओबीसी वर्ग को कोई विशेष आरक्षण नहीं मिल रहा है। राज्य विश्वविद्यालयों और मेडिकल कॉलेजों में ओबीसी के लिए आरक्षण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में ओबीसी के लिए केवल दो सीटें आरक्षित की गई हैं, जबकि राज्य विश्वविद्यालयों में यह संख्या शून्य है। उदाहरण स्वरूप, प्रदेश के एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय में ओबीसी वर्ग को छोडक़र सभी जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था है।

चौधरी सरवण कुमार के नाम पर स्थापित इस विश्वविद्यालय में ओबीसी समुदाय के विद्यार्थियों को दाखिला पाने के लिए कोई आरक्षण नहीं है, जो कि न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि हास्यास्पद भी है। कृषि क्षेत्र में ओबीसी का योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में आरक्षण के अभाव ने उन्हें अवसरों से वंचित किया है। इसके परिणामस्वरूप, ओबीसी वर्ग के लोग शिक्षा और रोजगार के अवसरों से वंचित रह जाते हैं, जो उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को और भी कमजोर करता है। भारतीय संविधान के तहत ओबीसी आरक्षण का प्रावधान समाज के कमजोर वर्गों को समान अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। यह व्यवस्था 93वें संविधान संशोधन (2006) के तहत लागू हुई, जिसके बाद ओबीसी के लिए आरक्षण को संवैधानिक दर्जा मिला। हालांकि, इस उद्देश्य को लागू करने में कई राज्य सरकारें असफल रही हैं, लेकिन यह अत्यंत आवश्यक है कि ओबीसी आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जाए। केवल तभी समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिल सकेंगे, और ओबीसी वर्ग अपनी शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार कर सकेगा। ओबीसी आरक्षण की आवश्यकता भारतीय समाज में तब तक बनी रहेगी, जब तक सामाजिक और आर्थिक समानता की स्थिति पूरी तरह से स्थापित नहीं हो जाती। यह संवैधानिक प्रावधान केवल एक अस्थायी उपाय नहीं, बल्कि समाज में न्याय, समानता और अवसरों की समानता सुनिश्चित करने का एक स्थायी रास्ता है। हिमाचल प्रदेश में ओबीसी आरक्षण की स्थिति में सुधार के लिए राज्य सरकार को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

प्रदेश लोक सेवा आयोग और हिमाचल प्रदेश चयन आयोग में ओबीसी समुदाय से कोई प्रतिनिधि और सदस्य नहीं है। ओबीसी वर्ग को कानूनों और न्यायालयों के जरिए मिले हकों को लागू करने में सरकारें विफल रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अक्सर ओबीसी और संविधान की बात करते हैं, लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार ने 93वें संविधान संशोधन को लागू नहीं किया, जिससे उनकी बातों की अनदेखी की जा रही है। वर्तमान सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संविधान द्वारा निर्धारित ओबीसी आरक्षण के प्रावधानों को पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए, ताकि ओबीसी वर्ग को उनके अधिकार मिल सकें और वे समाज में अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान दे सकें। यह न केवल ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए, बल्कि समग्र समाज की समृद्धि के लिए भी आवश्यक है। ओबीसी समाज उसी पार्टी को समर्थन देगा जो उनके हित साधेगी।

आप का नजरीया

## भीड़ की त्रासदी है

**अंततः** साबित हो गया कि महाकुंभ प्रयागराज में 'त्रासद हादसा' हुआ। भीड़ के कारण भगदड़ मची। भगदड़ वैसी ही थी, जैसी इतिहास में दर्ज हैं और हम कई बार देख-सुन चुके हैं। जिंदगी एक भी बेहद अमूल्य है, वह किसी भी सूरत में कुचली नहीं जानी चाहिए। यह अक्षम्य मानवीय अपराध तय होना चाहिए। मौत निश्चित और अपरिहार्य है, लेकिन मौत वह होनी चाहिए, जो नियति ने तय की हो। क्या महाकुंभ की त्रासदी को भी नियति मान लिया जाए? महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालु पुण्य कमाने गए थे और अब भी जा रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें 'पुण्यात्मा' माना है, वे पूर्णतः आस्थामय थे, लिहाजा पवित्र संगम घाट से 200 मीटर की दूरी तक पहुंच गए थे। फिर उनकी आस्था अधूरी क्यों रही? शायद यही नियति हो! बहरहाल भगदड़ मची और सोते, विश्राम करते भक्त भीड़ की कुचलियों तले फंस गए। कुचलन के कारण 30 मौतें हो गईं, 60 घायल हुए। उनमें से 36 लोग अब भी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। महाकुंभ की यह त्रासदी विश्व भर के मीडिया में छाई है। बड़े-बड़े अखबारों में सुर्खियां, विश्लेषण छापे जा रहे हैं कि भारत इतने व्यापक स्तर पर भीड़ का प्रबंधन करने में नाकाम रहा। सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या कुंभ जैसे अपरिमित जन-आयोजन भारत में किए जाने चाहिए? भारत के सुरक्षाकर्मी भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे अथवा महज अपीलें जारी कर रहे थे? अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भारत-विरोधी अभियान-सा छिड़ गया लगता है। बेशक भगदड़ें होती रही हैं, धार्मिक स्थलों पर ज्यादा हुई हैं, लिहाजा ऐसी त्रासदियों को भी नियति माना जाए। दुनिया भर में भयानक और वीभत्स हत्याएं भी की जाती रही हैं। यह एक निरंतर अपराध है। कुंभ या किसी भी जन-सैलाब के दौरान भगदड़ और बर्बर हत्याओं को मीडिया में 'बैनर सुर्खियों' के तौर पर छापा जाता रहा है। कई दिनों तक विश्लेषण भी प्रकाशित किए जाते रहे हैं, लेकिन अलजाइमर की बीमारी दुनिया भर में मौतों की 7वीं सबसे बड़ी और तय कारण है, लेकिन उसकी खबर एक कोने में छपती है। कई बार तो नजरअंदाज भी कर दिया जाता है। सडक़ दुर्घटनाओं में सालाना लाखों मौतें होती हैं, लेकिन इन्हें भी सुर्खियां नहीं बनाया जाता। कोरोना महामारी की खबर तब तक एक कोने में, अंदर के पन्नों पर, छपती रही, जब तक भारत में मौतों का आंकड़ा निरंतर और भयावह नहीं हो गया। दरअसल भारत एक संकरा और भीड़-भाड़ वाला देश है। आबादी करीब 145 करोड़ है और निरंतर बढ़ रही है। गौरतलब है कि भारत में 9 शहर ऐसे हैं, जिनकी आबादी 70 लाख से ज्यादा है। करीब 46 शहर ऐसे हैं, जिनकी आबादी 10 लाख से अधिक है। इन शहरों के पास ऐसे मैदान भी नहीं हैं, जहां 5 लाख की भीड़ को एक जगह संभाल लिया जाए। देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां एक दिन में 8-10 करोड़ लोगों की भीड़ जमा हो सके और कोई हादसा भी न हो। हमारे रेलवे स्टेशनों पर इतनी भीड़ हो जाती है कि अक्सर भगदड़ के आसार बनते रहते हैं। फिर महाकुंभ में करोड़ों की भीड़ के प्रबंधन और नियंत्रण के दावे क्यों किए गए? पुण्य स्नान के लिए लोगों को आमंत्रण क्यों दिया जाता रहा? बेशक मेला क्षेत्र 4000 हेक्टेयर में फैला है।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीओ सन्नी राज और सीओ गौरव कुमार के संयुक्त भ्रमण के दौरान पेट्रोल पंपो की जांच की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज और अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय के संयुक्त भ्रमण के दौरान क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों की जांच की गई। जिसमें डिस्पेंसिंग यूनिट एवं मेसुरिंग फलक में पेट्रोल और डीजल की मापी की गई। जांच में अलग अलग पेट्रोल पंपों में अलग अलग कमी पाई गई। जिसे लेकर आगे की कारवाई की जाएगी। जांच किए गए पेट्रोल पंपों में ईश्वर दयाल पेट्रोल पंप मूर्वे, शिवकरण लाल पेट्रोल पंप बनहे, बाबा पेट्रोल पंप डाडी, बिल्सी पेट्रोल पम्प डाडी, जियो पेट्रोल पंप मूर्वे का नाम शामिल है।

# थाना परिसर में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर का हुआ प्राणप्रतिष्ठा

## एसपी ने नवनिर्मित मंदिर का फीता काटकर किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में निर्मित बजरंगबली मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर सोमवार के बाजे गाजे के साथ भव्य तरीके से पूजा अर्चना की गई। थाना के पुरोहित शंभू पांडेय के द्वारा स्वस्तिवाचन एवं गंगा स्तुति के साथ पूजा प्रारंभ किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कालीचरण सिंह व सिमरिया विधायक कुमार उज्वल शामिल हुए। हनुमान प्राण प्रतिष्ठा पूजा अर्चना में कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। जहां मंदिर परिसर से कलश निकाल कर रामसागर तालाब पहुंचा। जहां विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरा गया। तत्पश्चाप कलशयात्रा पुनःथाना परिसर मंदिर में स्थापित किया गया। वहीं चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय गिद्धौर पहुंचे।जहां थाना परिसर में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर का विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ व फीता काटकर उद्घाटन किया। मंदिर प्राणप्रतिष्ठा का मुख्य पुजारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया।साथ ही महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया निर्मला देवी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय बिनोद ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

# महा कुंभ में स्नान करने के लिए सिमरिया से तीन बसें रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के सबानों गांव से तीन सिंहवाहिनी बसों में महिला पुरुष एक साथ प्रयागराज के महा महाकुंभ में स्नान करने लिए निकले है। यह महाकुंभ गंगा जमुना और सरस्वती महा नदियों का एक मिलन है जहां लोग महा आस्था के साथ डुबकी लगा साही स्नान करेंगे। साथ हीं कई मंदिरों का भ्रमण कर वापस घर लौटेंगे। जिसका अगुवाई गोपाल राणा करेंगे।

## जीपीएल प्रीमियर लीग सीजन 2 का मैच में पैंथर एलेवेन ने मुकेश वॉरियर्स को 10 रनों से हराया




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत जवाहर फुटबॉल मैदान में आईपीएल के तर्ज पर जीपीएल प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन सोमवार को किया। जिसका शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।साथी प्रीमियर लीग सीजन 2 का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, उप प्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया निर्मला देवी, प्रीमियर लीग सीजन 2 के अध्यक्ष निरंजन दांगी, सचिव प्रेम राणा समेत अन्य ने फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही श्री तिवारी ने संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को हौसलाआपजाही करते हुए कहा कि प्रखंड़ में इस तरह के खेल के आयोजन से गांव देहात के खिलाड़ियों का निखरने का पूरा मौका मिलेगा।जीपीएल का पहला मुकाबला पैंथर इलेवन बनाम मुकेश वारियर्स के बीच खेला गया। टॉस हारकर पैंथर इलेवन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 118 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी मुकेश वारियर्स की टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 108 रन ही बना सका। पैंथर इलेवन की टीम ने मुकेश वारियर्स को 10 रनों से हरा दिया। लखन कुमार ने 23 रन के साथ 3 ओवर में 17 रन देखे 3 विकेट हासिल किया। लखन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।अंपायर की भूमिका आकिद खान व चंदन कुमार तथा स्कोर की भूमिका सुमित कुमार ने निभाई। मौके पर समाजसेवी मुकेश कुमार साव समेत कई मौजूद थे।

# ज्ञान की माता सरस्वती पूजा विद्यालय एवं क्लबों में शांतिपूर्ण हुआ संपन्न आज होगा जुलूस व विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के दर्जनों विद्यालय एवं क्लबों में ज्ञान की माता सरस्वती मां का पूजा धूमधाम से सोमवार को मनाई गई।मां सरस्वती की पूजा धार्मिक परंपराओं के अनुसार बसंत ऋतु के माघ महीना के शुक्ल पक्ष की बसंत पंचमी को किया जाता है। पूजा प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं हर्षो उल्लास के साथ किया गया। माता सरस्वती ज्ञान की देवी है। इसलिए विद्यालय के छात्र-छात्राएं इनकी पूजा अर्चना करके खूब खुशियां मनाते हैं। इस दिन बच्चे रंग-बिरंगे वस्त्र पहनना खूब पसंद करते हैं। पूजा अर्चना के बाद मंगलवार को माता की प्रतिमा को विसर्जन भी किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालयों और महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। क्लब में मां सरस्वती की उपासना के साथ-साथ विद्यालय में कहीं-कहीं जागरण का भी कार्यक्रम कर मनोरंजन किया जाता है। इस उल्लास पूर्ण अवसर पर विद्या और ज्ञान से जुड़े इस त्योहार पर हम सभी देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि तथा विद्या-विवेक की कामना करते हैं। मां सरस्वती से सभी लोग प्रार्थना करते हैं कि पूरे साल ज्ञान बुद्धि विवेक की भंडार भरा रहे और जगत में नाम रोशन होता रहे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चे बच्चियों एवं क्लब के जो निहाह्यल युवक यूतियां पूजा अर्चना में भाग लिए हैं।

## जाबांज आईएएस सह एसडीओ सन्नी राज, सीओ गौरव कुमार के संयुक्त भ्रमण कर गैरमजूरुआ भूमि किया गया अवलोकन

- ➲अतिक्रमण किए गए गैरमजूरुआ भूमि को अविलंब खाली कराने का एसडीओ ने सीओ का दिया निर्देश
- ➲अतिक्रमण भूमि पर मुक्त कराया गया भूमि पर लगा बोर्ड को किया अवलोकन
- ➲क्षेत्र में जितने भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है उसे अविलंब अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा : एसडीओ सन्नी राज
- ➲खाता 2 प्लॉट 76/76 रकबा 52 एकड़ भूमि पर किए गए कब्जा करने वालों को कागजात जमा करने एवं खाली करने की नोटिस दे दी गई है : गौरव कुमार राय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिंघम आईएएस सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज एवं अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने संयुक्त रूप से किए गए अतिक्रमण मुक्त क्षेत्रों को भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान मूर्वे में किया गया अतिक्रमण मुक्त खाता 52 प्लॉट 191 रकबा 2.75 एकड़ भूमि पर लगाया गया सरकारी बोर्ड को अवलोकन किया साथ हीं अतिक्रमण मुक्त भूमि रोल और मूर्वे के भूमि पर अविलंब घेरा बंदी करने का निर्देश दिया गया। आगे कहा कि क्षेत्र में जितना भी सरकारी गैरमजूरुआ भूमि पर फर्जी कागजात बना कर फर्जी तरीके से अतिक्रमण किया गया है सभी को अतिक्रमण मुक्त कर सरकारी काम काज के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। जिसमें सरकारी भवन, कॉलेज, बिल्डिंग, बस स्टैंड, उपकारा जेल आदि बनाया जाएगा। आगे कहा कि मौजा बाकचौमा के खाता 2 प्लॉट 76/77 रकबा 52 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कारियो को नोटिस देकर कहा गया है कि अविलंब कार्यालय को अपना अपना कागजात प्रस्तुत करें साथ हीं स्वत उक्त भूमि को खाली करें अन्यथा प्रशासन का बुलडोजर चलाया जाएगा। इधर अंचलाधिकारी से बात करने पर उन्होंने कहा कि न्यालय के निर्देशानुसार अविलंब सरकारी भूमि पर कब्जा किए गए भूमि को खाली कराया जाएगा।

## पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन




**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत स्तर पर तीन दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कुंदा व बौधाडीह पंचायत मे किया गया है।इस शिविर में किसानों को आधुनिक कृषि, तकनीक फसल उत्पादन में सुधार के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित कृषि विशेषज्ञ सुधीर कुमार ने किसानों को प्रशिक्षण दिया और उनकी समस्याओं का समाधान करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुखिया मनोज कुमार साहू, मुखिया अनिता देवी एटीएम जयंत कुमार, कृषक मित्र प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, शिवमंगल सुमन, कृषक मित्र कृष्णा कुमार समेत कई किसान शामिल हुए।

## बुचीडाड़ी में वन अधिकार समिति की हुई बैठक



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन अधिकार समिति की बैठक ग्राम बुचीडाड़ी में सोमवार दोपहर को आयोजित की गई। इस बैठक में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सेलेस्टीन कुजूर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। श्री कुजूर ने कहा हमें अपने जंगलों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे, और नए पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है।बैठक में जंगलों को बचाने और नये पौधे लगाने का निर्णय लिया गया, ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके।

# सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के निर्देश पर प्रखंड मुख्यालय के फुलसु मोड़ सहित कई जगहों पर सड़क सुरक्षा के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों को पालन करने की अपिल की गई।

## नक्सली संगठन एसजेएमएम सुप्रीमो गिरफ्तार



**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मार्चा के सुप्रीमो राजेश सिंह खेरवार उर्फ उर्फ टुला सिंह उर्फ सैतान सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी कुमार गौरव के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी किया गया इसी क्रम में राजेश सिंह पिता स्व0जतन सिंह पता ग्राम चीरो, थाना चंदवा जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से नाइन एमएम. कैलीबर का देशी रिवाल्वर, दो जिंदा कारतुस, एक मोबाइल फोन और सिमकार्ड बरामद किया गया है। उक्त मामले की जानकारी पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने पुलिस साभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी है। श्री कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन संघर्ष जनमुक्ति मार्चा राज्य के लातेहार एवं गुमला जिला में सक्रिय है। राजेश सिंह के खिलाफ लातेहार चंदवा गुमला बालूमाथ में कई कांड दर्ज हैं। **छापामारी दल में शामिल :** एसडीपीओ अरविन्द कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लातेहार दुलड़ चौंड़े, मनोज कुमार, राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय, कुबेर प्रसाद देव, राहुल कुमार दूबे सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# दो बसें मे सौ श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिये हुये रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा ग्राम से श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार को शेरेगड़ा शिव मंदिर प्रांगण से दो बस मे सवार एक सौ श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुए। इसका नेतृत्व सुमिल यादव, ईश्वर लाल,कुलदीप यादव, रंजीत यादव समेत अन्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुलदीप यादव ने बताया कि महाकुंभ में स्नान के बाद अयोध्या जी, वाराणसी एवं विन्ध्याचल धाम के दर्शन कर अपनी धार्मिक यात्रा को पूरा करेंगे। और पुनः वापस शेरगडा पहुंचेंगे। इसके अलावा सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित आने जाने समेत खाने पीने की भी व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## ब्राईट ऑफ लाईफ एकेडमी का किया गया स्थानांतरण



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुजा के शुभ अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत इटके बारियातू मुख्य सड़क किनारे अलखडिहा टोला स्थित ब्राईट ऑफ लाईफ एकेडमी स्कुल का विधिवत स्थानांतरण कर शुभारंभ किया गया। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया राजिव भगत, संचालक राकेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से पूजा के पश्चात फीता काट कर शुभारंभ किया। मौके पर प्रमुख देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि- विद्या दान सबसे बड़ा दान है, अच्छी शिक्षा सबके लिए जरूरी है। हमारे इस ग्रामीण क्षेत्र में ब्राईट ऑफ लाईफ एकेडमी शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दे रहा है। वहीं संचालक ने बताया कि मेरे विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा टेक्निकल व सीबीएसई पैटर्न के आधार पर संसकार युक्त शिक्षा दी जाएगी। मौके पर समाज सेवी नंदु उरांव, रामलला उरांव, इंद्रदेव उरांव, राधा ओस्ताद, सरिता कुमारी, प्रकाश कुमार, फुलदेव उरांव, रविंद्र उरांव, राजेन्दर गंझू, गोविंद राणा सहित कई अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे। साथ ही प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय, बालिका आवासीय विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय सहित क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थान के अलावे विभिन्न टोला मुहल्ले मे सरस्वती पूजा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय पुरोहितो ने विधिक विद्या की देवी माँ सरस्वती की पुजा कराया, व सबके लिए ज्ञान वुद्धि की कामना की।

## ससुराल से झगड़ा करके आई महिला मायके में की आत्महत्या

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के नावाडीह में एक 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका बालमती देवी नावाडीह निवासी पचू भूईयां की बेटी थी। मृतका के माता-पिता ने बताया कि अपनी बेटी की शादी बारह वर्ष पहले छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुचिला बरवागढ़ा में सितू भूईयां पिता झनकू भूईयां के साथ शादी की थी। बालमती के दो लड़का एक लड़की हैं। दरअसल में दोनों पति-पत्नी में हमेशा छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था। और फिलहाल दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था और बेटी ससुराल से भागकर? मायके आ गयी थी। जिसके बाद दामाद लेने भी आये थे लेकिन बेटी बालमती देवी ससुराल जाने से मना कर दिया।और घर के अंदर गई और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# जिले भर में धूमधाम से की गई मां सरस्वती की पूजा अर्चना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले भर में इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। शिक्षा,कला और संस्कृति की देवी माता सरस्वती के पूजन का यह पर्व जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों और शहरी इलाकों एवं शहर के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों, शैक्षणिक कोचिंग संस्थानों में भी प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। इसके अलावा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाजकुम लातेहार स्टेशन, जवाहर नवोदय विद्यालय, एसवीएम धर्मपुर, गांधी कालेज व बनवारी साहु महाविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना की गयी और प्रसाद का विरतण किया गया। मुख्यमंत्री जिला उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी।भक्तों ने मंदिरों, स्कूलों, कॉलेजों और घरों में देवी सरस्वती की मूर्तियों की स्थापना की और उन्हें पुष्प, फल एवं शास्त्रों से पूजा अर्चना की। पूजा के दौरान विशेष रूप से बच्चे और छात्र-छात्राओं ने अपनी किताबों और पाठ्य सामग्री को पूजा स्थल पर रखकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अनेक स्थानों पर भव्य पूजा आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पूजा के पश्चात भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।वहीं विभिन्न पूजा संघ व समुदायों के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। इसके अलावा बाईपास चौक में टैगोर विला, कारगिल पार्क में ज्योति समुदाय,जुबली चौक में अमरदीप संघ,मानस पथ में वीर बालक संघ, अंबाकोठी में जवान संघ आदि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी।लातेहार जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे ताकि पूजा कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।इस अवसर पर समृद्धि और ज्ञान की देवी माता सरस्वती से जिले की समृद्धि की कामना की गई।

# केचकी पंचायत में पुराने कुप को नव निर्माण कार्य का लगा आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड में मनरेगा योजना धरातल पर तो ना के बराबर ही दिखता है लगभग 60 प्रतिशत योजनाएं तो कागजों पर ही दिखते हैं हाल यह है कि बिना काम के भुगतान बदस्तूर जारी है और इसमें अहम किरदार जेईई का है जो हिस्से के कुछ डिसमिल जमीन का बड़ी योजना के लिए प्राक्कलन तैयार कर दे रहे हैं।इसी क्रम में एक ताजा मामला प्रकाश में आया है जो केचकी पंचायत के उप मुखिया रिया देवी ने सरईडीह में अख्तर अंसारी का कुप निर्माण कार्य में पुराने कुप होने का दावा किया है। उन्होंने बताया है कि पुराने कुप को रात्रि में जेसीबी मशीन के माध्यम से नव निर्माण कार्य कराया गया है ।इससे संबंधित उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को दिनांक 31-01-2025 को लिखित शिकायत देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मामले पर खबर संकलन के दौरान कार्य कर रहे मजदूरों के अलावा कुछ स्थानीय महिलाओं के साथ गांव की बैगिन ने बताया कि हमलोग काम शुरू होने से पहले पूजा पाठ किया है कुप नया बन रहा है। वहीं कुछ लोग बोलते हैं कि उक्त स्थान पर कुछ पोरसा गड्ढा था। आगे क्या होगा जांच का विषय है, जांच के संबंध में बीडीओ के द्वारा अबतक स्थल निरीक्षण नहीं किया गया है।वहीं पंचायत के अन्य मनरेगा योजनाओं की बात करें जिसमें बिरसा सिंचाई कुप संबर्धन आम बागवानी, मेढ़बंदी निर्माण कार्य में तो बड़े भ्रष्टाचार व गबन के मामले सामने आएंगे।

# 68वें स्कूली गेम्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी बरही की तीन बेटियां

**वर्षा कुमारी, रितिका कुमारी व अंकिता कुमारी अपनी प्रतिभा का करेंगी प्रदर्शन**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** स्कूली गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 68वें स्कूली गेम्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हरियाणा के चंडीगढ़ जिला में खेला जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्यभर के सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों से अंडर-17 बालिकाओं को प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया गया है। टूर्नामेंट के लिए 18 जनवरी को रांची में ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें ड्यूज बॉल से टी-20 मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए बरही की तीन प्रतिभाशाली बेटियों का चयन हुआ है। इनमें प्लस टू बरही की छात्रा वर्षा कुमारी, जो बरही न्यू कॉलोनी की निवासी हैं और उनके पिता बीरेंद्र कुमार हैं, दूसरी रितिका कुमारी पिता गनपत राणा हजारी चौपारण प्रखण्ड की रहने वाली है। तीसरी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही की छात्रा अंकिता कुमारी, जो टोइया चौपारण की निवासी हैं और उनके पिता बिनोद कुमार यादव हैं। तीनो बच्चियां बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की खिलाड़ी हैं और प्रखंड परिसर मैदान में नियमित रूप से प्रैक्टिस करती हैं। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस बड़े मंच पर पहुंचने का अवसर दिलाया है। वर्षा कुमारी, रितिका कुमारी व अंकिता कुमारी के इस सफलता के पीछे बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी और बसंत ठाकुर की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने तीनो खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिली। इन तीनो बेटियों के चयन से बरही क्षेत्र में खुशी की लहर है। विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस नेता अरुण साहू, एसडीओ जोहान टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, इंस्पेक्टर आभास कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तीनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

**बरही में विकास की लंबी लकीर खिचूंगा : मनोज यादव**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विधायक मनोज कुमार यादव ने सोमवार को कोल्हुआ, मलकोको व विजैया पंचायत में करीब 1.50 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास पंचायत प्रतिनिधियों के साथ किया। इसमें जल संसाधन विभाग से करगइयो में तालाब जीणोद्धार ( 22 लाख ), हलमता विजैया नाला पर चेक डैम निर्माण ( 40 लाख ) ग्राम पडरिया मलकोको नाला पर चेकडेम डैम निर्माण ( 40 ), उपस्वाथ्य केन्द्र गुड़ियों ( 55 लाख ) के योजनाएं शामिल हैं। इस दौरान विधायक ने कहा कि तालाब जीर्णोद्धार से



आसपास के किसानों को सिंचाई में सुविधा मिलेगा। कहा बरही विधानसभा में विकास की लंबी लकीर खिचूंगा। मंच का संचालन केदार यादव व पडरिया में मुकेश कुमार ने किया। मौके पर भाजपा जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कोल्हुवाकलां मुखिया मंगलदेव यादव, समिति सदस्य प्रभु यादव, समिति सदस्य प्रतिनिधि मंगलदेव यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, मलकोको मुखिया विजय यादव, विजैया मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, पूर्व समिति सदस्य कांति देवी, भाजपा नेता डिलो पासवान, रवि यादव, राजेश यादव, प्रकाश यादव, सुधीर यादव, दिलीप यादव, जागेश्वर यादव, रामदेव यादव, मुकेश कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।.

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का अचला सप्तमी पर सूर्य पूजनोत्सव आज

**प्रदेश अध्यक्ष होंगे शामिल, पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण**

**न्यू एरिया महाकल्याणेश्वर शिव मंदिर में भजन, कीर्तन संग होंगे आध्यात्मिक कार्यक्रम**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की हजारीबाग जिला इकाई की ओर से चार फरवरी की सुबह 9.30 बजे से सूर्य सप्तमी अर्थात अचला सप्तमी का आयोजन भक्तिभाव से किया जाएगा। इसमें महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र शामिल होंगे।ठ हजारीबाग के जिले भर के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान आदित्य हृदय स्रोत का पाठ 11 शाकद्वीपीय ब्राह्मण करेंगे। उसके बाद खीर-पूड़ी और बुंदिया का भोग वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया जाएगा। इस बीच महासंघ के उपाध्यक्ष शंकर मिश्र और उनकी टीम संगीतमय भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिरस में डुबो देंगे। कार्यक्रम में जिलेभर से शाकद्वीपीय समाज से सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु जुटेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ पाठक. जिला अध्यक्ष प्रदीप पाठक, सचिव शंकर चंद्र पाठक, उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा, मनीष पांडे, चंदन मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा व उपेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय, महिला कमेटी की जिला अध्यक्ष पूनम मिश्रा, युवा कमेटी के सचिव अनुज पाठक, जिला उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश पाठक, युवा कमेटी अध्यक्ष राहुल पाठक, उपाध्यक्ष मनीष पांडे, शशि भूषण आदि लगे हुए हैं।

# टाटीझरिया में धूमधाम से मना सरस्वती पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भाराजो ,खैरा ,डूमर , टाटीझरिया, डहरभंगा पंचायत के विभिन्न गांवों मुहल्ले के पूजा समिति क्लबों में विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना आराधना किया गया गया। वही टाटीझरिया के एडिशन पब्लिक स्कूल, डीएवी सैनफोर्ड पब्लिक स्कूल,रामानुजन डिग्री कॉलेज, झरपो मध्य विद्यालय,अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल झरपो टाटीझरिया , उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपो समेत अन्य विद्यालय कोचिंग शिक्षा संस्थानों में विधिवत छात्र छात्राए



शिक्षकों के साथ आचार्य पुरोहितों द्वारा सरस्वती महा भाग्ये विद्या कमल लोचनि ,विश्व रुपे विशालाक्षी विद्या देही नमोस्तुते। अन्य वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा माता सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना आराधना किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने छात्र छात्राओं को सरस्वती पूजा के महत्व की जानकारी देते हुए सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दिया एवं उन्होंने कहा कि वेद की जननी माता सरस्वती आप सबों पर अपनी कृपा हमेशा बनाए रखें। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं संग कई छात्र छात्राए शामिल थे।

# विष्णुगढ़ प्रखण्ड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा सरस्वती पूजा



**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विभिन्न शिक्षा स्थानों एवं चौक चौराहों में सोमवार को ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर सरस्वती पूजा विधिवत पूजा अर्चना कर पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ की गई। जिसमे बोलियांगंज चौक विष्णुगढ़, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय विष्णुगढ़, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, बेनी प्रसाद हाई स्कूल अलपीटो, डीनोबिली पब्लिक स्कूल बनासो, अंबेडकर चौक विष्णुगढ़, ताहा डीएवी पब्लिक स्कूल नवादा, जीनियस इंटरनेशनल स्कूल, इंटर कॉलेज विष्णुगढ़, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, ब्रांच बाल विकास विद्यालय गोला चौक विष्णुगढ़ समेत कई शिक्षण संस्थानों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सनातन धर्म में मां सरस्वती को बुद्धि, ज्ञान, वाणी और शिक्षा की देवी माना जाता है। सरस्वती पूजा विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व है। यह पर्व विशेष रूप से हर वर्ष माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता हैं। इस दिन विद्यार्थी और विद्वान मां शारदे की पूजा कर अच्छे बुद्धि, विवेक और विद्या प्राप्त करने की कामना करते हैं। संगीतकार, लेखक, चित्रकार और कलाकार अपनी कला में निपुणता पाने के लिए मां शारदे की आराधना करते हैं। इसलिए मां शारदे को वाणी की देवी भी कहा जाता हैं। इसलिए कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में इस पूजा का विशेष महत्व होता है, सरस्वती पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि शिक्षा और ज्ञान के प्रति सम्मान का प्रतीक भी है, यह हमें सिखाती है कि जीवन में विद्या बुद्धि और कला का विशेष महत्व है और हमें हमेशा सीखने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एक दूसरे पर गुलाल लगाकर झूमते हुए प्रतिमा विसर्जन कर उनमें नई ऊर्जा जागृत होती हैं।

# हजारीबाग में मां सरस्वती की पूजा : भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या और संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना के रूप में पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। हजारीबाग में भी इस बार मां सरस्वती की पूजा भक्ति, उमंग और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। शहर के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों तथा पूजा समितियों द्वारा मां सरस्वती की भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की गई।पूरे हजारीबाग में जगह-जगह भव्य पंडालों का निर्माण किया गया था, जहां मां सरस्वती की सुंदर प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इन पंडालों को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया था, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बन गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था, जहां विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावक भी देवी



सरस्वती के चरणों में नमन करने पहुंचे। इस दौरान कई विद्यालयों में भजन-कीर्तन, नृत्य-संगीत, चित्रकला प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मां सरस्वती की प्रतिमाओं की स्थापना के बाद पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। सुबह से ही विभिन्न पूजा स्थलों पर हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से हिस्सा लिया। कई स्थानों पर विद्वान पुरोहितों ने मां सरस्वती के मंत्रों का उच्चारण किया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। पूजा के बाद विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। लोगों ने मां सरस्वती के चरणों में बैठकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक शहर के पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। इस अवसर पर छात्राओं में विशेष उमंग देखने को मिली। वे पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आईं और माता की स्तुति में लीन रहीं। कई स्थानों पर कन्या पूजन भी किया गया, जहां छोटी बच्चियों को मां सरस्वती का स्वरूप मानकर उनका पूजन एवं आशीर्वाद लिया गया। इस आयोजन ने हर छात्र और श्रद्धालु को ज्ञान और संस्कार की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

# मां सरस्वती की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पहले दिन का पूजा अर्चना पूरे केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में भक्ति भाव से 3 फरवरी को की गई. सरस्वती पूजा को लेकर सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों विभिन्न क्लबों और समितियों के द्वारा प्रतिमा स्थापित किया गया है. जहां पूरे भक्ति भाव से श्रद्धालु भक्तों ने प्रथम दिन का पूजा किया. क्षेत्र के केरेडारी गरी कलां बरियातू कंडाबेर बेलतू हेवई बेंगवरी पांडु चट्टी बरियातू पचड़ा पेटो सलगा बुंडू पाताल पंचायत के विभिन्न गांव कस्बा सरकारी गैर सरकार स्कूलों और विभिन्न क्लबों समितियों के द्वारा एक से बढ़कर एक मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी. आकर्षक पूजा पंडाल को विद्युत साज सज्जा से सजाई गई है वही 4 फरवरी को दूसरे दिन की पूजा के उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा को विसर्जित किया जाएगा.

# बरही में मां शारदे की पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर समेत विभिन्न पंचायतों में जगह जगह विद्या के देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सरकारी, गैर सरकारी, कोचिंग, विभिन्न क्लबों के द्वारा भक्तिभाव के बीच मां सरस्वती को नमन किया गया। विद्यार्थियों ने पूजा कर मां सरस्वती से सुबुद्धि और समृद्धि की कामना की। बरही के आइलेक्स पब्लिक स्कूल,श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, द ्ग गाइड इंस्टीट्यूट, गांधी स्कूल, अर्श पब्लिक स्कूल, कॉस्मिक पब्लिक स्कूल,रेनबो पब्लिक स्कूल बरही सहित अन्य जगह-जगह पर मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित की गई, पुजारी के द्वारा विधि पूर्वक पूजा अर्चना कराई गई। वहीं छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विद्यालय में स्थापित मां सरस्वती की पूजा कर ज्ञान का वरदान मांगा। सरस्वती की पूजा कर विद्या देने की मांग की, इस दौरान बने पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से बनाते हुए विद्युत साज सजा की गई थी। वहीं विभिन्न पूजा पंडालों में देर रात तक स्कूली बच्चों और महिला पुरुषों की भीड़ लगी रही, पूजा के दौरान छात्राओं में खास उमंग और उत्साह दिखा, इसी बीच प्रसाद का वितरण होता रहा।

# बड़वार में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व



**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारू प्रखंड के इरगा पंचायत के बड़वार गांव के गोड़ेतिया एंव बागीटोला में सोमवार के दिन में धूमधाम से बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा मनाया गया। गोड़ेतिया एंव बागी टोला में मुख्य पुजारी के रूप में अजय यादव एंव सुरेंद्र यादव वही बागी टोला में शंकर यादव द्वारा पूजा अर्चना किया गया। साथ ही पूरे प्रखंड में पूजा समितियों तथा शैक्षणिक संस्थानो में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। खासकर स्कूली बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जगह-जगह लोगों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की। बसंत पंचमी को हिदू पंचांग के अनुसार सबसे शुभ दिन माना गया है। पंचांग के अनुसार चार ऋतु में सबसे श्रेष्ठ रितु बसंत ऋतु को माना गया है । जिसे लेकर इस विशेष दिन पर इलाके में गृह प्रवेश,विदाई समारोह,नए व्यापार का शुभारंभ आरम्भ होता जगह जगह देखा गया। इस मौके पर कई शैक्षणिक संस्थानों में अलग-अलग तरह से इस समारोह का आयोजन किया गया। उत्क्रमित मध्य बिधालय बड़वार ,अल्फा कॉर्नर झुमरा,गलेरियस पब्लिक स्कूल, ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल,स्वामी विवेकानंद मेमोरियल स्कूल, किड्स गार्डेन पब्लिक स्कूल,तथा और कई शैक्षणिक संस्थानों में बच्चो के द्वारा कई कार्यक्रम पेश किए गए ।तथा मां सरस्वती का वंदन कर एक दूसरे को गुलाल आदि लगाकर समारोह को धूम धाम से मनाया गया । विभिन्न चौक चौराहों पर भी प्रतिमा स्थापित कर लोगों ने माता सरस्वती की पूजा की। इस अवसर पर पुजारी के रूप मे पिंकी कुमारी, सबिता देवी, जमुनी देवी, गुड़िया देवी,काजल कुमारी, निशु कुमारी, सीता देवी,सरिता देवी,कोशलिया देवी,मनीषा कुमारी,ललिता कुमारी , स्कूल सहित अन्य जगहों पर विद्या की देवी की आराधना की गई।

# हज़ारीबाग़ कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंसेज एंड हास्पिटल में माँ शारदे की आराधना, विद्या व ज्ञान का मांगा आशिर्वाद

**मां सरस्वती की पूजा से मानसिक रूप से मजबूत व दृढ़ संकल्पित बनाता है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंसेज एंड होस्पिटल में ज्ञान और विद्या की देवी वसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किया। इस दौरान माँ शारदे की आराधना कर विद्या व ज्ञान का आशिर्वाद मांगा। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा कॉलेज परिसर भक्तिमय हो गया। हर कोई इस पूजा को लेकर काफी उत्साहित दिखे। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की। उन्होंने छात्रों को अच्छे परीक्षा फल हेतु कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित भी किया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मां सरस्वती को शिक्षा, कला व विज्ञान की देवी कहा जाता है। मां सरस्वती



की पूजा मानसिक रूप से मजबूत व दृढ़ संकल्पित बनाती है। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती पृथ्वी पर प्रकट हुई थी। माता सरस्वती ने पृथ्वी पर उदासी को खत्म कर सभी जीव जंतुओं को वाणी दी थी इसलिए माता सरस्वती को ज्ञान, विज्ञान, संगीत, कला और बुद्धि की देवी भी माना जाता है। मौके पर विशेष रूप से डेंटल कॉलेज के प्राचार्य के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव एवं डॉ स्वाति सहित बडी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# झारखंड कॉलेज के इंटर द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**टेस्ट एग्जाम में टॉप फाइव विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड इंटर कॉलेज में सरस्वती पूजा की गई तत्पश्चात सेकंड वर्ष के छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य विनोद यादव व संचालन शमशेर अंसारी ,सूरज दास ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा की क्षेत्र के सभी स्कूल कॉलेज को उत्थान करेंगे।बड़कागांव में झारखंड कॉलेज बहुत दिनों से सेवा भावना के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते आ रहा है। बच्चे आप जहां भी जाइए समाज के विकास में अपना तन मन लगाए रखें, हमारी जरूरत जहां भी पड़ेगी हम आपके साथ हैं। विशिष्ट अतिथि डी पाणिनि आईएएस अकादमी के डायरेक्टर डॉ प्रकाश कुमार ने कहा की झारखंड कॉलेज के बच्चे जब हजारीबाग जाते हैं तो बेहतर रिजल्ट करते हैं। बड़कागांव में शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड कॉलेज का विशेष योगदान रहा है। विदाई समारोह को लेकर कॉलेज के छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 12वीं के टेस्ट एग्जाम में टॉप फाइव स्टूडेंट को पुरस्कार एवं मेडल देकर आगे बढ़ने के लिए पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान आदित्य कुमार, द्वितीय स्थान सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, शाहीन परवीन, आनंद कुमार, चितरंजन, नेहा कुमारी, मिना कुमारी, सोनी कुमारी को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज प्रोफेसर मोहम्मद शमशेर अंसारी के द्वारा मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी को शॉल देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, अशेश्वर राम, नवलेश यादव, विपिन कुमार, तारकेश्वर कुमार, रंजीत कुमार, मोहम्मद मुदस्सर, धर्मनाथ कुमार, सूरज कुमार दास, अनुज कुमार यादव, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार, धीरेंद्र प्रसाद, कामेश्वर महतो व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे एवं हजारीबाग यूथ विंग संस्था ने विकास तिवारी की माता के निधन पर जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य सह युवा समाजसेवी विकास तिवारी की माता का सोमवार प्रातःकाल दुखद निधन हो गया। यह समाचार सुनते ही हजारीबाग यूथ विंग संस्था में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय माता जी सरल, सौम्य और धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं, जिन्होंने अपने परिवार एवं समाज में स्नेह, संस्कार और सेवा की भावना का संचार किया। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि समाज के अनेक लोगों को गहरा आघात पहुंचा है। इस अवसर पर परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही,वही संस्था के सचिव संजय कुमार,कार्यकारणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन,कुल्तार सिंह अंतिम संस्कार में शामिल हुए जिन्होंने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को सांत्वना दी। परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने अपने सोशल मीडिया से संवेदनाओं को व्यक्त करते हुए कहा विकास तिवारी की माता का निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने समाज को एक संस्कारी और सेवा भाव से ओतप्रोत परिवार दिया है। उनके जाने से परिवार के साथ-साथ समाज ने भी एक आदर्श महिला को खो दिया है। मैं इस दुःख की घड़ी में तिवारी परिवार के साथ हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने विकास तिवारी की पूज्य माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा विकास तिवारी जी की माता जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनका जीवन सादगी, संस्कार और सेवा की मिसाल था। उनका जाना न केवल तिवारी परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस कठिन समय में हम सभी तिवारी परिवार के साथ खड़े हैं और प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें।

# रामगढ मे श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बाबा श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव क शुभ अवसर पर सोमवार को दामोदर नदी स्थित मुक्तिधाम परिसर ,गांधी घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हजारों महिलाओं बच्चों, और पुरुषों ने इस कलश यात्रा में भाग लिया। पीले फूलों और खूबसूरत रंगों से कलश को सजाया गया था जिसमें दामोदर नदी से पवित्र जल को पूर्ण किया गया। बाबा की सेवा में समर्पण करने के लिए श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट एवं श्री श्याम महिला परिवार की सभी समस्याएं उपस्थित थी। पांच मुख्य जजमान ने सबसे पहले सपत्नीक कलश की पूजा की। जिसे वेद मित्रों के साथ बनारस से आए हुए विद्वान पंडितों ने कराया। सुबह 7ः00 से लेकर 10ः00 बजे तक गांधी घाट मुक्तिधाम परिसर में ओम नमः शिवाय और ओम श्री श्याम देवाय का जाप लगातार चलता रहा। लोग भक्ति में डूबे रहे और कलश यात्रा के प्रस्थान करने का इंतजार करते रहेऋ पश्चात जुलूस प्रस्थान किया ।आगे आगे बैंड पार्टी







छात्रधारी लोग और श्याम प्रभु की तस्वीरकी एक गाड़ी फूलों से लदी हुई सजी थी। यह भव्य शोभायात्रा थाना चौक, झंडा चौक ,चटी बाजार एवं नेहरू रोड होते हुए बाबा श्याम की मंदिर में प्रवेश की। सभी भक्त महिलाओं से कलश मंदिर में रखवाया गया एवं मंदिर के ठीक सामने प्रसाद भोजन की व्यवस्था की गई जिसमें हजारों हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस प्रशासन की टीम थाना इंचार्ज कृष्ण कुमार जी के नेतृत्व में एवं ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज गजेंद्र पांडे जी के निर्देशन में पूरी तरह सेवा में पुरुष एवं महिला टीम के साथ जुटे रहे। उनके चेहरे पर भी भक्ति की खुशबू नजर आ रही थी और बाबा श्याम का जयकारे भी लगा रहे थे। बाबा श्याम के दरबार में ध्रुव सिंह, विष्णु शर्मा निखिल गोयल, एवं कमल बगड़िया एवं अनेक भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे। रांची से इन गोलू एंड पार्टी म्यूजिक में अपना पूरा साथ दे रही थी। इन भजनों के पीछे धमाल गर जोर मेरो चाले हीरा मोतियों से नजर उतार दूं ,मतलब कि इस दुनिया से हमको तो नफरत है, तू लग रया सोना सोना, बाबा सीन दे निशान मन खाटू जाना स ,इस तरह के भजनों पर लोग लगातार झूमते रहे। श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष, सावर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल ,कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल इस भव्य निशान के आगे आगे चल रहे थे। पांच मुखी जजमान ओमप्रकाश अग्रवाल और राधेश्याम अग्रवाल ऋषभ पटवारी विष्णु पोद्दार ऋषभ संजय जी मथुरा वाले शपतनीक कलश उठाकर आगे आगे चल रहे थे। आगे आगे बैंड पार्टी उसके पीछे भजन बजाते हुए, उसके पीछे कलाकार गाते हुए चल रहे थे। पूरा रामगढ़ श्याम मय नजर आ रहा था पीली परिधानों में महिलाएं एवं पुरुष आज सरस्वती पूजा के इस पावन पर्व पर अपनी अलग छटा बिखेर रहे थे। पूरे रास्ते फूलों की वर्षा हो रही थी एवं गुलाल से सड़क को पाट दिया गया था। सड़क के किनारे हर कोई अपने मोबाइल से इस शुभ घड़ियों को कैद करने में लगा हुआ था। श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट ने रामगढ़ वासियों को इस भक्ति मय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हृदय से धन्यवाद दिया है। कमल बगड़िया, मीडिया प्रभारी

## संयुक्त ट्रेड यूनियन पुरे देश में करेगी संसद में पेश किए गए वित्तीय बजट का विरोध

- पांच फरवरी को बरकासयाल कि सभी परियोजनाओं में संयुक्त मोर्चा बजट कि छायाप्रति जलाएगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के संयुक्त ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों कि बैठक युनाइटेड कोल वर्कस युनियन कार्यालय उरीमारी में सोमवार को हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता वासदेव साव ने किया। वहीं इस बैठक में केन्द्र सरकार के द्वारा संसद में पेश किया गया बजट के विरोध में संयुक्त ट्रेड यूनियन के तत्वावधान में पुरे देश भर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मोदी सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को बदल कर चार लेबर कोड में बदलाव किया गया है। जिसका संयुक्त मोर्चा विरोध प्रदर्शन करती रहेगी और चार लेबर कोड को लागू नहीं होने देगी। संयुक्त मोर्चा संयोजक विंध्याचल बेदिया ने कहा कि अभी का समय काफी कठिनाई भरा है केन्द्र का भाजपा सरकार किसान,मजदूर व सरकारी उद्योग विरोधी है। जिसका हम सभी को समय रहते संयुक्त रूप से मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। केन्द्र सरकार का बजट केवल एक छलावा है। मजदूरों कि समस्याओ को लेकर बरकासयाल क्षेत्र में धारावाहिक आंदोलन चलाएंगी। वहीं पांच फरवरी से बरकासयाल कि सभी परियोजनाओं में कर्मवार सभी पीट में जाकर मजदूरों के बीच बजट का प्रति जलाया जाएगा। वहीं इस मौके पर लालू महतो, अर्जुन सिंह संजय शर्मा, संजय वर्मा,महाबीर प्रसाद आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## श्री अग्रसेन स्कूल में बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में सोमवार को सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने पूजा संपन्न कराई। सरस्वती पूजा के उपरांत बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुष्प वर्षा के बीच सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हवन में भाग लिया। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जीवन के हर इम्तिहान में सफल होने का संकल्प लेते हुए स्वयं को उसके लिए तैयार करें। मजबूत इच्छा शक्ति सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि स्कूली परीक्षा में प्राप्त अच्छा अंक करियर को सही आकार देने में मदद करता है। इसके अलावा अपने व्यक्तित्व और संवाद में हमेशा अच्छे गुणों को स्थान देकर आप आगे बढ़ सकते हैं। विद्यालय परिवार को यकीन है कि आप इस विद्यालय का मान अवश्य बढ़ाएंगे।प्राचार्य विवेक प्रधान ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि विद्यालय ने जो मूल्य आपमें गढ़े हैं, वह आपको भावी जीवन में आगे बढ़ने और व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी बनेंगे। अपनी सभ्यता और संस्कृति का साथ कभी न छोड़ें। जीवन में आगे ढ़ेरों चुनौतियाँ सामने आयेगी। लेकिन हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे द्वारा दी गयी शिक्षा व संस्कार उन तमाम चुनौतियों को छोटा साबित कर देगी। अपने लक्ष्य पर हमेशा फोकस रखें।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने स्कूली अनुभव को साझा किया। शिक्षकों ने भी बच्चों से जुड़ी बातों को रखा। बच्चों को परीक्षा के लिए सीबीएसई के गाइडलाइंस की भी जानकारी भी दी गई। साथ ही शेष बचे दिनों का सदुपयोग करने की सलाह दी गई। अंत में सभी विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप फ़ाइल और पेन देकर परीक्षा में सफलता की कामना की गई।समारोह को निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी, मुख्तार सिंह, राहुल राजगढ़िया, एचके सिंह, साधना सिन्हा, नीलू श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। मंच संचालन शिक्षक कुमुल कुमार ने किया।



## आजाद अधिकार सेना पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री बने मो हसन, लोगों ने दी बधाई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी निवासी सह बड़कागांव विधानसभा पुर्व प्रत्याशी मो हसन को आजाद अधिकार सेना पार्टी का प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है। वहीं उनका मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने किया है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मो हसन के कुशल नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने और आगे बढ़ाने के लिए एक नई पहचान दी गई है। वहीं मो हसन ने कहा कि आजाद अधिकार सेना पार्टी में पहले उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष था। लेकिन सगंठन में मेरी नेक कार्यो व संगठन मजबूती को देखते हुए पार्टी ने मुझे प्रदेश संगठन मंत्री बनाया है। इसके लिए में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं साथ ही जय हिन्द मानवाधिकार में राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने मुझे प्रमंडल अध्यक्ष बनाया है। वहीं बधाई देने वालो में प्रिंस शर्मा,मो गुलबहार, जगदीश राम,मो सत्तार, धनंजय सिंह, मकबूल अंसारी, रामशरण, मुख्तार अंसारी,वसीम रजा, रामस्वरूप,पारस दास,जुलफान अंसारी,मस्कूर आलम आदि लोगों ने बधाई दी है।



## आदिवासियों के लिए पेसा नियमावली को झारखंड में राज्य सरकार जल्द लागू करें

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 1996 ई0 में केन्द्र सरकार ने आदिवासियों के स्वशासन व्यवस्था, रीति-रिवाज, धार्मिक, संस्कृति,परंपरागत जल-जंगल- जमीन-पर्यावरण लिए पेसा नियमावली बना है उसे देश के सभी राज्य सरकारों को पेसा नियमावली बनाकर अनुपालन किया जा रहा है वहीं झारखंड सरकार अभी पेसा नियमावली बनाकर लागू करने के लिए जो झारखंड पेसावली नियमावली लाया है उसमें कहां-कहां विसंगतियां हैं उसे दूर करते हुए यथाशीघ्र झारखंड में लागू करें। इसके लिए भाकपा-माले ने आदिवासियों को लेकर 5 फरवरी 2025 को महेंद्र सिंह भवन, रांची में पेसा को लेकर पार्टी स्थिति तय करने की दिशा में 10 बजे दिन से बैठक होगी?। जिसमें सभी आदिवासी साथी की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में भाकपा-माले राज्य सचिव-कॉ0 मनोज भक्त भी शामिल रहेंगे।

## उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र में हर्षोल्लास से ज्ञान कि देवी मां सरस्वती की हुई पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ की गई। भक्तजनों ने मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर शैक्षणिक संस्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्या की देवी को छात्र - छात्राओं ने ज्ञान की प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विस्थापित नेता दसई मांझी ने उरीमारी हेसाबेड़ा स्थित कांटा घर के समीप पूजा पंडाल का उद्घाटन फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया। उद्घाटन के पश्चात पंडित पुरषोत्तम पांडेय ने मां सरस्वती के प्रतिमा का पट खोल विधि विधान से पूजा अर्चना करवाया। वहीं कोयलांचल क्षेत्र के सयाल, केकेसी पोड़ा, उरीमारी चेकपोस्ट कालोनी, थाना कालोनी, कांटा घर, गरसुला,पोटंगा, शैक्षणिक संस्थानों में शांति निकेतन विधालय बगरैया, डीएवी पब्लिक स्कूल, मध्य विद्यालय गरसुला, के अलावे कईयों जगह पर मां सरस्वती का पूजा अर्चना किया गया। कांटा घर के समीप पूजा पंडाल के उद्घाटन के दौरान पूजा कमेटी के अध्यक्ष बादल कुमार, अमित कुमार, सूरज कुमार, रितिक राज, हेमंत कुमार, सत्यम कुमार, यशवंत कुमार, विशाल कुमार, विकास कुमार, विस्थापित नेता विजय करमाली, विनोद सोरेन ने आदि कई लोगों ने पूजा अर्चना के पश्चात मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया।





## सयाल 8 नंबर दृष्टि फास्ट फूड में खुला इलेक्ट्रिक हाइजेनिक गन्ना जूस मशीन कॉर्नर

- गन्ना का जुस कई बिमारीयो से बचाता है पेट के लिए है रामबाण : नवीन प्रजापति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल आठ नंबर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के समीप दृष्टि फास्ट फूड में सोमवार को सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर इलेक्ट्रिक हाइजेनिक गन्ना जूस मशीन कॉर्नर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। वहीं दृष्टि फास्ट फूड के संचालक नवीन प्रजापति ने कहा कि यह मशीन धनबाद से लाई गई है। इस मशीन कि खासियत यह है कि ये एक बार में ही पुरे गन्ना को निचोड़ कर रस बाहर निकालने कि क्षमता है। वहीं नवीन प्रजापति ने यह भी कहा कि गन्ना का जुस सभी लोगों को पीना चाहिए। गन्ना का जुस कई माइनो में लाभकारी है। यह पेट से संबंधित कई बिमारीयो के लिए रामबाण साबित हुई है। वहीं इस उद्घाटन के मौके पर अरुण प्रजापति,तनु उपाध्याय,गोलू प्रजापति,रजत सिंह,दिपु सिंह, सुमित सिन्हा,आकाश पासवान,साहिल किस्कू, साहिल उर्फ भोला,सादाम,दीपक पांडेय, शिवनंदन पांडेय, जितेन्द्र नायक, दिनेश मांझी,अमन मुंडा, पप्पू कुमार, पिंकू खान,गोलू अंसारी, सुमीत प्रमाणिक, सौरभ यादव, आशीष यादव, शिबू प्रजापति,सौरव पांडेय, प्रहलाद, देवेन्द्र नायक आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।




## नगर परिषद वार्ड नंबर 10 फुलसराय में रेलवे ओवरब्रिज का हुआ भूमि पूजन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर 10 फुलसराय में सोमवार को रेलवे ओवरब्रिज का भूमि पूजन किया गया है जिसमें मुख्य रूप से वार्ड पार्षद इंद्रदेव राम एवं पुजारी राम प्रसाद बेदिया उपस्थित थे । इस रेलवे ब्रिज का फुलसराय के लोगों का एक दशक से मांग कर रहे थे । जिसका काफी विरोध भी रेलवे ने किया गया था ।और आज इसका भूमि पूजन कर लिया गया है इस रोड से लगभग स्कूली बच्चे , शादी विवाह के लिए गाडियों का आना जाना में बहुत कठिनाइयां होती थी एवं एंबुलेंस का आना जाना भी बहुत ही मुश्किल होता था । जिससे लोगों को कॉपी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था ओवर ब्रिज का भुमि पूजन से लोगों में खुशी का माहौल है इस मौके पर मुख्य रूप से तेजेंद्र बेदिया , राजू बेदिया, बसंत बेदिया ,नौशाद आलम दिनेश बेदिया सुभाष बेदिया फारूक अंसारी शिटन बेदिया इनामुल हक नौशाद अंसारी मोहम्मद नसीम डेगन बेदिया वाहिद अंसारी सोनी देवी लक्ष्मी देवी फुल कुमारी देवी चमन देवी एवं रेलवे के ठेकेदार , रेलवे के सभी अधिकारी उपस्थित थे।



# रामगढ़ में माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर जय माता दी के जयकारे से गूंजता रहा। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं लाल चुनरी ओढ़े सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सुसज्जित वाहन पर माता का विशाल चित्र रखा गया था। इसके पीछे नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के कलाकार भजन गायक राजू कैंथ, प्रीति पांडे व शालू विश्वकर्मा ने सांची जोतो वाली माता तेरी जय हो, गनपत तेरा साथ है हमारा तुम्हारा, रामगढ़ वाली मंईया तेरी शान निराली, मंईया की कृपा जिसपे हो जाय मौज उड़ाए आदि भजन गाते हुए अपनी पूरी टीम के साथ चल रहे थे।नगर भ्रमण के दौरान शिवाजी रोड स्थित गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के आगे शतचंडी यज्ञ के मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला साथ-साथ चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर की संचालक संस्था पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, सहसचिव नरेश चन्द्र मारवाह, कोषाध्यक्ष सुशील खोसला, हेमेंद्र सौंधी, जेके शर्मा, सुरेन्द्र सोबती, राजीव चड्डा, बलवंत राय मारवाह, रमण मेहरा, विश्वनाथ अरोड़ा, संजीव चड्डा, मनीष मारवाह, विशाल वासुदेव, पवन मारवाह, संजीव धमीजा, हरिओम भसीन, प्रवीण शर्मा सहित बिरादरी के सभी सदस्यों के अलावे श्रद्धालु शामिल थे।बताया जाता है कि आज से 34 वर्ष पूर्व स्थानीय झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी।लोगों का कहना है कि आज से 34 वर्ष पूर्व काफी आश्चर्यजनक तरीके से माता की प्रतिमा स्थापित हुई थी। लोग बताते हैं कि प्रतिमा स्थापना के वक्त काफी संख्या में लोग प्रतिमा को उठाकर नियत स्थान पर बैठा रहे थे, लेकिन प्रतिमा को लोग उठा नहीं पाए। इसके बाद काशी व अन्य स्थान से आए पंडितों ने काफी अनुष्ठान व धार्मिक क्रियाएं की, इसके बाद एक तेज आवाज हुई और धरती में कंपन हुआ। इसी के साथ प्रतिमा नियत स्थान पर स्थापित हो सकी। आवाज इतनी तेज थी कि इसकी आवाज पूरे रामगढ़ वासियों ने सुनी। रामगढ़ के लोग इसकी पुष्टि भी करते हैं, इसके बाद प्रत्येक वर्ष प्रतिमा स्थापना की वर्षगांठ मनाई जाती है। वर्ष में तीन बार भंडारे का आयोजन ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। मंदिर के गुंबद को 30 फीट तक सोने से मढ़ा गया है। मंदिर के ऊपर सोने का छत्र बनाया गया है। तीनों भंडारे में लोगों की अपार भीड़ होती है।





## गिद्दी में धूमधाम व भक्तिभाव से मनायी जा रही है सरस्वती पूजा

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिद्दी, गिद्दी सी, रेलीगढा, गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी, डाडी, कनकी, रिकवा, होसिर, चुंबा, हेसालोंग के विभिन्न शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न क्लबों के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना भव्य पंडालों के बीच पुरे विधि विधान और मंत्रोच्चार के बीच माँ शारदे, वीणा वादिनी हँसवाहिनी के जयकारों के साथमनाई जा रही है। विद्यालयों व विभिन्न शिक्षण संस्थानों में छोटी छोटी बच्चीयां रंग बिरंगी परिधानों में इस पंडाल से उस पंडाल में फुदकती चल रही है। सोमवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मां सरस्वती के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा-अर्चना के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।



# खुशी के माहौल में हर्ष फायरिंग ने डाला बिघ्न, पुलिस ने अपनाया कड़ा रुख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** खुशी के माहौल में हर्ष फायरिंग ने बिघ्न डाल दिया। इधर, धनबाद के गोविंदपुर में रविवार की देर रात को हुई हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस का रुख कड़ा है। सूचना के मुताबिक सोमवार को पुलिस ने कृष्णा विश्वकर्मा एवं विकास सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं गोली मारकर हत्या के प्रयास के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। हथियार को भी जब्त कर लिया गया है। गोली से घायल श्याम सुंदर विश्वकर्मा के फर्द बयान के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। लड़की के पिता कृष्णा विश्वकर्मा एवं गोली चलाने वाले सरायढेला के रहने वाले विकास सिंह को आरोपी बनाया गया है।

**कृष्णा विश्वकर्मा की बेटी की शादी में हुई हर्ष फायरिंग**

कृष्णा विश्वकर्मा की बेटी की शादी बाघमारा के स्वर्गीय जयप्रकाश शर्मा के पुत्र कृष्णाकांत शर्मा के साथ रविवार को हुई। इसी में हर्ष फायरिंग की घटना हुई। हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध है बावजूद धनबाद के गोविंदपुर में हर्ष फायरिंग की घटना ने लोगों को चौंकाया है। हर्ष फायरिंग में श्याम सुंदर विश्वकर्मा घायल हो गया है, जिसका उपचार चल रहा है। घटना रविवार की रात 11 बजे के बाद हुई बताई गई है। दरअसल गोविंदपुर के कृष्णा विश्वकर्मा की बेटी की शादी बाघमारा के कृष्णाकांत शर्मा से तय हुई थी। गोविंदपुर के एक होटल में बारात को ठहराया गया था।



**रविवार की देर रात को चली गोली**

बरात गोविंदपुर के अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन रात 11 के बाद पहुंची। उसके बाद हर्ष फायरिंग शुरू हुई और घटना घट गई। घायल को गोली घुटने के नीचे लगने के बाद वह वही गिर पड़ा। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। गोली चलने के बाद भगदड़ मच गई थी। उपस्थित लोग इधर-उधर भागने लगे थे। पहले तो किसी की समझ में ही नहीं आया कि भगदड़ क्यों मची है। फिर सूचना पाकर गोविंदपुर पुलिस पहुंची और घायल श्याम सुंदर विश्वकर्मा को अस्पताल पहुंचाया।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पत्र जारी कर धनबाद के विकास एवं व्यवसायियों की समस्या के समाधान हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट करवाया है। 1. धनबाद में हवाईअड्डा के लिए ज़मीन की माँग, 2. विधि व्यवस्था में सुधार, 3. गया पुल अंडरपास का टेंडर फाइनल कर कार्य आरम्भ किया जाए, 4. ट्रेड लाइसेंस के लिए कमर्शियल होल्डिंग की अनिवार्यता समाप्त कर व्यवसायी के नाम से होल्डिंग बनाया जाए, 5. धनबाद में गोविंदपुर से गिरिडीह मार्ग पर नई इंडस्ट्रियल एरिया बनवाई जाए।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान एवं महासचिव पवन सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के झामुमो के स्थापना दिवस के अवसर पर धनबाद आगमन पर धनबाद की धरती पर चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की ओर से उनका स्वागत है।सोहराब खान एवं पवन सोनी ने कहा कि हम व्यवसायी संगठन के तौर पर धनबाद के विकास एवं व्यवसायों के समस्या के समाधान की आग्रह मुख्यमंत्री जी से करते हैं। कहा की हम आशा करते हैं कि मुख्यमंत्री जी धनबाद के विकास एवं व्यवसायों के समस्या के समाधान पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेंगे।

## महुदा व भाटडीह क्षेत्र में सरस्वती पूजा भक्तिमय माहौल में संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद के महुदा और भाटडीह क्षेत्र में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा भक्तिमय माहौल में धूम धाम से मनाया गया। क्षेत्र के महुदा बाजार, महुदा मोड़, भुरंगिया, कांड्रा, तेलमोचों, लोहापट्टी, सिंगड़ा, बागड़ा, छत्रुटाड़, तेतुलिया, हाथूडीह, पाथगडीया, पुदुगोड़ा आदि पंचायत और स्थानों में सुबह से ही सरस्वती पंडालों में महिला पुरुष और बच्चों ने पूजा अर्चना किया, वही क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में बच्चों का उमंग पूजा के प्रति देखा गया ।

## श्री मनन करियर सेंटर में हुआ सरस्वती पूजा का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया के श्री मनन करियर सेंटर निःशुल्क डिस्कशन सेंटर में हर्षोल्लास के साथ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा मनाई गई। इस मौके पर पंडित रामश्रेष्ठ झा ने विधिवत रुप से पूजन अर्चना करवाए। श्री मनन के संस्थापक मनंजय पाठक ने कहा की हमारी संस्था का 12वां वर्ष हो गया। हमारे संस्था से अनेक छात्र-छात्रा देश के हर विभाग में अपना सेवा दे रहे हैं। सभी छात्रों के लिए श्री मनंजय पाठक ने कहा की माँ सरस्वती के दरबार से कोई खाली नहीं लौटता है। परिश्रम करने वालों की कभी हार नहीं होती। आप एक समय सारणी निर्धारित कर पढ़ाई पर विषय ध्यान दे। पूजा को सफल बनाने में दीपक सिंह, विवेक साव, जितेन्द्र यादव, राहुल सिंह, मोहन सिंह, दुर्गेश पाठक, अमित यादव, प्रवीण, राहुल, निधि शर्मा, कृष्णा शर्मा, काजल आदि छात्र-छात्राओं का अहम सहयोग रहा।

## कोलियरी क्षेत्र में बिजली को लेकर मजदूरों एवं ग्रामीणों ने किया चक्का जाम



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मधुबन थाना क्षेत्र के महेशपुर कोलियरी सिनीडीह खादन के समीप नदी किनारे विगत तीन दिनों से बीसीसीएल कॉलोनी में बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण मजदूर में काफी रोष देखा गया मजदूर और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से महेशपुर कोलियरी डिपु पहुंच कर चक्का जाम किया लगभग 3 घंटे खदान बंद रही मजदूर एवं ग्रामीण ने कोलियरी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महेशपुर डिपो में लाइन पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया प्रदर्शन का नेतृत्व मजदूर नेता गोरचंद बाउरी पूर्व जिला परिषद सदस्य अंजना देवी कर रहे थे धरना प्रदर्शन में काफी संख्या में मजदूर और ग्रामीणों महिला पुरुष शामिल थे कोलियरी प्रबंधन नारायण हांसदा ने प्रदर्शनकारों एव नेता गौर चन्द बाउरी से वार्ता की प्रबंधक ने 24 घंटे में बिजली देने की बात कही तब जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ मौके पर गोपाल बाउरी आनंद बाउरी लालू बाउरी सुनील कुमार सिंह राज कुमार चौहान रामजी चौहान उमाशंकर विकास पासवान विजय बाउरी आर्यन बाउरी शेखर बाउरी टाइगर बाउरी निहाल बाउरी साहिल बाउरी विनय यादव अंजना देवी गंगा देवी अलता देवी रिंकू देवी गीता देवी लक्ष्मी देवी पार्वती देवी कुंती देवी लक्ष्मी देवी जया देवी लखि देवी झाली देवी आदि मौजूद थे

## राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बजट : अनुपमा सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यह बजट राज्य प्रभावित चुनावी बजट है। दलगत भावना को देखकर तैयार किया गया बजट है। इसमें झारखंड की घोर उपेक्षा की गई है। साथ ही साथ गैर भाजपा शासित राज्यों कि बिहार राज्य में चुनाव आ रहे हैं, वहां भाजपा की लुटिया डूबती नजर आ रही है। इसलिए बजट में तरहीज देकर वोट लेने की तलाश में भाजपा की केंद्र सरकार दिख रही है। हमें आशा थी कि बजट में हमारे हक और अधिकार का बकाया राशि 1 करोड़ 36 लाख रुपए तो वापस मिल जाएंगे वह भी नही दिया गया। किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया।

## युवती ने घर के पंखे में दुपट्टे से फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला किया समाप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखण्ड के अंतर्गत पदुगोड़ा पंचायत महुदा बाजार के गणेश पूजा भंडार के बगल में फल विक्रेता लड्डू रजक के छोटी पुत्री भूमि कुमारी उम्र 14 वर्ष ने अपने घर के कमरे में दुपटा से पंखा में झुलता हुआ मिला । मृतिका की बड़ी बहन ने कमरा में देखा कि बहन दुपट्टा से झूली हुई है ।आनन फानन में बीजीएच ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । इसके बाद बोकारो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बोकारो सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम में भेजा। उसके बाद शव को परजनों को सौप दिया । मृतिका के पिता ने बताया कि रविवार को शाम प्रति दिन के भांति संध्या को दोनो पति पत्नी दुकान में थे, भूमि कुमारी अपने बड़ी बहन और छोटा भाई के साथ अपने घर पर थी रात का खाना बना रही थी इसी बीच अपने कमरा बन्द कर फंदा पर झुलती उनका छोटा भाई ने देखा और हल्ला करने लगा, खिड़की को तोड़कर बहार निकाला गया और बीजीएच अस्पताल ले गया । भूमि कुमारी रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय में नवम् वर्ग की छात्रा थी ।

## सीनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप में धनबाद को 29 पदक, प्रिया और संदीप को स्वर्ण पदक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड द्वारा आयोजित सीनियर झारखण्ड स्टेट कराटे चैंपियनशिप में धनबाद जिला कराटे संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले की 27 सदस्यीय कराटे टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्ग के काता एवं कुमिते की स्पर्धा में 29 पदक जीतने में सफल हुए। प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं के 61 किलो भार वर्ग की कुमिते स्पर्धा में झरिया की प्रिया केशरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। जबकि पुरुषों की 84 किलो भार वर्ग की कुमिते स्पर्धा में संदीप कुमार पासवान को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।




इसके अलावा सानिया झा (दो रजत एक कांस्य), क्षितिज कुमार (दो कांस्य), सौरभ भारती (एक रजत एक कांस्य), अनिकेत कुमार (दो कांस्य), विश्वजीत सिंह, सुनील कुमार महतो, उन्नति प्रिया, पूनम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रतनेश पाठक तथा अनीश यादव को रजत पदक प्राप्त हुआ। सोनू कुमार ठाकुर, मानसी केशरी, सना फ़ातिमि, अपुर्वालाल बार, रवि कुमार, आदिल खान, अभिषेक यादव, मधुरिमा शासमल, अंतरयामी शर्मा तथा विश्वजीत सिंह कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सभी पदक विजेताओं की सफलता पर धनबाद जिला कराटे संघ के संरक्षक सुनील कुमार, श्याम पांडे, विषा अग्रवाल तथा डॉ. डी . एन. आचार्य, अध्यक्ष रंजीत केशरी, वरीय उपाध्यक्ष रेज़ा इश्त्याक, सचिव राजेश सिंह, उपाध्यक्ष साधन चंद लोहार तथा मो. इस्लाम, कोषाध्यक्ष ममता पांडे, संयुक्त सचिव मनोज शर्मा, गुलज़ार राजा तथा राजा विश्वकर्मा, राष्ट्रीय रेफरी सूरज वर्मा तथा राजेश कुमार यादव ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

## पिट वाटर कि सप्लाई ठप होने के कारण एरिया इंजीनियर का किया घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** साउथ तीसरा गोल्डेन पहाड़ी कॉलोनी में विगत दो माह से पिट वाटर कि सप्लाई ठप है। जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है, जिसे लेकर सोमवार को जमसंघ के नेताओ ने लोदना क्षेत्रीय कार्यालय स्थित बिधुत व यांत्रिक कार्यालय में एरिया इंजीनियर का घेराव किया। इस दौरान नेताओ ने प्रबंधन को खूब खरी खोटी सुनाई। नेताओ ने कहा कि गोल्डेन पहाड़ी के करीब दस हजार कि आबादी को पिट वाटर नही मिल रहा है। अभी यह हाल है तो आगे एक माह में गर्मी के समय में स्थिति और भयावह हो जाएगा। जिस पर क्षेत्रीय अभियंता संतोष मालवीय ने कहा कि मंगलवार से नव इंच का पाइप गिरेगा, जल्द पानी सुचारू रूप से मिलेगा। मौके पर एजीएम परवेज आलम, प्रबंधक रविशंकर प्रसाद के अलावे केंद्रीय कल्याण बोर्ड के सदस्य संजीत सिंह, क्षेत्रीय संजुक्त सचिव रायबाबू सिंह, वरिय नेता सुदर्शन प्रसाद, रितेश निषाद, हरिश्चन्द्र सिंह, श्यामबहादुर सिंह, उमेश सिंह, राजीव झा आदि थे।

## एनएसयूआई ने अनाथाश्रम में बच्चों के बीच बाटी खुशियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार 3 फरवरी को एनएसयूआई के नेता जय प्रकाश यादव के सौजन्य से हीरापुर स्थित हिंदू मिशन अनाथालय में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों संग खुशियां बाटी गई। बच्चों को कॉपी, कलम और मिठाइयां बाटी गई। सभी बच्चों को आज के दिन की महत्ता बताकर उन्हें जीवन में शिक्षा के मूल्य को समझाया गया तथा उन्हें यह बताया गया कि शिक्षा ही एक मात्र रास्ता है अपने जीवन को बदलने के लिए। तथा एनएसयूआई के द्वारा अनाथ आश्रम के संचालक से यह भी वादा किया गया की एनएसयूआई आगे भी उनके लिए सहयोग को तत्पर रहेगी और महीने में चार दिन संघटन के लोग आकर बच्चों को शिक्षा देने का काम करेंगे ।मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, एनएसयूआई के विश्वविद्यालय नेता जयप्रकाश सिंह, समाजसेवी मौशिम शेखावत, अमन प्रसाद, सौरव कुमार, राजीव कुमार वह अन्य नेतागण मौजूद थे।

## बीसीसीएल कर्मी को अवैध कोयला कारोबारियों की धमकी, भुक्तभोगी ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया विधानसभा क्षेत्र में अवैध कोयला का धंधा करने वाले लोगों का हौसला सातवें आसमान पर जा पहुंचा है। अगर गलती से भी कोई स्थानीय लोग अपने मोबाइल के कैमरे मे इनकी करतूतों को कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दे तो समझ लीजिए उनके जान पर शामत आ जाती है। कोयला चोरों द्वारा लगातार वीडियो सार्वजनिक करने वाले लोगों को भद्दी भद्दी गालिया दी जाती है। इतना ही नहीं उन्हें जान से मारने की धमकी तक दे दी जाती है।ऐसे ही मामला झरिया के बीसीसीएल लोदना एरिया नंबर 10 के जयरामपुर कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर विराजमान धर्मेंद्र सिंह को भी धमकी का सामना करना पड़ा है। पीड़ित ने पूरे मामले को लेकर स्थानीय पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। भुक्तभोगी बीसीसीएल कर्मी धर्मेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अवैध कोयला कारोबार करने वाले गिरोह के विरोध में मामला दर्ज होने से अवैध कारोबारी के गुर्गे ऑफिस पहुंच जान से मारने की धमकी दी है। जिसके बाद परेशान पीड़ित धर्मेंद्र सिंह व उनके परिवार ने स्थानीय थाना व बीसीसीसीएल प्रबन्धन से जानमाल की सुरक्षा की लगाई गुहार है।सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोदना प्राचिन काली मंदिर 12नंबर स्थित 19 जनवरी को गुप्त सूचना के अधार पर सीआईएसएफ के टीम ने छापामारी कर अवैध कोयला लोड बीआर 26 जी ए 4983 ट्रक को जप्त कर लोदन ओपी को सौंपते हुए मामला दर्ज करने का काम किया था। जहां घटना की जानकारी मिलते ही कई पत्रकार घटनास्थल पहुंच कर समाचार सलग्न कर प्रकाशित करने का काम किया था।जिसको लेकर अवैध कारोबारियो ने धर्मेंद्र सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि तुम्हारे वजह से हमरा कारोबार चौपट हो गया है जिसका वजह तुम हो ऐसा कहते हुए मेरे ड्यूटी के दौरान ऑफिस पहुंच गाली गलौज करते हुए धमकी भरे लब्ज़ में नुक्सान का खामियाजा चुकाने पड़ेगा ।

## आज तेलमोचों दामोदर नदी घाट से चिटाही धाम तक श्री राम महायज्ञ के लिए होगा भव्य कलश यात्रा

### 4 फरवरी से 12 फरवरी तक किया गया है भव्य श्री राम महायज्ञ का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा विधान सभा अंतर्गत श्री श्री रामराज मंदिर चिटाही धाम टुण्डू मे होने जा रहा श्री राम महायज्ञ को लेकर धनबाद सांसद सह यज्ञ के मुख्य यजमान ढुलू महतो और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि देशवासी व राज्यवाशीयो ओर आस पास के जितने भी रामभक्त हैं आज सुबह 6 बजे कलश यात्रा के लिए महुदा के तेलमोचों दामोदर नदी घाट होगा। सारी तैयारी पूरी कर ली गई हे, 4 फरवरी को होने वाले कलश यात्रा मे शामील होकर पूण्य के भागी बने कलश यात्रा महुदा के तेलमोचों दामोदर नदी घट से शुरू होगा एवं होने वाले राम कथा में शामील होकर पूण्य के भागी बने । साथ ही उन्होंने कहा कि सभी आने वाले भक्तों के लिए भंडारा की व्यवस्था है। सभी राम भक्त 4 फरवरी से 12 फरवरी 2025 तक पहुंचे। तेलमोचों दामोदर नदी घाट में तैयारी की जायजा लेने महुदा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार और महुदा इंस्पेक्टर ममता कुमारी पहुंचे और सभी चीजों का बारीकी से निरीक्षण किया। वही दामोदर नदी से चिटाही धाम यज्ञ स्थल तक रस्ते में लाखों झंडे ओर सैकड़ो तरणद्वार बनाए गए हैं। घाट में प्रसाद, झंडा, दूध, आदि के दर्जनों काउंटर बनाए गए है। वही पूछ ताछ केंद्र भी बनाया गया है। भक्त जानो को रस्ते में कलश यात्रा के दौरान कठिनाई नहीं हो इसके लिए हजारों वालेंटियर रखा गया है। रस्ते में पानी, शरबत की व्यवस्था भी रहेगी। यज्ञ के दौरान बंगला यात्रा, कथा, भजन आदि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। यज्ञ के दौरान मेला का भी आयोजन किया गया है। विधायक शत्रुघ्न महतो ने बताया कि सभी रामभक्त ज्यादा से ज्यादा की संख्या में कलश यात्रा व महायज्ञ में पहुंच कर पुण्य के भागी बनें।




## पानी-बिजली उपभोक्ता मंच ने किया झमाडा का पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** पिछले आठ दिनों से पानी नहीं मिलने से गुस्साई जनता ने आज सड़क पर उतरकर अपनी भड़ास निकालते हुए झमाडा का पुतला दहन किया। इस दौरान लोगो ने झमाडा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वल्व ऑपरेटर कामेश्वर को हटाने की मांग की। विदित हो कि झमाडा जल सयंत्र में मरम्मत कार्य के लिए 27 जनवरी से जलापूर्ति बंद था। बताते है कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद जलापूर्ति शुरू होने के बावजूद क्षेत्र के 18 इंच कनेक्शन से जुड़े एक बड़ी आबादी को एक हफ्ते बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। जिससे लोगो का गुस्सा आज फुट पड़ा और सड़क पर उतरते हुए झमाडा का पुतला दहन कर दिया। पुतला दहन कार्यक्रम पानी-बिजली उपभोक्ता मंच के शुभाशीष रॉय की अगुवाई में की गई जिसमें अभिमन्यु राम, उपेंद्र शर्मा, मनोज प्रसाद, मिलान दत्त, गुफरान खान, मुख्तार अंसारी, सलीम इराकी, अली असगर, मंसूर अंसारी, कल्लू मिस्त्री, संजय पांडे, राम नारायण राय, समीर गुहा आदि शामिल थे। इस संबंध में झमाडा के अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया कि लोगो को पानी नहीं मिलने की शिकायत पर आज सुबह दस बजे से ही 18 इंच में पर्याप्त प्रेसर के साथ पानी चलाया जा रहा है जो कि रात भर चलेगा। हालांकि समाचार लिखे जाने तक करीब दस घन्टा बीत जाने के बावजूद कई उपभोक्ताओं के घर तक पानी नहीं पहुंचा है। लोग इसका कारण वल्व ऑपरेटर की मनमानी बता रहे है।



# भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है, इसका संगठन चुनावी प्रक्रिया से चलता है : किशुन दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी कोई जाति या परिवार की राजनीति पार्टी नही यह देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है,और इसका संगठन चुनाव के आधार से चलता है। उक्त बातें लोहरदगा भाजपा जिला सांगठनिक चुनाव पर्यवेक्षक सह सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास ने सोमवार को जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में आयोजित सांगठनिक चुनाव पर्व पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि ने कहा। कार्यक्रम की शुरुवात पार्टी संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवम श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवम दीप प्रज्ववलन के उपरांत सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत गा कर किया गया।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता से ही




संगठन चलता है, उन्हें निस्वार्थ भाव से संगठन को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर से मिले जिम्मेवारियों को हमे समय सीमा के अंदर प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना होता है। वहीं जिला चुनाव अधिकारी सह प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद अब बारी है बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सांगठनिक चुनाव करा कर पार्टी का विस्तार करना।उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया बूथ स्तर से प्रारम्भ होगी।इसके लिए मण्डल, पंचायत एवम बूथ चुनाव प्रभारी नियुक्त करने हेतु 5 से 7 फरवरी तक मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी समितियों में आवश्यक रूप से एक निश्चित अनुपात में महिला कार्यकर्ताओ को जोड़ने की भी बात कही। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने अपने संबोधन में माध्यम परिवार के लिए पेश किए गए बजट के लिए वित्त मंत्री सीता रमन एवम प्रधान मंत्री को बधाई दी वही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा झारखंड में यूसीसी एवं एनआरसी किसी भी कीमत पर लागू नही करने की बात की निंदा करते हुए कहा कि झारखंड सरकार बांग्लादेशी घुसपैठिय को वोट बैंक के लिए सरंक्षण देना चाहती है। उन्होंने कहा कि विधान सभा एवम लोक सभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओ ने कड़ी मेहनत की है।जिससे हमारा वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है।आने वाले चुनावों में हम निश्चित रूप से सफलता हाशिल करेंगे।कार्यशाला का संचालन जिला सह चुनाव प्रभारी बाल कृष्णा सिंह एवम धन्यवाद ज्ञापन जिला सदस्यता प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज द्वारा किया गया। मौके पर बिंदेश्वर उराँव, राजकिशोर महतो, ओम सिंह, आजाद शत्रु, अजय पंकज, ओम गुप्ता जितेंद्र महतो राकेश प्रसाद, जगनन्दन पौराणिक, अनिल उराँव पशुपति नाथ पारस, संजय अग्रवाल, विजय सोनी, सरिता देवी, मीणा बाखला, मिथुन तमेडा, बाल्मीकि कुमार, विवेक सोनी विवडक चौहान, सामेला भगत, राजकिशोर साहू, रामकुमार खेरवार, राजकुमार मुंडा, सरस्वती देवी, पंकज कुमार भारती विश्वजीत भारती, कृष्णा मोदी, राजेन्द्र यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता जितने के लिये टीम के अंदर आपसी तालमेल जरूरी : विधायक भूषण बाड़ा

➲68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के बालक बालिका हॉकी में झारखंड की टीम बनी चैंपियन

➲विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2024-25 के हॉकी प्रतियोगिता का रविवार को समापन किया गया। हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने हॉकी स्टिक पकड़ कर हॉकी गेंद को सटीक से नचाते हुए भी नजर आए। हॉकी प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका दोनों वर्ग के फाइनल में झारखंड के खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला। बालक वर्ग में झारखंड ने चंडीगढ़ को 1-0 गोल से हराकर चैंपियन बना। जबकि बालिका वर्ग में झारखंड ने ओडिशा को 7-1 गोल से हराकर विजेता बनी। दोनों ही वर्ग के विजेता और उप विजेता टीम को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने टॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने विजेता टीम को बधाई दी। वहीं उपविजेता टीम को अपने टीम की कमजोर कड़ियों को पहचानते हुए अपनी खेल प्रतिभा को और अधिक कड़ी मेहनत के साथ निखारने की अपील की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार की खेल नीति का असर दिख रहा है। आज झारखंड को हर खेल में मेडल मिल रहा है। हॉकी खेल के मामले में तो झारखंड का प्रदर्शन हमेशा उम्दा रहा है। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि आज खेल और खिलाड़ियों को महागठबंधन सरकार आगे बढ़ाने का काम कर रही है। आज देश मे खेल के क्षेत्र में रोजगार के कई अवसर है। आप सभी खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल रहे हैं। लेकिन अपनी खेल प्रतिभा में और अधिक निखार लाने के लिए प्रयास करें। क्योंकि आज खेल के क्षेत्र में भी बहुत ज्यादा कंपटीशन है। आपकी छोटी से कमजोरी भी अन्य खिलाड़ियों से पीछे धकेल सकती

# बिंधाईनटोली के पल्ली पुरोहित को डीन बनाये जाने एवं खंजालोया के पल्ली पुरोहित सह डीन के स्थानान्तरिक होने पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने दोनों डीन को किया सम्मानित

➲स्वागत सह विदाई समारोह के बाद धर्मप्रान्तीय काथलिक महिला संघ और काथलिक सभा के सफल आयोजन को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खंजालोया पल्ली के पल्ली पुरोहित सह डीन फा गाब्रियल के स्थानांतरण जामपानी पल्ली में होने पर विदाई समारोह एवं बिंधाईनटोली के पल्ली पुरोहित फा हरमन खलखो को भिखारीयेट का डीन बनाये जाने पर विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य सह काथलिक महिला संघ की सभानेत्री जोसिमा खाखा ने दोनों पुरोहित को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही दोनों के सुखमय जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद धर्मप्रान्तीय काथलिक महिला संघ एवं काथलिक सभा की बैठक हुई। बैठक में तुमडेगी में 8 व 9 मार्च को होने वाले धर्मप्रान्तीय काथलिक महिला संघ के वार्षिक सम्मेलन पर चर्चा की गई। वहीं तामड़ा में होने वाले काथलिक महिला संघ एवं क्रुसकेला में होने वाले काथलिक युवा सम्मेलन पर चर्चा की गई। जोसिमा खाखा ने कहा कि सभी के सहयोग से ही वार्षिक सम्मेलन सफल होगा। इसके इसके लिए काथलिक महिला संघ एवं काथलिक सभा के सभी सदस्यों की अहम भूमिका होगी। सम्मेलन को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू कर दें। हम सभी को सम्मेलन को भव्य रूप देने का प्रयास करना है। ताकि इस बार का सम्मेलन ऐतिहासिक हो। बैठक में फा प्रवीण, फा पौलुश, लुसियान माइकल खड़िया, जोसेफ बिलुंग, अल्बर्ट, अनिल, जोसेफा सोरेंग, कर्मेला कुल्लू, सुनीता, नीलिमा मिंज, मैक्सिमा मिंज, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला कुजूर, निर्मला, दिब्या, तरसिला खड़िया, जया, ख्रीस्टोफर सहित काथलिक महिला संघ एवं काथलिक सभा के सदस्य उपस्थित थे।

# ई फाईलिंग एवं डिजिटल कार्य को बढ़ावा देने के लिए अधिवक्ताओं व लिपिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ई कमिटी सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं जूडिशल एकेडेमी रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में आज 50 अधिवक्ताओं एंव अधिवक्ता लिपिक को ऑनलाइन फाईलिंग एवं ई कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा सचिव श्री राजेश कुमार, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा,एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डी एस ए महेश प्रसाद सिन्हा, अधिवक्ता संघ के सचिव श्री लाल दीपक कुमार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अधिवक्ता सह मध्यस्थ श्री हेमंत कुमार सिन्हा,




एलएडीसीएस चीफ श्री नसीम अंसारी और जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर सिविल कोर्ट श्री महेश प्रसाद सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षकों ने बताया कि भारतीय न्यायपालिका में एक समान सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सक्षमता का विचार भारत सरकार द्वारा 2004 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आरसी लाहोटी की सिफारिश पर ई-समिति के गठन के साथ ही मजबूती से स्थापित हो गया था। जिसके बाद ई-समिति ने अगस्त 2005 में भारतीय न्यायपालिका में आईसीटी के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना तैयार की। जिसे मुख्य न्यायाधीश ने विधिवत मंजूरी दी। वहीं उन्होंने बताया कि वर्तमान में फाइलिंग की प्रक्रिया फिजिकल मोड में होती है। लेकिन ई कोर्ट के तहत फाइलिंग डिजिटल मोड में होगा। जिसके लिए सभी अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक को पंजीकृत होना आवश्यक है। जो अधिवक्ता या अधिवक्ता लिपिक पंजीकृत नहीं होंगे उन्हें फाईलिंग करने में समस्या उत्पन्न होगी।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन उत्सव माघ मास के शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्यौहार बसंत ऋतु के आगमन का संदेश देते हुए ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। प्रातः कालीन सरस्वती पूजन के उपरांत रामचरितमानस प्रतिवर्ष की भांति अखंड पाठ का आयोजन शुरू हुआ। विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद,उपाध्यक्ष विनोद राय सपरिवार उपस्थिति हुए। मां सरस्वती का पूजन पंडित जनार्दन मिश्रा के द्वारा संपन्न हुआ। वहीं पूजनकर्ता कक्षा नवम के भैया-बहन एवं आचार्य-दीदी जी थे। नगर के नागरिक प्रसाद पाने के लिए लगातार आते रहे।

## संगठन विस्तार को लेकर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय आवश्यक बैठक 9 फरवरी को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 9 फरवरी 2025 को मैक्लुस्कीगंज, खलारी, रांची में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, आदरणीय सुदेश कुमार महतो जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में रांची जिले के 18 प्रखंड, लोहरदगा के 7 प्रखंड, गुमला के 12 प्रखंड, सिमडेगा के 10 प्रखंड तथा खूंटी के 6 प्रखंडों के पदाधिकारी एवम सदस्य भाग लेंगे। साथ ही रांची महानगर के 53 वार्ड, खूंटी नगर के 16 वार्ड, सिमडेगा नगर के 20 वार्ड, गुमला नगर के 12 वार्ड और लोहरदगा नगर के 23 वार्डों से कुल 134 वार्डों के पदाधिकारी एवम सदस्य आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, पांचों जिलों के केंद्रीय पदाधिकारी एवम सदस्य, जिला पदाधिकारी एवम सदस्य, नगर पदाधिकारी एवम सदस्य, प्रखंड पदाधिकारी एवम सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक के प्रमुख बिंदु संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। युवाओं को पार्टी से जोड़ने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा होगी। नगर इकाई के आगामी चुनावों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। डिजिटल प्रचार-प्रसार को और प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा होगी। सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने-अपने जिलों के अंतर्गत आने वाले सभी पदाधिकारियों को बैठक में शामिल होने की सूचना दें और उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। यह जानकारी केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने दी।

## भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजा

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक भक्तिभाव से विधा की देवी मां सरस्वती का पूजा सम्पन्न हुआ। वही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालय में और गांव कस्बा सहित विभिन्न जगहों में तथा चौक चौराहों पर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर छात्र छात्राओं और युवा युवती तथा बच्चों द्वारा भक्तिभाव से हर्षोल्लाष से विद्या की देवी मां सरस्वती का पुजा अर्चना किया गया। वही पूजा के उपरांत मंगलवार को माता सरस्वती की प्रतिमा को विभिन्न नदियों,तालाबों और जलाशयों में विसर्जित की जायेगी।

# केंद्र सरकार कुंभ के मामले में निष्ठुर, असंवेदनशील एवं सनातन विरोधी है : सांसद सुखदेव भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने आज संसद परिसर में एबीपी एवं एएनआई के पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ की घटना सामान्य घटना नहीं है। यहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गया है। सरकार मृत्यु की संख्या नहीं बता रही हैउनके परिजनों को शव नहीं दिया गया है। ये माननीय पक्ष की दृष्टिकोण से इस बातों को सरकार को चर्चा में लानी चाहिए क्योंकि संसद का सत्र चल रहा है। कांग्रेस ने इस मामले में कार्य स्थगन का प्रस्ताव लाया लेकिन सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह असंवेदनशील एवं निष्ठुर सरकार है। सरकार के प्रवृत्ति से यह सरकार सनातन विरोधी है। 12 वर्षो के बाद कुंभ आता है तो क्या सरकार 12 वर्षो के बाद चर्चा करायेगी जबकि सरकार को चलते सदन में चर्चा करानी चाहिए। राष्ट्रपति अभिभाषण में यह सब बातें तो आएगी ही लेकिन कुंभ के मामले में स्पेशल चर्चा कराने की मांग कांग्रेस ने किया क्योंकि इस प्रकार की घटना घटी है। यह घटना सरकार की नाकामी है, सरकार ने अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर इस मुद्दे से भाग कर पलायनवादी दृष्टि अपना रही है। मीडिया के उन लोगों ने जो सत्य को उजागर करने का काम किया था उनके साथ सरकार ने क्या रवैया अपनाया यह सभी जानते हैं। इसलिए मैं कहूंगा कि केंद्र सरकार कहीं ना कहीं निष्ठुर, असंवेदनशील एवं सनातन विरोधी है।

**सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू ने पेशरार के सांगोडीह में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन**

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराना सांसद सुखदेव भगत की पहली प्राथमिकता : साजिद अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पेशरार-लोहरदगा :** सुदूर जंगलवर्ती पठारी क्षेत्र पेशरार अंतर्गत ग्राम सांगोडीह में लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू ने आज 25 केबी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि सांसद सुखदेव भगत ने ग्रामीणों के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए अपने प्रयास से पेशरार प्रखण्ड अंतर्गत सीराम पंचायत के संगोडीह में 25 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन से पूर्व गांव के पहान के द्वार पारम्परिक रीती रीवाज के साथ पूजा अर्चना के उपरांत सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष असलम अंसारी, एसटी शेल के प्रखण्ड अध्यक्ष दयानन्द उरांव, द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर



उद्घाटन किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण ग्राम वासियों को विभिन्न बिजली संबंधित कार्य करने में काफी परेशानी हो रही थी बच्चों का लिखाई पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बाधित हो रही थी। अब न्यू ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में उजाला रहेगा और विभिन्न परेशानियों से छुटकारा मिल पाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान कराना सांसद सुखदेव भगत जी की प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो, उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। इस अवसर पर काफ़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं परुष उपस्थित थे। सभी ने सांसद सुखदेव भगत जी का आभार व्यक्त कियाकिया। आभार व्यक्त करने वालों में कर्मचंद सिंह खेरवार, सकलदीप सिंह खेरवार, सीताराम सिंह खेरवार, बृजकिशोर सिंह खेरवार, टेपा सिंह, जुगेसार सिंह, मांडे सिंह, जगु सिंह, बैजनाथ सिंह, सजित सिंह, फुल्का देवी, हिरामनी देवी,सरिता, फूलकुमारी, प्रमिला, सुनेसर भुइयां, अर्जुन सिंह खेरवार, ज्याऊदीन अंसारी, नकुल सिंह, बुधदेव भगत, रंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, मोती सिंह, रामधनी राम आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**माँ शारदे कहाँ तू वीणा बजा रही हो, किस मन जुगां से तू जग को लुभा रही हो के गीत से भक्तिमय हूआ कैरो प्रखंड क्षेत्र**

# कैरो प्रखंड के अनेक सरकारी व निजी संगठनों ने भक्तिभाव से किया माँ शारदे की पुजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 फरवरी सोमवार को वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर कैरो प्रखंड के अनेक सरकारी व निजी संगठनो के द्वारा विद्यादात्री माँ शारदे की पुजा अर्चना भक्तिभाव से की गई। इस अवसर पर प्रखंड के डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय, सी0बी0 एन0 पब्लिक स्कूल, दुर्गा बाडी भवन परिसर, डोल चबूतरा, समेत प्रखंड के सभी पंचायतों मे शैक्षणिक संस्थान व निजी संगठनो के द्वारा माँ शारदे की पुजा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, कलाकारों, संगीतप्रेमियों ने ज्ञान-विज्ञान, विद्या-बुद्धि, कला-संगीत की दात्री माँ शारदे की पुजा अर्चना भक्तिभाव से किया। मौके पर पुरोहित कौशल कान्त त्रिपाठी जी के





द्वारा डा0 अनुग्रह नारायण समेत उपरोक्त सभी संस्थानों पर माँ की पुजा अर्चना के बाद माँ शारदे कहाँ टू बीणा बजा रही हो, किस मन जुगां से तु जग को लुभा रही हो की गीत से भक्तिमय हूआ माहौल। उक्त पुजा के शुभ अवसर पर कैरो थाना के द्वारा पुजा-स्थलों के पास पुलिसकर्मियो की ड्यूटी भी मुश्तैदी के साथ लगाई गई थी। मौके पर डा0 अनुग्रह नारायण के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, जितेन्द्र भुषण कुमार, विनीत कुमार, राजेश साहू, आनन्द कुमार दुबे, राखी उराँव, पवन भगत, नीलम मुंडा समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक छात्र-छात्राओं ने एवं दुर्गाबाडी भवन परिसर व डोल चबूतरा पुजा पण्डाल पर युवको ने माँ शारदे की पुजा-अर्चना भक्तिभाव से किया।

# अकासी पंचायत में आज सिरसी-ता-नाले कंकड़ों लता राजकीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया

**सिरसी-ता-नाले को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जायेगा : चमरा लिंडा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित अकासी पंचायत में आज सिरसी-ता-नाले (दोन) कंकड़ों लता राजकीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सिसई विधायक श्री जिग्गा सुसारन होरो, खूंटी विधायक श्री राम सूर्य मुंडा, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत सभी मुख्य अतिथियों ने सिरसी ता सी




नाले में पूजा-अर्चना कर सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में जानकारी देते हुए में कहा कि पहली बार गुमला जिले में इस प्रकार के राजकीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में इसे और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने कुड़ुख भाषा में भी जनसमुदाय को संबोधित किया और आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान,धार्मिक अधिकारों और उनके उत्थान पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि धर्म समाज को एकजुट करने और शक्ति प्रदान करने का कार्य करता है। इस आयोजन को उन्होंने आदिवासी धर्म और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मंत्री श्री लिंडा ने घोषणा की कि सिरसी ता नाले क्षेत्र को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और इसे राष्ट्रीय स्तर पर कुंभ मेले की तरह मान्यता दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह स्थल आदिवासियों के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता का केंद्र बनेगा, जहां लोग आत्मिक शांति और अपने दुखों से मुक्ति प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि माघ पंचमी के अवसर पर हर वर्ष इस स्थल पर भव्य आयोजन किया जाएगा,जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आदिवासी समाज सदियों से सूर्य, चंद्रमा, धरती, जल, जंगल और प्रकृति की पूजा करता आ रहा है और यही उसकी पहचान का मूल आधार है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, मंगलवार, 04 फरवरी 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### मौद्रिक नीति समिति रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कर सकती है कटौती



**नई दिल्ली :** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में इस हफ्ते होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती होने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई की तीन दिवसीय द्विमासिक एमपीसी बैठक 5 से 7 फरवरी तक चलेगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा 7 फरवरी को बैठक के नतीजे का ऐलान करेंगे।वित्त सचिव तुहिन कांता पांडे ने एक दिन पहले रविवार को जारी एक बयान में कहा कि यह समय ब्याज दरों में कटौती के लिए सही है। उन्होंने कहा कि सरकार राजकोषीय नीति के साथ ही विकास को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है, जबकि महंगाई में घरेलू और बाहरी स्तर पर गिरावट आई है।रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक अन्य बैंको को कर्ज देता है। इस दर में कटौती होने से बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है, जिससे होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की दरें भी घटती हैं। रेपो रेट की दर फरवरी, 2023 से 6.50 फीसदी पर यथावत बनी हुई है। रिजर्व बैंक यदि इस बार 0.25 फीसदी की कटौती करता है, तो यह 6.25 फीसदी हो जाएगी।

### उप महाप्रबंधक ऑफ बड़ौदा ने क्षेत्रीय कार्यालय का किया दौरा



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** वी जी सेंथिलकुमार, उप महाप्रबंधक, प्रमुख-विपणन एवं ब्रांडिंग द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय राँची का दौरा किया गया। इस दौरान राँची क्षेत्र के अंतर्गत सभी शाखा प्रमुखों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठाक के दौरान उन्होने सोशल मीडिया, बैंक के डिजिटल उत्पाद आदि से संबन्धित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्य,अन्य कार्यपालकगण और शाखा के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### ऐतिहासिक पहलः डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना कर ई. विनय मेहता ने रचा इतिहास

# डेडीकेटेड स्पोर्ट्स एकेडमी का हुआ भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 3 फरवरी दिन सोमवार पलामू जिले के खेल प्रेमियों के लिए खास रहा। खास इसलिए कि पलामू की धरती पर डेडीकेटेड स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया गया। डेडीकेटेड सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड साइंस ने पलामू के खेल प्रेमियों के लिए नई सौगात के रूप में डेडीकेटेड स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारंभ पलामू मेडिकल कॉलेज के सामने मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के कैंपस में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद भारत सरकार के प्रमुख सदस्य एवं पंचायती राज्य परिषद के अध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने डेडीकेटेड स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलन करके किया। उन्होंने कहा, पलामू प्रमंडल के खिलाड़ी और खेल प्रेमियों के लिए डेडीकेटेड सोसाइटी के संस्थापक आईआईटी गुरु इंजीनियर विनय कुमार मेहता के द्वारा शैक्षिक क्षेत्र में किए गए अनेकानेक अभिनव प्रयोगो की श्रृंखला में एक और माइलस्टोन की ओर बढ़ता कदम डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकैडमी का विद्यादायिनी मां सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रारंभ होना वाकई पूरे पलामू प्रमंडल के लिए बेहद गौरवशाली होने का क्षण है। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पलामू क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर सिंह भी मौजूद थे।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पलामू के लिए खेल में एक नई सौगात प्रारंभ हुई है। सारे खेल प्रेमी अपने विभिन्न खेलो में रुचि के अनुसार इस अकादमी के तहत खेल की दिशा में एक नई आवाम दे सकते हैं।

### पलामू के बच्चों को नेशनल लेवल का खिलाड़ी बनाना डेडीकेटेड स्पोर्ट्स एकेडमी का मुख्य लक्ष्यः ई. विनय मेहता



डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक इंजीनियर विनय कुमार मेहता ने कहा कि पढ़ते पलामू बढ़ते पलामू की दिशा में थोड़ा सा कसर रह जा रहा था। इसी कसर को पूरा करने के लिए डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। यहां के बच्चों को खेल का उचित माहौल नहीं मिल पा रहा था और ये बच्चे कुंठित रहते थे। यही कारण है कि मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के विशाल कैंपस में स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना की गई है। डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी में सभी तरह के खेलों के गुण सिखाए जाएंगे। नेशनल लेवल के कोच की यहां व्यवस्था की गई है। इंडिया लेवल पर जितने भी खेल है, उन सभी खेलों का यहां आयोजन होगा। यहां के बच्चों को इन सभी खेलों के बारे में जानकारी दी जाएगी और अच्छे कोच के सहारे इन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक विनय कुमार मेहता का कहना है कि आने वाले समय में पलामू के भी बच्चे देश लेवल पर खेलों की दुनिया में अपना परचम लहराएं, यही उनका सपना है।



### नेशनल लेवल के कोच खिलाड़ियों को करेंगे प्रशिक्षित

इन सभी खेलों के मुख्य कोच के रूप में नेशनल लेवल के खिलाडी संजीव कुमार सिंह उर्फ राजा बाबू खिलाड़ियों को बेहतरीन खेल का गुर सिखाएंगे। साथ ही वॉलीबॉल के विशेषज्ञ आर शर्मा और टेनिस और बैडमिंटन के विशेषज्ञ राकेश कुमार की देखरेख में छात्रों को खेल के गुण सिखाए जाएंगे। डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य यही है कि पलामू के बच्चों को खेल प्रतिभा को निखारना है।

### क्वालिटी एजुकेशन के बाद डेडीकेटेड का स्पोर्ट्स की दुनिया में भी धमाल

पलामू सहित पूरे राज्य में क्वालिटी एजुकेशन को लेकर अपनी जलवा बिखेरने वाला डेडीकेटेड अकैडमी ने यहां के बच्चों को खेल में पारंगत बनाने का बीड़ा उठाते हुए डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना किया है। डेडीकेटेड एकेडमी 20 वर्षों तक क्वालिटी एजुकेशन देकर हजारों की संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य अधिकारी पलामू के बच्चों को बनाया है। अब यहां के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की दुनिया में भी पारंगत बनाने के लिए डेडीकेटेड ने अपना पैर आगे बढ़ा दिया है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन बसता है। स्वस्थ शरीर तभी होगा जब बच्चे खेल की दुनिया में आगे रहेंगे। ऐसे भी डेडीकेटेड खेल-खेल में बच्चों को एजुकेशन देता है। डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना से सचमुच बढ़ते पलामू में एक अध्याय और जुड़ गया है।

### खेल के मानक के अनुसार की गई है खेलों की व्यवस्था

डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकैडमी में खेल प्रेमियों और खेल विशेषज्ञों के सुझाव के अनुसार खेल के मानक के अनुसार सभी तरह के खेलों की व्यवस्था की गई है। जिसमें क्रिकेट, नेट प्रैक्टिस ग्राउंड के साथ विस्तृत ग्राउंड बनाया गया है। साथ ही फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेनिस मुख्य है। इसके अलावे आर्मी में भर्ती हेतु बाधा दौड़ की नौ बाधा सहित एथलेटिक्स में भालाफेंक, सिस्कस थ्रो, गोलाफेंक, हाई जंप, लॉन्ग जंप, कबड्डी खो-खो इत्यादि खेलों की बेहतर व्यवस्था किया गया है।

### कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामई उपस्थित

कार्यक्रम में प्रो. एससी मिश्रा, डॉक्टर श्वेता कुमारी, पंकज श्रीवास्तव, श्यामदेव मेहता, वीरेंद्र ठाकुर, हरिवंश प्रभात, भास्कर दुबे, ट्विंकल गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला, आरपी शर्मा, एसकेएल दास, सनत चटर्जी, सुमित वर्मन और चंदन कुमार का गरिमामई उपस्थिति रहा। सभी ने खेलों को नया आयाम देने का संकल्प लिया।

### अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल में कैंसर मरीजों के लिए शुरू होगी कार्ट सेल थेरापी

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल में कैंसर मरीजों के लिए काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर (टी सेल थेरेपी) का क्लिनिकल ट्रायल शुरू किया जाएगा। यहां हर साल 20 हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं, इनमें बड़ी संख्या में मरीजों की हालत अत्यंत गंभीर होती है। नई सुविधा शुरू होने से इन मरीजों के लिए बेहतर इलाज संभव हो पाएगा। सिविल हॉस्पिटल के अनुसार हाल में राज्य के कई हॉस्पिटलों में काइमेरिक टी सेल थेरेपी से कैंसर के गंभीर मरीजों का इलाज किया जाता है। सिविल हॉस्पिटल में यह सुविधा यदि शुरू होती है, तो यह राज्य का पहला सरकारी हॉस्पिटल होगा जहां कैंसर मरीजों को लाभ मिल सकेगा। निजी हॉस्पिटल में इस थेरेपी से इलाज पर 30 से 35 लाख रुपये तक का खर्च आता है। जबकि सिविल हॉस्पिटल में यह न्यूनतम दर पर संभव हो पाएगा। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार इस इलाज की प्रक्रिया हाल में चल रही है। मंजूरी मिलने पर सबसे पहले काइमेरिक टी सेल थेरेपी का क्लिनकल ट्रायल शुरू किया जाएगा। इस थेरपी का इस्तेमाल कैंसर की कोशिकाओं को नष्ट करने में किया जाता है। यह थेरापी कैंसर की इम्युनोथेरपी इलाज का ही एक प्रकार है। इस थेरेपी में टी सेल के रूप में पहचाना जाने वाला रोग प्रतिरोधक कोशिका का उपयोग किया जाता है, जिन्हें लेबोरेटरी में कृत्रिम रूप से बदला जाता है। इसमें कैंसर की कोशिकाओं को पहचान कर उसे नष्ट किया जाता है। ब्लड कैंसर मामले में इसका उपयोग अधिक किया जाता है।

## संगठन पर्व के कार्यों को जिला में करायेगे संपन्न : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी, सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने संगठन पर्व के कार्यों को ज़िलों में संपन्न कराने केलिए जिला चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी की घोषणा की है।डॉ वर्मा के हस्ताक्षर से जारी लिस्ट में पार्टी के सभी 27सांगठनिक जिलों केलिए एक चुनाव अधिकारी (छ्रञ्ह्) और दो जिला सह चुनाव अधिकारी (ष्टश् छ्रञ्ह्) की घोषणा की गई है।सूची के अनुसार रांची महानगर जिला गीता कोड़ा चुनाव अधिकारी और सुनील साहू एवं ओम प्रकाश सह चुनाव अधिकारी, रांची ग्रामीण जिला चुनाव अधिकारी घूरन राम सह चुनाव अधिकारी लक्ष्मण सिंह मुंडा और मनोज चौधरी सह चुनाव अधिकारी,खूंटी जिला में नन्द जी प्रसाद चुनाव अधिकारी और संतोष साहू और गंदौरी गुड़िया सह चुनाव अधिकारी, गुमला जिला केलिए राकेश भास्कर चुनाव अधिकारी एवं सविंदर सिंह और भैरो सिंह खैरवार सह चुनाव अधिकारी, सिमडेगा जिला में किसलय तिवारी चुनाव अधिकारी,दुर्ग विजय सिंहदेव और श्रद्धानंद बेसरा सह चुनाव अधिकारी, लोहरदगा जिला केलिए पवन साहू चुनाव अधिकारी,बिंदेश्वर बेग और बालकृष्ण सिंह सह चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं।पलामू में सुरेश प्रसाद साव चुनाव अधिकारी ,नरेंद्र पांडे और लवली गुप्ता सह चुनाव अधिकारी ,गढ़वा जिला केलिए अमरदीप यादव चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश केसरी और मधुलता सह चुनाव अधिकारी, चतरा जिला मनोज महतो बाजपेयी चुनाव अधिकारी,प्रदीप सिंह,नवीन साह सह चुनाव अधिकारी,लातेहार जिला रामबाबू तिवारी चुनाव अधिकारी हरे कृष्ण सिंह और लाल कौशल नाथ शाह देव सह चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं।हजारीबाग विनोद सिंह चुनाव अधिकारी,कैलाशपति ओझा और टुन्नु गोप सह चुनाव अधिकारी,रामगढ़ सरोज सिंह चुनाव अधिकारी, चंद्रशेखर चौधरी,संजय सिंह सह चुनाव अधिकारी,कोडरमा सुबोध सिंह गुड्डू चुनाव अधिकारी,नितेश चंद्रवंशी और जूही दास गुप्ता सह चुनाव अधिकारी,गिरिडीह शशि भूषण भगत चुनाव अधिकारी, अशोक उपाध्याय और प्रदीप साहू सह चुनाव अधिकारी,धनबाद महानगर अमित मंडल चुनाव अधिकारी ,राजकुमार अग्रवाल और चंद्रशेखर सिंह सह चुनाव अधिकारी,धनबाद ग्रामीण केलिए विनय जायसवाल चुनाव अधिकारी ,जयप्रकाश सिंह और विकास महतो सह चुनाव अधिकारी, बोकारो चुन्नूकांत चुनाव अधिकारी ,वीरभद्र प्रसाद और ईश्वरचंद्र प्रजापति सह चुनाव अधिकारी जामताड़ा बबन गुप्ता चुनाव अधिकारी ,सुकुमानी हेंब्रम मितेश साह सह चुनाव अधिकारी, दुमका शैलेन्द्र सिंह चुनाव अधिकारी ,सुरेश मुर्मू और बबलू मंडल सह चुनाव अधिकारी ,पाकुड़ दिलीप वर्मा चुनाव अधिकारी,मीरा प्रवीण और कामेश्वर दास सह चुनाव अधिकारी,साहेबगंज संजीव जजवाड़े चुनाव अधिकारी,कृष्णा महतो और कृपानाथ मंडल सह चुनाव अधिकारी देवघर राज सिन्हा चुनाव अधिकारी ,दिवाकर गुप्ता और राकेश नरौने सह चुनाव अधिकारी,गोड्डा अभय सिंह चुनाव अधिकारी,अजय साह और अनीता सोरेन सह चुनाव अधिकारी, जमशेदपुर महानगर मनोज कुमार सिंह चुनाव अधिकारी,मिथिलेश सिंह यादव और खेलाराम बेसरा सह चुनाव अधिकारी,पूर्वी सिंहभूम आरती कुजूर चुनाव अधिकारी,सुमन कल्याण मंडल और गुरुचरण रजवार सह चुनाव अधिकारी,पश्चिम सिंहभूम अशोक चुनाव अधिकारी, जगदीश पाट और गोविंद पाठक सह चुनाव अधिकारी, सरायकेला खरसावां जिला केलिए जटाशंकर पांडेय चुनाव अधिकारी ,विजय महतो और देवाशीष राय सह चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं।

### आदेश की पालना करो वरना आयुर्वेद सचिव पेश होकर दें जवाब

**जयपुर :** राजस्थान हाईकोर्ट ने आयुर्वेद चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति से जुडे मामले में अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने 18 फरवरी को आयुर्वेद सचिव को पेश होकर बताने को कहा है कि अदालती आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता आयुर्वेद चिकित्सक को 62 साल की उम्र तक सेवा में क्यों नहीं रखा गया अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि आदेश की पालना हो जाती है तो सचिव को पेश होने की जरूरत नहीं है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश विजेन्द्र सिंह गुर्जर की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अवमानना याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने एलोपैथी चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 62 साल की थी।

## बसंत पंचमी पर देवीपाटन में लगा भक्तों का तांता




**एजेंसी**

**बलरामपुर :** प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में बसंत पंचमी पर सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ जुटी है। सुबह से ही मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है।देवीपाटन-हरैया मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं के वाहनों से जाम की स्थिति न बने। मंदिर परिसर में स्थित मुंडन स्थल पर भी भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद है। मां पाटेश्वरी जी के पूजन के लिए महिलाएं और पुरुष अलग-अलग लाइन लगी है। श्रद्धालु अपने परिवारों के मनौतियों के अनुसार मुंडन समेत विभिन्न मांगलिक संस्कारों को पारम्परिक विधि-विधान से सम्पन्न करा रहे हैं।शक्तिपीठ देवी पाटन में पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां बसंत पंचमी पर मेला लगता है। श्रद्धालुओं के भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर व मेला प्रशासन द्वारा साफ-सफाई सुरक्षा सहित विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक इंतजाम किए गए है।

## एनसीसी कैडेट प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हुए शामिल



**एजेंसी**

**हिसार :** यहां के दयानंद कॉलेज की एनसीसी गर्ल्स बटालियन की कैडेट सीपीएल मोनू ने विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेकर अपने महाविद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया। इस शिविर के अंतर्गत उन्हें प्रधानमंत्री रैली में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ। दयानंद कॉलेज से केवल मोनू का चयन हुआ जबकि पूरे हरियाणा प्रदेश से मात्र 5 कैडेट्स को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चुना गया। इस राष्ट्रीय शिविर के दौरान एक विश्व रिकॉर्ड भी बनाया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने मात्र 2 मिनट में 12 विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। यह मोनू और अन्य कैडेट्स के लिए एक गर्वपूर्ण क्षण था। इस शिविर में मोनू को पूरे भारत के कैडेट्स से मिलने, उनकी भाषा, रहन-सहन, संस्कृति और रीति-रिवाजों को समझने का अवसर मिला। इस अनुभव ने उनकी राष्ट्रीय एकता और विविधता की समझ को और अधिक मजबूत किया। इस उपलब्धि पर दयानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीतसिंह ने सोमवार को मोनू को बधाई दी और इस यात्रा के दौरान हर संभव सहयोग दिया। एनसीसी गर्ल्स बटालियन की केयरटेकर प्रो. मंजू शर्मा ने भी मोनू को मोटिवेट किया तथा उसका मार्गदर्शन किया।

### अंजुमन इस्लामिया बड़ागाई कमेटी का चुनाव संपन्न

**रांचीः** अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के तीन पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया रांची के बड़गाई बस्ती में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। मतदान इंतेजामिया और सदस्यों ने पूर्ण अनुशासन बनाए रखते हुए पारदर्शी माहौल में चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया। मतदान सुबह 08ः00 बजे शुरू हुआ और शाम 03ः45 बजे तक 1353 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान में अपनी रुचि दिखाई। मतदान के लिए दो मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनकी विशेष निगरानी मौलाना मंसूर आलम और हाफिज इमामुद्दीन ने की। सुबह से लेकर मतदान समाप्ति तक चुनाव संयोजक और इंतेजामिया के सदस्यों ने मुस्तैदी से अपनी भूमिका निभाई। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना शुरू हुई। तीनों पदों के लिए कुल 1353 मतदाताओं ने वोट डाले, जिसमें अध्यक्ष पद पर महताब 940 मत पाकर विजयी हुए, जबकि शफीउल्लाह को 327, अब्दुल को 44 वहीं 42 मत अस्वीकार हुआ।

## सिटिजन्स फाउन्डेशन द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सिटिजन्स फाउन्डेशन नें विकास के क्षेत्र में कार्य करते हुए 28 वर्ष पूरे किये हैं. इसके उपलक्ष्य में संस्था द्वारा पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. इस अवसर पर सिटिजन्स फाउन्डेशन द्वारा, 3 फरवरी 2025 को संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्त की जरुरत मरीजों को सरजरी, कैंसर, गंभीर बीमारियों एवं जख्म संबंधी इलाज में होती है. जीवनदान की शुरुआत एक उदार रक्तदान से की जा सकती है. रक्त की आवश्यक्ता हमेशा बनी रहती है. बीते वर्षो में कोरोना के कारण रक्तदान में भारी कमी आई है. इस जरुरत को महसूस करते हुए सिटिजन्स फाउन्डेशन द्वारा यह नेतृत्व लिया गया. इस शिविर में मुख्य अतिथि सुनील कुमार सिंह, प्रमुख सचिव,




नगर विकास विभाग, झारखंड सरकार थे. इसके अलावा जब्बर सिंह (आई.एफ.एस.) और एस. आर. नाटेशा (आई.एफ.एस.) वन विभाग, झारखंड सरकार, विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे.इस शिविर की शुरुआत सिटिजन्स फाउन्डेशन के सी.ई.ओ. गणेष रेड्डी द्वारा अतिथियों के स्वागत से की गई. मुख्य अतिथि सुनील कुमार सिंह, जब्बर सिंह एवं एस. आर. नाटेशा ने अपने संबोधन में सिटिजन्स फाउन्डेशन के इस पहल की सराहना की और सिटिजन्स फाउन्डेशन के 28 वर्षगाँठ पर शुभकामना दी.शिविर में अतुल गेरा एवं उनकी संस्था ÷लाइफ सेवर÷ को समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया. अतुल गेरा नें रक्तदान के महत्त्व पर अपने अनुभव साझा किये. सदर अस्पताल ब्लड बैंक से विभाग प्रमुख डा0 रँजू सिन्हा भी मौजूद थीं. डा0 रँजू सिन्हा नें थैलेसीमिया के मरीजों के लिए रक्तदान के एहमियत पर जोर दिया, उन्होंने बताया कि राज्य में 1200 थैलेसीमिया के मरीज हैं जिनहें रोज 20 यूनिट रक्त की आवश्यक्ता है जिससे उन्हें जीवनदान मिलता है. लगभग 110 लोगों नें शिविर में रक्तदान किया जिसमें महिलाओं में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. रक्तदान शिविर से एककृत रक्त को सदर हस्पताल के ब्लड बैंक में जमा किया जाएगा. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिटिजन्स फाउन्डेशन से अमित श्रीवास्तव, हेमन्त तिर्की, प्रिया बारला, सोजोल चक्रवर्ती, चन्द्रशेखर, पिना कुमारी, काजल कुमारी इत्यादी की मुख्य भूमिका रही.